राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-244
लखनऊ, बुधवार 24 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कड़ाई से हो रहा आचार संहिता का पालन : नवदीप रिणवा 03

समाज व देश के लिए की जानी चाहिए राजनीति : राजनाथ सिंह 12

## आजम खां, पत्नी व बेटे को राहत नहीं जमानत अर्जी की सुनवाई छह मई को

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां, पत्नी तंजीम फातिमा व बेटे अब्दुल्ला आजम की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका में दाखिल जमानत अर्जी पर फिलहाल कोई राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने अर्जी की सुनवाई की अगली तिथि छह मई नियत की गई है।

तीनों की तरफ से दाखिल पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ कर रही है। इस मामले में दो दिनों से लगातार बहस होती रही। समयाभाव की वजह से कोर्ट ने इसे अब छह मई तक के लिए टाल दिया

▸ अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाणपत्र का मामला

है। इसके पूर्व इस मामले में याची की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, इमरानुल्ला खा तथा राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव व जे के उपाध्याय ने पक्ष रखा। मामले के अनुसार विधानसभा 2017 के चुनाव में अब्दुल्ला आजम स्वार से विधायक चुने गए। प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी नवाब काजिम अली खां उर्फ नावेद मियां व बाद में भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम की फर्जी जन्मतिथि की शिकायत की।

## चिकित्सा प्रमाण पत्र सही होने पर तबादला निरस्त नहीं कर सकता विभाग

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण मामले में की टिप्पणी

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण मामले में कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद शासन के अधीन एक अधीनस्थ निकाय होने के कारण शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के अंतरजनपदीय स्थानांतरण हेतु शासन द्वारा 2 जून 2023 एवं 29 जून 2023 के शासनादेश द्वारा प्रतिपादित नीति से बाध्य है।

सहायक अध्यापकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण हेतु आवेदन पत्रों पर विचार करते समय बेसिक शिक्षा अधिकारी अथवा बेसिक शिक्षा परिषद मनमाने तरीके से आवेदन अथवा स्थानांतरण निरस्त नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि तबादला के बाद रिलीव हो चुकी शिक्षिका को ज्वाइन कराने से मना भी नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने जस्टिस एम सी त्रिपाठी एवं जस्टिस ए के गुप्ता की खंडपीठ ने यह आदेश शाहजहांपुर में तैनात सहायक अध्यापिका खुशबू चौधरी की याचिका पर पारित किया है। अधिवक्ता की दलील थी कि केवल 29 जून 2023 के शासनादेश में निहित आधारों पर ही याची का स्थानांतरण निरस्त किया जा सकता है एवं याची पर फर्जी अथवा कूटरचित मेडिकल दस्तावेज जमा करने का कोई आरोप नहीं है। एकल पीठ द्वारा भी अध्यापिका का प्रकरण सही पाया गया किंतु किसी प्रकार की राहत नहीं दी गई। लगभग आठ माह से सेवा न कर पा रही सहायक अध्यापिका को राहत देते हुए खंडपीठ ने बीएसए अमरोहा, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद एवं एकल पीठ के आदेशों को रद्द करते हुए 2 सप्ताह के अंदर अध्यापिका के प्रकरण पर पुनर्विचार करते हुए स्थानांतरण आदेश को लेकर युक्तियुक्त आदेश पारित करने का आदेश दिया।

**चार माह तक शिक्षिका को अकारण नहीं कराया ज्वाइन**

एकल जज के आदेश के खिलाफ विशेष अपील दाखिल कर सहायक अध्यापिका के अधिवक्ता का कहना था कि अपने 3 वर्षीय बेटे के हृदय की असाध्य बीमारी से पीड़ित होने के कारण याची द्वारा 02 जून 2023 के शासनादेश के तहत शाहजहांपुर से अमरोहा अंतरजनपदीय स्थानांतरण हेतु आवेदन किया था। जिसको स्वीकार करते हुए याची को अमरोहा हेतु कार्यमुक्त भी कर दिया गया। बीएसए अमरोहा द्वारा 4 माह तक शिक्षिका को अकारण ज्वाइन नहीं कराया गया एवं सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 16 जनवरी 2024 को अपीलकर्ता का स्थानांतरण इस आधार पर निरस्त कर दिया कि याची के बेटे के मेरठ मेडिकल कॉलेज एवं सीएमओ शाहजहांपुर द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र पर सीएमओ की मोहर नहीं लगी है।

### बगैर किताब व यूनिफॉर्म नई कक्षा में बच्चों को प्रमोट करने पर दिल्ली हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले करीब दो लाख बच्चों का बैंक खाता नहीं है जिसकी वजह से उन्हें यूनिफॉर्म, स्कूल बैग और स्टेशनरी खरीदने के लिए राशि का भी भुगतान नहीं किया गया। दिल्ली नगर निगम की इस सूचना के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि छात्र दूसरे क्लास में पढ़ने जा रहे हैं और अगर उन्हें यूनिफॉर्म और किताबें नहीं मिलेंगी तो इससे छात्रों को काफी नुकसान होगा और उनकी पढ़ाई में रुचि खत्म हो जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हेड कांस्टेंबल को सीबीआई ने घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज (मंगलवार) रिश्वत लेते हुए दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल विजय कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह हेड कांस्टेबल शाहदरा थाने में तैनात है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि आरोपित को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक शिकायतकर्ता ने हेड कांस्टेबल पर आरोप लगाया है कि उसने 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। बाद में 20 हजार रुपये लेने को तैयार हो गया। इस शिकायत के बाद सीबीआई ने आरोपित को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते पकड़ लिया। आरोपित के परिसरों की तलाशी ली।

### भारत-पाक बॉर्डर पर गिरफ्तार हुआ पाकिस्तानी घुसपैठिया

**श्रीगंगानगर।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर श्रीगंगानगर में सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा है। अब उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाया जाएगा, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। बीएसएफ के मुताबिक श्रीकरणपुर इलाके के गांव 14 एस माझीवाला और नग्गी के बीच तारबंदी पार करके भारतीय सीमा में घुस रहे घुसपैठिए को जवानों ने ललकारा तो वह रुक गया। बीएसएफ जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घुसपैठिया बहादुर अली (25) पुत्र मोहम्मद हनीफ पाकिस्तान के पाक पत्तन जिले के मोहजा बाहरा का निवासी है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि घुसपैठिए को श्रीकरणपुर सीमा पर पकड़ा गया है। उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाकर पूछताछ की जाएगी।

### सलमान मामला : दो पिस्तौल दस जिंदा कारतूस नदी से बरामद

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने फायरिंग मामले में मंगलवार को प्रयुक्त दोनों पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस मुंबई पुलिस ने सूरत में तापी नदी से बरामद किया है। मुंबई पुलिस सोमवार से सूरत क्राइम ब्रांच पुलिस और मछुआरों की मदद से तापी नदी में पिस्तौल और कारतूस ढूंढ रही थी। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के आवास के बाहर फायरिंग करने वाले मामले में आरोपित विक्की गुप्ता और सागर पाल को कच्छ भुज इलाके से मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तभी से दोनों 25 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में हैं। इन दोनों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उन्होंने हवाई फायरिंग के लिए प्रयुक्त पिस्तौल को सूरत में तापी नदी में फेंक दिया था।

### यह चुनाव संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है : खड़गे

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल में चुनाव प्रचार किया। चेंगानूर में उन्होंने केहा कि हम देख रहे हैं कि भाजपा सरकार संविधान को बदलने पर तुली हुई है। आरएसएस प्रमुख से लेकर वर्तमान सांसद या भाजपा उम्मीदवार तक, वे बयान दे रहे हैं कि एक बार भाजपा को दो-तिहाई बहुमत मिल जाए, तो वे संविधान बदल देंगे, इसलिए वे कह रहे हैं अबकी बार 400 पार। इस बार भारत की जनता मोदी जी को सबक सिखाएगी! उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह चुनाव भारत के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जेठा मैदान में विजय शंखनाद सभा को संबोधित करते हुए कहा

# तुष्टिकरण की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में

एजेंसी



**कोरबा/सक्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा जांजगीर चांपा के सक्त्ती के जेठा मैदान में विजय शंखनाद सभा को संबोधित करते हुए भाई बहन दादा संगवारी को जय जोहर से भाषण प्रारंभ किया। पीएम ने कहा, कोसा कांसा और कंचन की धरती पर आज एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है। कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया था। आप सभी ने इसे स्वीकार करते हुए प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दी है। फिर से आपके पास आशीर्वाद मांगने आया हूं। बहुत सारा काम अब भी बाकी है जिसे पूरा करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मोदी के लिए आप ही मेरा परिवार हैं। अब मुझे बताइए आप लोग तो बहुत उदार है,आशीर्वाद देने वाले हैं। जब जब मैंने आशीर्वाद मांगा मुझे मिला। अब आपसे आग्रह करने आया हूं।

आपको मोदी के लिए एक घंटा निकालना चाहिए ही। सात मई को वोट देने के लिए मोदी के लिए एक घंटा निकालोगे। मोदी को वोट करोगे। रायगढ़ से हमारे छोटे भाई राधेश्याम राठिया को भारी बहुमत से जीताकर मेरी मदद के लिए भेजना है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज मेरे साथ रामनामी मेहरात राम जी मंच पर विराजमान हैं। अपनी भक्ति अपने भजन। कहते हैं रामनामी समाज के पूर्वजों ने डेढ़ सौ साल पहले ही बता दिया था कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कब होगी। मुझे प्राण प्रतिष्ठा का सौभाग्य मिला। अयोध्या के मंदिर की उम्मीद देश छोड़ चुका था। उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया है। कमल वालों ने किया है।पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के लोग हम पर तंज कसते थे। हर चुनाव में हमसे पूछा जाता था, मंदिर कब बनेगा। आए दिन गली मोहल्ले में हमसे पूछा करते थे। हमने उन्हें तारीख भी बताई समय भी बताया निमंत्रण भी भेजा। लेकिन कांग्रेस के सातवें आसमान के अहंकार ने प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण को ठुकरा दिया। वे अपने आपको प्रभु राम से भी बड़ा मानते हैं। छत्तीसगढ़ तो प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। क्या यह छत्तीसगढ़ का अपमान है कि नहीं है। क्या माता शबरी का अपमान है कि नहीं है।

धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद भी पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो वे एक सेकंड भी नहीं लगाएंगे।

भाजपा सबका साथ सबका विकास मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण ही हमारी प्राथमिकता है। कांग्रेस ने 60 साल तक गरीबी हटाओ का नारा दिया और अपने नेताओं की झोली भरती रही। मोदी ने नारा नहीं दिया। हमने 10 वर्ष में 25 करोड़ गरीबी से बाहर निकालने का काम हमने किया है। हमारी नीति ओर नीयत सही है। जब नीयत सही होता है तो नतीजे भी सही मिलते हैं। बीते 10 साल का ट्रेक रिकार्ड भी यही है। हम जो कहते हैं उसे पूरा करने में कमी नहीं रखते। चुनौती को चुनौती के समान पूरा करते हैं।

### आतंकी वारदात के समय सो जाते थे कांग्रेसी : योगी



**अमरोहा, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस सरकार के समय आतंकी वारदात होती थी तो कानों में तेल डालकर सो जाते थे। कहते थे कि हम देख रहे हैं, देखेंगे और आतंकी वारदात कर देताथा। समाजवादी पार्टी ने तो बेशर्मी की हदें पार कर दीं। जिन लोगों ने अयोध्या के राम जन्मभूमि व काशी में संकट मोचन मंदिर पर हमला किया था, उन आतंकियों के मुकदमों को सपा ने वापस लेने का दुस्साहस किया, लेकिन न्यायपालिका ने सपा के इस मंशा को पूरा नहीं होने दिया। कोर्ट ने सपा पर तीखी टिप्पणी की थी कि आज आतंकियों के मुकदमे वापस ले रहे हो और कल बेशर्मी के साथ पद्म पुरस्कार से नवाजकर देश की जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करोगे। न्यायपालिका यह नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा के हसनपुर में जनसभा कर कंवर सिंह तंवर को 'कमल के फूल' चुनाव चिह्न पर वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने हनुमान का जयकारा लगाते हुए कहा कि आज हनुमान जयंती है। हनुमान के आराध्य श्रीराम को अयोध्या में विराजमान करने का कार्य मोदी ने किया है, इसलिए बोलेंगे जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे और कमल खिलाएंगे। 2014 के पहले आतंकी वारदात और बम विस्फोट होते थे। लोग भयभीत रहते थे। 2014 के बाद आतंकवाद को नियंत्रित किया ।

### अलीगढ़ वालों बीजेपी के मंसूबों पर लगा दो ताला : अखिलेश



**अलीगढ़, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार के समर्थन और जनता से वोट की अपील करने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने जमकर भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश ने ताला नगरी अलीगढ़ में जनसभा में आई जनता से कहा कि किसान जानते होंगे पूरे, देश और प्रदेश के किसान दिल्ली जाकर इस सरकार के खिलाफ खड़े हो गए। इन्होंने पुलिस लगा दी, लेकिन हमारे किसानों ने परवाह नहीं की। हजारों शहीद हो गए फिर इन्होंने तीनों काले कानून वापस ले लिए। अब समय आ गया है कि संविधान की बात हो। यह जो गारंटी देते घूम रहे हैं यह गारंटी इस तरह की है जैसे कोरोना में हमसे आपसे थाली बजवाई थी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं अलीगढ़ वालों से कहूंगा एक ऐसा ताला बनाओ जिससे हम सब मिलकर बीजेपी के सभी गलत मंसूबों पर ताला लगा दें। उन्होंने कहा कि यह सरकार जब से आई है हमारा किसान संकट में चला गया। अपनी परेशानी के कारण एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली, क्या जवाब है सरकार के पास ? अखिलेश ने अग्निवीर और नौकरी को लेकर तंज कसते हुए कहा कि सोचिए नौजवान साथियों आपका एक तिहाई जीवन इस सरकार ने बर्बाद किया है।

### केजरीवाल, कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को सात मई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आम आदनी पार्टी नेता श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से संबंधित मामलों की विशेष जज काबेरी बावेजा ने आबकारी नीति से संबंधित मामले की आरोपियों में शामिल भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता और एक अन्य आरोपी चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल समेत तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। श्री केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था।

## लोस चुनाव : अब तक निर्विरोध चुने गए 35 सांसद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पहले लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक पैंतीस उम्मीदवार ऐसे हैं, जो निर्विरोध जीतकर संसद पहुंच चुके हैं। निर्विरोध जीतने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा कांग्रेस के हैं। सपा के हिस्से भी एक चुनाव है, जब डिंपल यादव निर्विरोध जीतकर संसद पहुंची थी। अब बीजेपी भी निर्विरोध सांसदों के चयन वाली सूची में शामिल हो गई है। भाजपा के हिस्से से मुकेश दलाल की बीते सोमवार को एंट्री हो गई, जब उन्होंने सूरत सीट से निर्विरोध जीत हासिल की।

18वीं लोकसभा के लिए दलाल के निर्विरोध चुनाव के पहले 1951 से अब तक संसदीय चुनाव में 34

▸ कांग्रेस की संख्या सर्वाधिक, बीजेपी ने भी खोला खाता

अन्य उम्मीदवारों को बिना मुकाबला जीत हासिल हुई थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले अन्य नेताओं में वाईबी चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर का नाम शामिल है। कांग्रेस के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। सिक्किम और श्रीनगर लोकसभा सीट पर दो बार निर्विरोध निर्वाचन देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीतकर संसद पहुँची थी। उनके पति अखिलेश यादव के उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद सीट खाली हुई थी। अधिकतर उम्मीदवार सामान्य या नियमित चुनावों में निर्विरोध चुनाव जीते हैं जबकि डिंपल यादव समेत नौ नेताओं ने उपचुनावों में निर्विरोध जीत हासिल की है।

**1957 के आम चुनावों में सात लोग जीते थे निर्विरोध**

1957 के आम चुनाव में सात उम्मीदवार निर्विरोध जीते, उसके बाद 1951 और 1967 के चुनावों में पांच-पांच उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की। 1962 में तीन और 1977 में दो जबकि 1971, 1980 और 1989 में एक-एक उम्मीदवार ने बिना विरोध के जीत हासिल की।

### एलडीए का जेई बनकर ठगी करने वाला सैफ रहमान गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण का जूनियर इंजीनियर अर्थात जेई बनकर ठगी करने वाला सैफ रहमान को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंदिरा नगर के बी ब्लॉक निवासी ऋषभ कन्नौजिया से पांच लाख रुपये की ठगी करने के बाद सैफ रहमान और उसके दो साथी मुश्ताक और अनम फरार रहे। गिरफ्तार होने के बाद सैफ रहमान ने गाजीपुर थाना की पुलिस को बताया कि वह एक रिकवरी एजेंट है। निजी कम्पनी के लिए लोगों से लोन ना चुका पाने पर रिकवरी का काम करता है। उसने बसंतकुज में अविनाश का मकान दिलाने के नाम पर ऋषभ से रुपये वसूले, लेकिन वह मकान नहीं दिला सका।

## बंगाल में बीजेपी लगाएगी घुसपैठ पर लगाम

▸ इस बार राज्य की 35 लोकसभा सीटें जीतेगी भारतीय जनता पार्टी

एजेंसी



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यदि 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा के 18 सीटें जीतने से अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, तो इस बार राज्य की 35 लोकसभा सीटें जीतने से निश्चित रूप से अवैध घुसपैठ से मुक्ति की गारंटी मिलेगी।

उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत करणदिघी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने 2019 में भाजपा उम्मीदवारों के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। इसके बाद, अयोध्या में राममंदिर एक वास्तविकता बन गया। अगर इस बार भाजपा के सीटों की संख्या 35 हो जाती है तो पश्चिम बंगाल के लोगों को अवैध घुसपैठ के खतरे से मुक्ति मिल जाएगी। अमित शाह के 20 मिनट के भाषण में घुसपैठ का मुद्दा उन्होंने जोर-शोर से उठाया। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ तीखा हमला करते हुए कहा कि घुसपैठ का विरोध करने की बजाय मुख्यमंत्री वोटबैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही हैं। संदेशखाली में उन्होंने उसी वोटबैंक की राजनीति के कारण महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की। लेकिन महिलाओं द्वारा आवाज उठाने के बाद अधिकारियों को कार्रवाई करने और आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि देश को घुसपैठ के खतरे से मुक्त कराने और वास्तविक शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की जरूरत है।

## लाइनमैन की जान से खिलवाड़ करने वाले एसएसओ व जेई निलंबित

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से मंगलवार को एक संविदा लाइनमैन हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हालांकि किस्मत अच्छी रही कि झुलसकर वह नीचे गिर गया और साथी कर्मचारी ने फौरन नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की जानकारी पर अधिशाषी अभियंता ने लाइनमैन की जान से खिलवाड़ करने वाले एसएसओ और जेई को निलंबित कर दिया और बर्खास्तगी के लिए जांच बैठा दी।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बांदा जनपद निवासी अनिकेत यादव किराए के मकान पर पत्नी नीलम व दो बच्चों के साथ रहता है। अनिकेत गुजैनी सबस्टेशन में सविंदाकर्मी लाइनमैन के रुप में तैनात हैं। मंगलवार को अनिकेत के सर्किल रामगोपाल चौराहा के पास फाल्ट हो गया, जिसको सही करने के लिए वह साथी कर्मचारी प्रदीप उर्फ राजा व ड्राइवर आदेश कुमार के साथ गया था। फाल्ट सही करने के लिए प्रवीण के मुताबिक अनिकेत ने एसएसओ संतोष कुमार से वैष्णवी विहार का फीडर बंद करने के लिए शट डाउन मांगा था। इसके बाद वह जैसे ही लाइन सही करने के लिए खंभे पर चढ़ा तभी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस कर गिर पड़ा।

▸ दोनों की बर्खास्तगी के लिए अधिशाषी अभियंता ने बैठाई जांच

चिंताजनक

### सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की जेलों में कैदियों की बदतर स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा

# जेलों की हालत कैसे सुधारेंगे यूपी-बिहार व छत्तीसगढ़

**राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश**

एजेंसी



**नई दिल्ली।।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की जेलों में कैदियों की बदतर स्थिति पर चिंता जताई है। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एमिकस क्यूरी गौरव अग्रवाल की रिपोर्ट पर गौर करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद डीएम और एसपी कमेटियों की बैठक में शामिल नहीं हुए। कोर्ट ने यूपी, बिहार और छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिवों को निर्देश दिया कि वे दो हफ्ते में इस बात का हलफनामा दें कि वे जेलों की हालत सुधारने के लिए कैसे कदम उठाएंगे।

गौरव अग्रवाल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 16 राज्यों की जेलों में अत्यधिक भीड़ है। इन राज्यों की जेलों में महिला कैदी काफी बुरी स्थिति में हैं। उन्हें न तो चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है, न ही साफ-सफाई का वातावरण। गौरव अग्रवाल ने यूपी के 74 जेलों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य की जेलों में क्षमता बढ़ाने और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार की काफी जरूरत है। गौरव अग्रवाल ने बिहार के 59 जेलों में अत्यधिक भीड़ पर भी चिंता जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार की जेलों में बुनियादी मानव अधिकार भी कैदियों को उपलब्ध नहीं हैं। रिपोर्ट में पंजाब और छत्तीसगढ़ की जेलों की हालत पर भी चिंता जताई गई है। बता दें कि 16 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की जेलों भीड़ को कम करने के लिए जिला स्तरीय कमेटियों के दायरे का विस्तार कर दिया था, जिनका गठन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से किया जाना है।

कोर्ट ने निर्देश दिया था कि ये कमेटियां जेलों में बंद महिला कैदियों की समस्याओं पर भी गौर करेंगी। कोर्ट ने 09 फरवरी को देशभर की जेलों में बंद महिला कैदियों के गर्भधारण की चिंताजनक संख्या पर स्वतः संज्ञान लिया था। दरअसल कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका के जरिये पश्चिम बंगाल की जेलों और सुधार गृहों में महिला कैदियों के गर्भवती होने की परेशान करने वाली प्रवृति के बारे में बताया गया। इसके पहले 30 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने जिला स्तरीय कमेटियों के गठन का निर्देश दिया था।

इन कमेटियों को जेलों में मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर का आकलन करने और जेलों में दूसरी अतिरिक्त सुविधाओं की जरूरतों का निर्धारण करने को कहा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इन कमेटियों में डिस्ट्रिक्ट जज, जिला विधिक सहायता सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, जिला पुलिस अधीक्षक और जेल अधीक्षक शामिल होंगे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# आग लगने से छह दुकानें जलकर राख

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**



विकासखंड अंतर्गत झंडी चौराहे पर आग लगने से लगभग आधा दर्जन दुकाने जलकर राख हो गई। मंगलवार की सुबह झंडी चौराहे पर लगभग तीन बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमे कुर्बान अली, निफराज अली, कादिर अली, तय्यब अली, आसिफ अली की दुकानों सहित राजकुमार का होटल जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार के होटल पर रात में मिठाई बनाने का काम चल रहा था। काम समाप्त होने के बाद होटल मालिक द्वारा भट्टी की आग नही बुझाई गई जिससे आग लगने की बात कही जा रही है।

इस आगजनी की घटना में कुर्बान अली की बिसातखाना की दुकान में लाखों का सामान भरा था बताते हैं दुकान में लगभग एक लाख रुपए की नगदी रक्खी थी जो जलकर राख हो गई। कादिर अली की घड़ी की दुकान थी जिसमे हजारों का माल था तो वहीं आसिफ अली की मोबाइल शॉप थी जिसमे नए मोबाइल के साथ एसेसिरीज का समान भरा था, तय्यब अली की साइकिल की दुकान में नए टायर, ट्यूब व अन्य साइकिल का सामान जलकर राख हो गया। राजकुमार के होटल में रक्खा खोखा व सारा फर्नीचर जलकर राख हो गया। आगजनी की घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची झंडी चौकी की पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। घटना की जानकारी मिलने पर हल्का लेखपाल ने सभी दुकानदारों के हुए नुकसान का जायजा लिया।

# इलेक्शन आइकॉन ने की मतदाता जागरूकता संगोष्ठी

**भीरा खीरी। समृद्धि न्यूज**




मतदाता जागरूकता की कड़ी में इलेक्शन आइकॉन एस पी सिंह विधान सभा क्षेत्र गोला के जंगल में बसे गांव वन टांगिया पहुंचकर मतदाताओं से बात की एवम 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने हेतु अपील की।

जिला निर्वाचन कार्यालय लखीमपुर खीरी एवम स्वीप नोडल मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंह के मार्गदर्शन एवम सहायक स्वीप नोडल प्राचार्य डायट/उप शिक्षा निदेशक बृजभूषण चौधरी के निर्देशन में जनपद खीरी में लगातार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं । एक तरफ जनपद के बीएसए प्रवीण कुमारी तिवारी भी अपनी बेसिक टीम के सहारे मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बूथ बूथ जागरूकता पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। बीएसए ने इलेक्शन आइकॉन एस पी सिंह के कार्यों की सराहना कर 13 मई को अपना वोट डालने की अपील की। बताते चले यहां पर 83 परिवार निवास करते हैं और यहां महिला पुरुष मिलाकर कुल 270 मतदाता हैं।

बीएलओ शिव शंकर से मिले और पर्ची वितरण समय से करने की बात कही। बीएलओ ने बताया कि वहां बूथ संख्या 100 में कुल मतदाताओं की संख्या 1284 है। जिसने 671 पुरुष मतदाता हैं एवम 613 महिला मतदान हैं। यहां कुल मतदाता 1284 में से 270 मतदाता वन टांगिया गांव से हैं । एक मतदाता ने यहां तक बोल दिया कि मतदान करने जाने हेतु बताने वाली कोई बात नहीं। हम अपने सभी लोगों से बात करेंगे और 13 मई को मतदान करने अवश्य जाएंगे।

# सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी पहुंची खीरी

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी (आईएएस) को नियुक्त किया गया है।

वह मंगलवार की शाम खीरी पहुंच गई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में प्रत्याशी और राजनीतिक दल प्रातः 11 बजे से प्रातः 12 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या 03 आकर मुलाकात कर सकते है।

वही मा. ऑब्जर्वर के मोबाइल नंबर 9532608135 पर निर्वाचन के संबंध में संपर्क किया जा सकता है।

# जिला टॉपर को डॉ. कौशल ने किया सम्मानित

## माता-पिता के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना ही जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए



**गोला गोकर्णनाथ खीरी। समृद्धि न्यूज**

लखीमपुर जिले की हाईस्कूल मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गोला गोकर्णनाथ की छात्रा को डा.कौशल वर्मा ने सम्मानित किया। सनसाइन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर डा.कौशल वर्मा ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा मे जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तेजस्वी नारायण शर्मा पुत्री कांशीराम शर्मा को उनके आवास पर ज़ा कर सम्मानित किया व माता पिता को बधाई दी। टापर छात्रा को पुष्प ,शील्ड ,प्रमाण पत्र , मिठाई, डायरी कलम,सूक्ष्म सम्मान राशि भेंट की और छात्रा के पिता को गीता भेंट की। छात्रा भविष्य में आईएएस बनना चाहती है जिसके लिए डॉक्टर साहब ने उसका मार्गदर्शन किया और भविष्य मे सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ.वर्मा ने बताया शिक्षा जीवन व व्यक्ति की परिचायक है इसलिये वह हर किसी को शिक्षा के लिये प्रेरित करते हैं। माता पिता के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना ही जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर डा. कौशल वर्मा के साथ एड.अनुज सिंह , प्रभात वाजपई ,व हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहा।

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव पदयात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा पड़रिया तुला में मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया।

पदयात्रा दिव्य ज्योति के साथ पड़रिया तुला के श्री बालाजी पावनधाम से प्रारंभ होकर विभिन्न गांव से होते हुए प्रसिद्ध देवस्थान चौसंधे बाबा पहुंची जहां कमेटी की ओर से व्यापक तैयारियां की गईं। पदयात्रा में सड़कों पर लहराते केसरिया झंडे, घंटों की ध्वनि और बजरंगबली के जयकारों के बीच भजन-कीर्तन की धुन पर नाचते, थिरकते हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब लखीमपुर भीरा राजमार्ग की सड़क पर उमड़ पड़ा। मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकली कीर्तनमयी विराट पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ जहां लोगों ने श्रद्धा भाव से शरबत पानी आदि की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए कर रखी थी। यह पदयात्रा कस्बा पड़रिया तुला के बालाजी पावन धाम मंदिर से निकलकर छह किलोमीटर दूर प्रसिद्ध देवस्थान चौसंधे बाबा मंदिर पहुंची। जहां बजरंगबली के दर्शन पूजन के साथ पदयात्रा का समापन हुआ। हनुमानजी के जन्मोत्सव पर जिधर से भी पदयात्रा गुजरी सैकड़ों लोग इसमें शामिल होते चले गए।

चौसंधे बाबा देवस्थान पहुंचते ही यह पदयात्रा एक जनसैलाब के रूप में नजर आने लगी।कीर्तनमयी पदयात्रा में शामिल लोग हाथों में केसरिया ध्वज लिए हुए थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का घर में मिला शव, हत्या की आशंका

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

अचानक घर के अंदर युवक का शव मिलने से चखरा गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची निघासन पुलिस ने पत्नी को पूंछ तांछ के लिए थाने ले आई और देर शाम पूंछताछ करने के बाद छोड़ दिया। और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई।

वहीं मृतक के रकेहटी निवासी भाई छोटन्न ने बताया की मेरा भाई प्रकाश पुत्र केदारी जो करीब 25 साल पहले रकेहटी गांव छोड़कर रहने के लिए चखरा चले गए थे, और पूरा परिवार रकेहटी में ही रहता है, पड़ोस के ही एक व्यक्ति से अवैध संबंध के

**पुलिस जांच पड़ताल में जुटी, पत्नी को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा**

चलते पत्नी पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए बताया कि मृतक की पत्नी रामबेटी का चाल चलन ठीक नहीं था, इससे पहले भी साजिशन प्रकाश का हाथ भी कट गया था और आये दिन वह प्रकाश से विवाद भी करती रहती थी। जिसके चलते घर के भीतर ही उसकी हत्या कर दी गई।

मृतक की पत्नी रामबेटी ने बताया कि प्रकाश कल शादी में गए थे जहां उन्होंने देर शाम तक शराब पी, गांव में बेहोसी की हालत में पड़े थे। जहां से लेकर आये और सुबह भी शराब पीने गांव में कहीं चले गए। वहां से आकर चारपाई पर लेट गए थे। मंगलवार करीब 11 बजे उनकी मौत हो गई।

इस बाबत निघासन प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनो एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। तहरीर नहीं मिली है। भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।शराब पीने वाली बात सही है। मृतक के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं पाए गए है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत होने का कारण स्पष्ट होगा, जांच पड़ताल की जा रही है।

# खबरें एक नजर में

## हनुमान जन्मोत्सव पर भक्त विश्वनाथ के दर्शन को रवाना



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन से बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए सैकड़ो भक्त आज रवाना हुए। काशी विश्वनाथ समूह के प्रमुख सूरज सिंह ने बताया कि पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हर माह हमारे साथ सैकड़ो भक्त काशी विश्वनाथ बाबा एवं माता गंगा के दर्शन के लिए जाते हैं। सच्ची श्रद्धा मात्र से बाबा विश्वनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। यात्रा में प्रमुख रूप से राघव सिंह महेश मिश्रा करुणेश शुक्ला सभासद सूरज दीक्षित अवनीश शुक्ला प्रभव मिश्रा दिलीप पांडे मोनू सिंह महेश मिश्रा सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** तेज रफ्तार ट्रक ने 57 वर्षीय साइकिल सवार अधेड़ को रौंद डाला। जिससे घटनास्थल पर ही अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। उक्त हादसा कस्बा के मुख्य चौराहे का हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के अंदउमऊ गांव निवासी चंद्रपाल कोरी साइकिल से किसी काम के लिए कस्बा हैदरगढ़ सुबह गए हुए थे। कस्बा के मुख्य चौराहे पर चंद्रपाल कोरी साइकिल से रायबरेली रोड से बाराबंकी रोड की तरफ जा ही रहे थे, कि लखनऊ- बनारस नेशनल हाईवे पर लखनऊ की तरफ से सुलतानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने चंद्रपाल को रौंद डाला। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया हैं। वहीं चंद्रपाल के हादसे में मौत की खबर गांव पहुंचे ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेंज दिया गया हैं।

## 1701 पोलिंग बूथ पर लगाएं गए 2024 लोकतंत्र वृक्ष

**बाराबंकी।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर जनपद के 1701 पोलिंग बूथ पर 2024 लोकतंत्र वृक्ष का रोपण किया गया। लोकतंत्र वृक्ष का संदेश मतदान हेतु सभी को जागरूक करना है। इस लोकतंत्र रूपी वृक्ष को मजबूत बनाने के लिए वोट रूपी जल से सिंचित किया गया। जिससे हमें स्वतंत्रता, लोक कल्याण , समानता , बंधुता , समता, सुशासन, स्वास्थ्य एवं न्याय का फल मिल सकेगा।

## कार्टून के माध्यम से दी गई मतदान की जानकारी

**बाराबंकी।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, देवा की अंग्रेजी विषय की प्रवक्ता कंचन दूबे द्वारा बनाए गए बाराबंकी बी के कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई बुजुर्ग व्यक्ति जो पचासी वर्ष से अधिक उम्र के हैं , वह पोस्टल बैलट की सुविधा प्राप्त करने के लिए कौन सा फॉर्म भरेंगे। बाराबंकी बी द्वारा इसका उत्तर दिया गया है कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता घर से पोस्टल बैलट द्वारा मतदान फॉर्म 12 डी भरकर कर सकते हैं।

## लोकतंत्र के वृक्ष का डीएम ने किया अनावरण

**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन के साथ आज असेनी मोड पर लोकतंत्र के वृक्ष का अनावरण किया। स्वीप गतिविधियों में सहभागिता करने वाले मतदाताओं के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र का क्यूआर कोड तथा लिंक भी जारी किया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस अवसर पर आंगनबाड़ी से पाठशाला की ओर जन जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि जिस प्रकार एक स्वस्थ पर्यावरण के लिए पेड़ आवश्यक है, इस तरीके से मतदान भी हमारे लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित हैं।

# बाल आयोग के हस्तक्षेप पर अध्यापिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




अभिभावक द्वारा समय से शुल्क जमा ना करने पर बालिका को परीक्षा से वंचित कर बाहर खड़ा रखने के मामले में उत्तरप्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आदेश पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कक्षा अध्यापिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

उल्लेखनीय हैं कि थाना लोनी कटरा के कबूलपुर निवासी दिलीप पटेल की बेटी अनन्या पटेल मकनपुर स्थित सूर्या पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा थी। दो महीने की फीस बकाया होने पर बीती 5 फरवरी को स्कूल में आयोजित गणित बिषय की परीक्षा से वंचित कर दिया था ।कमरे से बाहर खड़ा कर बाल मन को ठेस पहुंचाने का भी आरोप है। शिकायत पर उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ के निर्देश जिला अधिकारी के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड़ शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराई। थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि खंड़ शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद की तहरीर पर सूर्या पब्लिक स्कूल मकनपुर की कक्षा तीन की कक्षा अध्यापिका शिवानी शर्मा के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शक्ति केंद्र पर बूथ अध्यक्षों की हुई बैठक

**जैदपुर, बाराबंकी।** शक्ति केंद्र सिद्धौर नगर बूथ अध्यक्ष की बैठक लल्लू रावत की आवास पर आज संपन्न हुई। जहां भारी संख्या मे लोग मौजूद थे। बताते चलें कि पन्ना प्रमुख बूथ अध्यक्ष की बैठक आज सिद्धौर मंडल में संपन्न हुयी इस दौरान भाजपा के तेज़ तर्रार नेता राजन बकशोर मंडल प्रवासी ने कहा कांग्रेस की जमानत जब्त कराकर जैदपुर विधान सभा में भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशी राजरानी की जीत होगी। गठबंधन नहीं ये गठबंधन है कांग्रेस और सपा का नमो निशान नहीं रहेगा। ये दोनों पार्टियां आक्शीशन पर जीवित है। और अब 2024 चुनाव में आक्सीजन भी समाप्त हो जायेगा। इस मौके पर विधानसभा विस्तारक जानकी प्रसाद तिवारी मंडल के मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया आदि बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों आदि लोग मौजूद थे।



## राधा कृष्ण मंदिर से मितौली कस्बे तक निकाली पदयात्रा

**मितौली खीरी।** कस्बा मितौली में हनुमान जयंती के उपलक्ष में मितौली कस्बे में पौराणिक ठाकुर द्वारा राधा कृष्ण मंदिर से मितौली कस्बे में संगीत मयी पदयात्रा का पूर्व ग्राम प्रधान मितौली मास्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर आशीष कुमार गुप्त, अखिलेश कुमार मिश्र नें राम दरबार, भोलेनाथ की झांकी,का पूजन अर्चन कर संगीत मयी पदयात्रा का सुभारम्भ कराया।

कस्बा मितौली स्थित बड़ी बाजार प्राइमरी पाठशाला के निकट पौराणिक ठाकुर द्वारा राधा कृष्ण मंदिर से झांकियों का पूजन कर अर्चन कर यात्रा का शुभारंभ किया गया संगीत मय पदयात्रा गाजे बाजे के साथ मितौली कस्बे में बड़ी बाजार होते हुए विकासखंड मितौली चौराहे से पेट्रोल पंप तक और पूरे कस्बे में जयकारों के साथ बड़े धूमधाम से निकली गई मितौली के पश्चिम स्थित दुर्गा मंदिर हनुमानगढ़ी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सामूहिक आरती, भंडारा ,प्रसाद वितरण के साथ-साथ यात्रा का समापन किया गया।

# कांग्रेस का न्याय पत्र भाजपा की हार की गारंटी: तनुज पुनिया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र भाजपा की हार की गारण्टी है इण्डिया गठबन्धन भाजपा को करारी शिकश्त देगा अपनी हार सुनिश्चित देखकर भाजपा नेताओं ने अपना दिमागी सन्तुलन खो दिया है चुनाव आयोग उनकी भाषा को संज्ञान में लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

इण्डिया गठबन्धन का एक-एक सिपाही चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा है बाबा साहब के संविधान तथा देश के प्रजातन्त्र के साथ कोई साजिस हम कामयाब नही होने देंगे ऐसी ताकतें जो बाबा साहब के संविधान और लोकतन्त्र के लिये खतरा है उनके चेहरे बेनकाब हो गये हैं हम उन्हें शिकश्त देकर संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में इण्डिया गठबन्धन की विजय पताका फहरायेंगे। उक्त उद्गार संसदीय क्षेत्र बाराबंकी के इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम सरसवां, तरावां, गौराभारी मलावां, खिझना, पचघरा, भदरास, रैगवा, जमुवा में व्यापक जनसम्पर्क के दौरान आयोजित संवाद चौपाल में व्यक्त किये जिनकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव तथा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आमिर अयूब किदवई ने संयुक्त रूप से की तथा संचालन केसी श्रीवास्तव ने किया। विकास खण्ड देवां के पूर्व प्रमुख जमील अहमद विशेष रूप से मौजूद थे।

इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र एक आईना है जिसमें देश की लगभग सभी समस्याओं का समाधान हैं।

# किसान की मृत्यु के बाद कानूनगो ने पुत्री के नाम किया वरासत

**किसान की विधवा ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम उमरवल किर्सिया में राजस्व निरीक्षक द्वारा किसान की मृत्यु के बाद भूमि की वरासत विवाहित पुत्री के नाम कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी माया देवी पत्नी स्वर्गीय धनीराम ने उप जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनके पति की मृत्यु 31 जनवरी 2024 को हो गई थी। नियम के अनुसार पति की मृत्यु के पश्चात उनकी जायदाद पर पत्नी व पुत्र का हक होता है परंतु राजस्व निरीक्षक द्वारा भूमि की वरासत माया देवी की विवाहित पुत्री सरोज यादव के नाम कर दी गई जबकि माया देवी की 6 पुत्रियां एवं एक पुत्र में से चार पुत्रियो का विवाह हो चुका है दो पुत्रियां और एक पुत्र अभी भी अविवाहित है। प्रार्थिनी एक विधवा और वृद्ध महिला है उक्त भूमि को राजस्व निरीक्षक द्वारा जालसाजी करके विवाहित पुत्री के नाम वरासत कर दी है जिसका वाद तहसीलदार के न्यायालय में विचाराधीन है।

# कंट्रोल रूम नंबर 05248-222526 पर दें चुनाव में रिश्वत देने लेने की सूचना: डीएम

**बाराबंकी।** जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बन्धित भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171-ख के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिये उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से, नकद या वस्तु के रूप में, कोई परितोष देता है या लेता है, वह एक वर्ष के कारावास या जुर्माने या दोनो से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 - ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी भी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। निर्वाचकों को रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज कराने तथा निर्वाचकों को डराने व धमकाने में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए जनपद की प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 03-03 उड़न दस्ता टीम का गठन किया गया है।

# आवश्यक सेवाओं के कर्मियों के लिए बनेगा पोस्टल वोटिंग सेंटर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

**13 से 15 मई तक पड़ेंगे वोट**

जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में विभिन्न कर्मियों एवं विभागों को आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत अधिसूचित कर दिया है। इन विभागों के कर्मचारी पोस्टल बैलेट की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पोस्टल बैलेट के लिए राजकीय बालिका विद्यालय में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया जाएगा जहां पर दिनांक 13, 14 एवं 15 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से सांय पांच बजे तक पोस्टल वोटिंग होगी। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आवश्यक सेवाओं के कर्मी जो 20 मई 2024 को मतदान दिवस पर अपनी ड्यूटी को कारण मतदान करने की स्थिति में नहीं हैं तथा पोस्टल बैलेट की सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे फार्म 12-डी को भरकर सम्बंधित विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर जमा कर सकते हैं। नोडल अधिकारी इन फार्मों को सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को भेज देंगे। ये फार्म दिनांक 30 अप्रैल तक रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

# छात्राओं ने हथेली पर उकेरे मतदान जागरूकता के सन्देश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में एवं प्रधानाचार्य डॉ सुविद्या वत्स के नेतृत्व में सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा, बाराबंकी की शिक्षिकाओं के सहयोग से छात्राओं ने अपनी हथेली पर मेंहदी से स्लोगन सन्देश उकेर कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। छात्राओं की इस अनोखी पहल की सभी सराहना कर रहे हैं और आने वाली 20 मई को मतदान करने के लिये संकल्प ले रहे है। छात्राओं ने अपने हाथों में सुंदर व आकर्षक डिजाइन में मेंहदी से स्लोगन बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। आने वाली 20 मई, सही समय, मनचाही सरकार चुने, मत प्रतिशत तभी बढ़ेगा, जब बाराबंकी मतदान करेगा। आओ मतदान करें आदि अनेक स्लोगन बनाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम मनाया गया और पौध रोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ सुविद्या वत्स, शिक्षिका अनामिका वर्मा, अंजू रानी, शीतल, नीरज, ललिता, रचना सान्याल, कुमारी सुनीता वर्मा आदि शिक्षिकाएं और सैकड़ो छात्राएं उपस्थित रही।

## सरकारी कार्यालयों में पक्षियों के लिए पीने के पानी की हो व्यवस्था: डीएम

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता के भी उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने सारे सरकारी कार्यालयों के प्रमुखों से कहा कि पक्षियों के पीने के लिए मिट्टी के दिए प्याले आदि को पेड़ों पर लटकाएं और प्रतिदिन उसमें पानी भरवाएं। जिलाधिकारी आज लोक सभागार में जनपद में बाढ़ तथा सूखे की समस्या के समाधान के सम्बंध में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सीडीओ श्री अ. सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने बैठक में कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए नियत समय जो जून से शुरू होता है, जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है, उस कार्य को नियमानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में जो गाँव बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे हैं, उनकी सूची बना ली जाए और कितनी आबादी प्रभावित होती रही है, इसका डेटा भी ससमय अपडेट कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के बाढ़ बचाव के कार्यों से सबक लेते हुए इस वर्ष की तैयारियों को समय पर पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बाढ़ एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से संयुक्त रूप से स्थानीय स्तर पर लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए और कहा कि इस सम्बंध में नियमानुसार कार्य करें। डीएम ने सूखे की स्थिति की समीक्षा के लिए कहा कि पेयजल की उपलब्धता में किसी तरह की कमी न होने पाए। प्याऊ और पीने के पानी की अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

## सूचना

मेरी बीए की मार्कशीट कही खो गई जो कही गिर गई है जो बहुत जो ढूंढने पर नहीं मिली है।

दिव्यांशु मिश्रा
मो. नं. +91 94738 93954

# वित्तीय गड़बड़ी रोकने के लिए हर माह होगी जांच

समृद्धि न्यूज

**महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को दिए निर्देश**

**लखनऊ।** प्राथमिक विद्यालयों में वित्तीय गड़बड़ी रोकने और त्वरित कार्रवाई के लिए विभाग ने नई पहल शुरू की है। विभाग ने तय किया है कि बीएसए बीईओ की ही तरह अब हर माह सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी भी अपने क्षेत्र के स्कूलों का भ्रमण कर वित्तीय मामलों की प्रगति देखेंगे। इस दौरान किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर वे बीएसए को रिपोर्ट देंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के तहत विद्यालय स्तर पर खरीद आदि काम किए जाते हैं। कई बार ऐसा देखने में आया है कि इसमें विद्यालय स्तर पर की गई गड़बड़ी या कमियों की जानकारी उच्च स्तर पर काफी देर से होती है या तब होती है जब कोई अधिकारी विद्यालय में निरीक्षण के लिए पहुंचता है। ऐसे में जब तक मामला उच्च स्तर तक पहुंचता है, कई बार संबंधित अधिकारी व जिम्मेदार बदल जाते हैं। निर्देश दिया है कि सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी हर माह कम से कम पांच शिक्षण दिवस में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के साथ विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान पाई जाने वाली वित्तीय कमियों का उल्लेख करते हुए संस्तुति के साथ संयुक्त रिपोर्ट बीएसए को देंगे। बीएसए इसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए विद्यालय स्तर पर इसके लिए निर्देशों का अनुपालन कराएंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान बीएसए व मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक कंपोजिट ग्रांट के प्रयोग के संबंध में क्रय प्रणाली प्रक्रिया, सामग्री की गुणवत्ता व अभिलेखों का रखरखाव करेंगे। अनुदान के प्रयोग में अनियमितता पाए जाने पर दोषी प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधसमिति के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इसी के साथ जिला स्तर पर अलग से विद्यालयों में हुई खरीद का निरीक्षण किया जाएगा।

## सीवर में गिरने से आठ साल के मासूम की मौत

**लखनऊ।** जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एपीजे अब्दुल कलाम विवि के पास मंगलवार को भंडारे से प्रसाद लेकर बहन और अन्य साथियों के साथ लौट रहा आठ का बच्चा खुले सीवर में गिर गया। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नगर निगम की टीम ने रेस्क्यू करके उसे बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि ये घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है। लगभग तीन घंटे तक चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में सीवर से बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीवर की गहराई 18 फीट थी और बच्चा छोटा था, जिससे उसकी मौत हो गई।

# डीआरएम ने व्यापारी, उद्यमियों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस एम शर्मा यात्री यातायात बेहतर करने और मंडल में व्यापारियों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी क्रम मे उत्तर रेलवे, लखनऊ के मण्डल कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में डीआरएम उत्तर रेलवे, एस.एम.शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट, राहुल वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, रजनीश श्रीवास्तव सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों एवं व्यापारिक केन्द्रों के व्यापारीगण प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने व्यापारियों को रेलवे के साथ व्यापार वृद्धि के लिए प्रेरित किया और व्यापारियों को रेल मार्ग से व्यापार के लाभों की विस्तार से जानकारी दी स इसके अतिरिक्त इस बैठक में व्यापारियों की रेलवे के साथ होने वाली व्यापारिक समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए इनके शीघ्र निस्तारण की दिशा में आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने बैठक मे उपस्थित व्यापारियों से मण्डल द्वारा लदान (लोडिंग) में वित्तीय वर्ष 23-24 में निर्धारित 5.00 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले, 5.18 मिलियन टन लोडिंग की उपलब्धि के बारे मे बताया और लखनऊ मण्डल द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोडिंग के लिए उद्यमियों को शील्ड प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने इस बात पर बल दिया की भविष्य में व्यापार सम्बन्धी ऐसी व्यवस्था को स्थापित किया जाये जिसके अंतर्गत व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरलता पूर्वक संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सिद्धार्थ वर्मा सहित वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दिवंगत सर्वेश सिंह के परिजनों से मिले योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/मुरादाबाद समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए अमरोहा पहुंचे थे, वहां से सीएम मुरादाबाद पहुंचे जहां उन्होंने मृतक भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह के परिजनों से मुलाकात किए। सर्वेश सिंह लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे उनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा था। मतदान की तारीख से 2 दिन पहले ही कुंवर सर्वेश सिंह अपना इलाज कराने के बाद दिल्ली से मुरादाबाद आए थे, और 19 मार्च को मुरादाबाद में लोकसभा के पहले चरण के लिए मतदान किया था। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने मुरादाबाद लोकसभा सीट से कुंवर सर्वेश सिंह को चुनाव मैदान में उतारा था। उनका सीधा मुकाबला सपा की रुचि वीरा से था। 20 तारीख को कुमार सर्वेश सिंह अपना रूटीन चेकअप कराने दिल्ली के एम्स पहुंचे थे जहां अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ी और दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव रतुपुर लाया गया। जहां डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत तमाम विपक्ष के नेता मौजूद रहे। कुंवर सर्वेश सिंह की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सभापुर मुख्य अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने अफसोस जाहिर किया।

### जौनपुर के तदर्थ शिक्षकों को शासनादेश के बावजूद नहीं मिला वेतन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करते हुए बकाया वेतन का भुगतान करने का आदेश 9 नवम्बर 2023 को हुआ था। प्रदेश के अन्य जिलों में तदर्थ शिक्षकों का बकाया भुगतान शासनादेश के क्रम में कर दिया गया किन्तु जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर ने विभाग से मार्गदर्शन दिए जाने के बाद भी नहीं किया है। आज शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेन्द्र देव से मिलने लखनऊ पहुंचे उत्तर प्रदेश माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह का कहना है कि शासन के आदेश के बावजूद डीआईओएस जौनपुर ने भुगतान नहीं किया है। जिस प्रकार से हम तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्त की गई वह न्याय नहीं है। न्यायालय ने 142के विशेषाधिकार द्वारा हमारी सेवाओं को संरक्षण दिया है तथा सरकार को पूर्ण स्वतंत्रता देते हुए कहा है कि इनकी लम्बी सेवा को देखते हुए बाहर नहीं किया जा सकता। सरकार चाहे तो नियमों में संशोधन कर तदर्थवाद समाप्त करे 25-30वर्षों की लम्बी सेवा करने के बाद जब आप को अपनी नौकरी की सर्वाधिक आवश्यकता हो आपकी सेवा समाप्त कर दी जाय और उसका कोई ठोस आधार भी न हो तो आपको कैसा लगेगा।

### फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 29 से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम एफडीपी का आयोजन पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान प्रिट लोहिया भवन अलीगंज लखनऊ में 29 अप्रैल से 03 मई तक किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में 12 राज्यों के 65 फैकल्टी प्रतिभाग करेंगे। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने बताया कि पहली बार राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान प्रिट द्वारा किया जा रहा है। फैकल्टी के क्षमता संवर्धन एवं कार्यकुशलता के दृष्टिगत यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्रालय एवं एनआईसी, नई दिल्ली के वरिष्ठ उच्चाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पंचायती राज मंत्रालय एवं प्रिट के कुशल एवं अनुभवी विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण आवासीय होगा तथा प्रशिक्षण का उद्घाटन 29 अप्रैल को पूर्वाह्न 10 बजे एवं समापन 03 मई को सायं 05 बजे होगा।

### रेलवे क्रॉसिंग पर खराब हुआ गिट्टी लदा ट्रक, रोकी गई ट्रेनें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मोहनलालगंज बाईपास रेलवे क्रॉसिंग पर गिट्टी लदी ट्रक खराब होने से ट्रैक पर आ रही ट्रेनों को जहां-तहां रोक दिया गया। लाइन मैन ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। इस दौरान क्रॉसिंग के निकट भोपाल-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस रोकनी पड़ी। करीब डेढ़ घंटे तक जेसीबी की मदद से खराब ट्रक को रेलवे ट्रैक से हटाया गया। तब जाकर ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका। इस दौरान ट्रेनों में सवार यात्री परेशान रहे। भीषण गर्मी में यात्री ट्रेन के नीचे लाइन किनारे बैठे रहे। इस दौरान क्रासिंग के रास्ते आम लोगों का आना-जाना बंद रहा। पौने नौ बजे ब्लॉक परिसर के सामने रेलवे क्रॉसिंग क्रास कर रहा गिट्टी लदा ट्रक अचानक खराब हो गया। इसी बीच रायबरेली की तरफभोपाल-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस आ गई जिसे रोकना पड़ा। गेट मैन ने रेलवे अधिकारियों व पुलिस को सूचना दी। जेसीबी की मदद से खराब ट्रक को हटाया गया। जिसके डेढ़ घंटे बाद तकरीबन दस बजे ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका ।

### हनुमान जन्मोत्सव पर पूजन यज्ञ का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्राचीन संकट मोचन हनुमान घाट कला कोठी मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर आचार्य राजेश शुक्ला एवं पंडित नीरज अवस्थी, पंकज अवस्थी ने पूजन यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर श्री सुंदरकांड का पाठ सभी भक्तों ने मिलकर किया। विशेष रूप से आयोजन- लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, अंकुर दीक्षित, मोहित शर्मा, गोपाल नाथ शर्मा, मुरारी लाल यादव, राजेंद्र सिंह, वासुदेव पाल, शुभम कश्यप, चंद्र प्रकाश सिंह, रामनारायण, पवन निषाद एवं सभी भक्तों ने धूमधाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया।

# श्रीराम को सदन में पहुंचाए जनता : योगी

## मेरठ से लोकसभा प्रत्याशी अरूण गोविल के पक्ष में सीएम ने की जनसभा

**रोड शो में उमड़ी भीड़, बोला मेरठ - 400 पार में हमारा भी योगदान**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान का मंगलवार को जन्मोत्सव मनाया गया। अयोध्या में भगवान श्रीराम को 500 वर्ष बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान कराने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मेरठ पहुंचे। उन्होंने यहां अपील की कि मेरठ वाले श्रीराम को सदन में पहुंचा दें। उनके इस आह्वान पर मेरठ के मतदाताओं ने 'योगी को जयश्रीराम' कहकर विश्वास दिलाया कि 400 पार में हमारा भी योगदान होगा। मेरठ की सड़कों पर तिल रखने तक की जगह नहीं थी।

रोड शो में बहुसंख्यकों के साथ शामिल अल्पसंख्यक समाज ने भी अपने मुखिया का जोरदार अभिनंदन किया। मेरठ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने रोड शो निकाला। 45 मिनट से अधिक के रोड शो में जहां तक नजर गई, हर तरफ जनसमुद्र ही दिखा। यहां सड़कों पर तिल तक रखने की जगह नहीं थी। हनुमान जयंती पर मंगलवार को निकले योगी आदित्यनाथ के रोड शो ने भीड़ का नया रिकॉर्ड कायम किया। पूरे रास्ते योगी आदित्यनाथ को आश्वासन मिला कि आपने हमें सुरक्षा दी है, हम आपके नेतृत्व में मोदी को मेरठ का ताज देंगे।

क्रांतिधरा मेरठ मंगलवार को भगवामय दिखी। यहां हर तरफ भगवा और भाजपा के झंडे दिखते रहे। बच्चे हों या भाजपा समर्थक, भगवामय होकर योगी आदित्यनाथ को अपना समर्थन देने पहुंचे। बहुसंख्यक समाज के साथ अल्पसंख्यक समाज ने भी योगी का जोरदार स्वागत किया। रोड शो में मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया आदि मौजूद रहे।

### जन्मोत्सव पर योगी ने की हनुमत महाप्रभु की आराधना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सुखदायक और शोक नाशक श्री हनुमान महाप्रभु की विधि विधान से आराधना की। उन्होंने सभी नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देने के साथ ही उनके आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की। लोकसभा चुनाव में पार्टी (बीजेपी) के लिए प्रचार में योगी की प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में भी यह ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। युद्धस्तरीय चुनावी व्यस्तता के बीच सोमवार को अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को गोरखपुर पहुंचे। गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने तथा अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेकने के बाद उन्होंने रात विश्राम गोरखनाथ मंदिर में किया। मंगलवार सुबह योगी की परंपरागत दिनचर्या में हनुमान जयंती पर विशेष आराधना भी शामिल रही। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को होने वाले श्री हनुमत के प्रकटोत्सव के दिन उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में बजरंग बली की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया और आरती उतारी। गोरखनाथ मंदिर में हनुमान जी के दो विग्रह स्थापित हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों विग्रहों के समक्ष आराधना कर हनुमान जी से लोकमंगल की प्रार्थना की। वहीं, प्रातः भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने बच्चों को दुलार किया और उन्हें चॉकलेट दी। श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी लिखा। 'श्री हनुमान जयंती की प्रदेश वासियों एवं सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता, प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, श्री हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। संपूर्ण सृष्टि में सुख-शांति व समृद्धि का वास हो, उनसे यही प्रार्थना है। ओमः हनुमते नम।!



ईवीएम-वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत रैनडमाइज की गई ईवीएम-वीवीपैट को विधान सभागार में रखने की प्रक्रिया का निरीक्षण करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार पहुंचे मोहनलालगंज स्थित ईवीएम वेयर हाउस

### बड़े धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, आयोजित हुआ भंडारा



**मलिहाबाद, समृद्धि न्यूज।** हनुमान जयंती के अवसर पर श्री दयालू बालाजी सरकार मन्दिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हनुमान भक्तों ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम पंचायत भदवाना के ग्राम वाजिदनगर में श्री दयालू बालाजी सरकार मन्दिर बना है। इस मन्दिर पर सोमवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दूसरे मंगलवार को यहां के संस्थापक मोहित यादव (टिल्लन) द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उनके द्वारा दर्जनों कन्याओं की पूजा कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से अंतरात्मा को सकूं मिलता है। इसलिये हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिये। संस्थापक मोहित यादव ने कहा कि बुराई के खिलाफ जीत हासिल करने व सुरक्षा प्रदान करने वाली क्षमता वाले देवता के रूप में पूजा जाता है। हनुमान जी को देवता वायु यानी पवन देवता का पुत्र कहा जाता है। सनातन धर्म के अनुसार सूर्य देव को हनुमान जी का गुरु माना जाता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कालेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# रक्षामंत्री को जिताने के लिए लगानी है दोगुनी ताकत : सुषमा खर्कवाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में फैजुल्लागंज तृतीय क्षेत्र में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को जिताने के लिए अबकी बार दोगुना ताकत लगानी है। अबकी बार पांच लाख पार करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पर दस मतदाता को मतदान केन्द्र पहुंचाना है।

महापौर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लखनऊ में रक्षामंत्री व सांसद राजनाथ सिंह ने विकास कार्यों को कराया है। जिसे जनता भी जानती है। जनता के बीच जाने पर हमें विकास कार्यों को बताना नहीं पड़ता है। जन-जन को हमारे नेताओं के काम रट गये हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को अब मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर फैजुल्लागंज तृतीय के पार्षद प्रदीप शुक्ला, गरिमा, सुरेश पाण्डेय, ओपी विमल, वीके पाठक, राजेश गुप्ता, कुलदीप तिवारी, वार्ड अध्यक्ष आलोक बाजपेई, वार्ड अध्यक्ष प्रकाश लोधी, बूथ अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा, बृजेश शुक्ला, ओमवीर सिंह, अनिल तिवारी, मुकेश निगम, राम प्रसाद वर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एनसीसी विंग ने चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में चारबाग मेट्रो स्टेशन पर पंचानन मिश्रा (डीजी एम जन संपर्क अधिकारी, लखनऊ मेट्रो) तथा अन्य अधिकारीयों की उपस्थिति में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें कैडेट पलक गुप्ता, शुभांगी निगम, आयुशी शर्मा, नैंसी विश्वकर्मा, श्रेया गुप्ता, साक्षी सोनकर, शिवानी वर्मा, सुहानी झा, गौरवी यादव ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले प्रयोग करने, कचरा इधर उधर नहीं फेंकने, ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान ना पहुंचाने का संदेश दिया।

# कड़ाई से हो रहा आचार संहिता का पालन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 22 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4304 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,09,629 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 20,24,188 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 7545 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7582 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3057 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 148 केन्द्रों को सीज किया गया।22 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 05 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 35,356 लोगों को पाबन्द किया गया। 148 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 111 कारतूस व 13 बम बरामद कर सीज किये गये।

### उड़नदस्तों ने जब्त की बड़ी मात्रा में अवैध शराब, नकदी

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 22 अप्रैल तक 31898.16 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये।

### हटाये गए पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,15,42,148 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 70,24,290 तथा निजी स्थानों से 45,17,858 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,65,399, पोस्टर के 32,62,266, बैनर के 19,83,298 एवं अन्य 10,13,327 मामलों में कार्यवाही की। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 6,07,714, पोस्टर के 20,73,486 बैनर के 11,12,054 एवं अन्य 7,24,604 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1274 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 92 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 98 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# यूपी में हीटवेव का असर : अस्पतालों में तेजी से बढ़ रहे डायरिया के मरीज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ समेत यूपी के लगभग सभी जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। लखनऊ में भी पारा 42 से0 के पार पहुंच गया हैं। इस बीच अस्पतालों में भी गर्मी से बेहाल मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ हैं। डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्याओं के बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं।

वहीं विशेषज्ञ इसे हीट वेव का असर मान रहे हैं। इस बीच, मंगलवार को लखनऊ के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में एक बार फिर से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे हैं। इनमें ज्यादातर मरीज बुखार, डिहाइड्रेशन और डायरिया की चपेट में आने के बाद इलाज कराने पहुंचे हैं। लखनऊ के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के सीएमएस के डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभी हीट स्ट्रोक के मरीज नही आये हैं। उल्टी, लूज मोशन और कमजोरी के मरीज बढ़े हैं। राहत की बात ये हैं कि अस्पताल लाने पर उन्हें आराम मिल रहा हैं। ड्रिप चढ़ाने से मरीजों को आराम मिल रहा हैं। वही ऐसे मरीजों के लिए प्लास्टिक ऑयर बर्न वार्ड के बगल वार्ड रिजर्व किया गया हैं। किसी मरीज को कोई परेशानी नही होने दी जाएगी । डॉ. राजेश कहते हैं कि हीट वेव को देखते हुए अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में बुखार, दस्त और उल्टी की दवा, आईपी फ्लूइड और ओआरएस पाउडर जैसी जरूरी चीजों की व्यवस्था की गई हैं। इसके अलावा कोल्ड रूम तैयार किया गया हैं। साथ ही कोल्ड स्पनजिंग की व्यवस्था भी हैं। साथ ही इमरजेंसी को भी अलर्ट किया गया हैं। ऐसी समस्या के किसी भी मरीज को बिना देर किए इलाज शुरू करना हैं। लखनऊ के राजनारायण लोकबंधु संयुक्त अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने गर्मी से बेहाल मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ हैं। कमजोरी और डिहाइड्रेशन की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी हैं।

**लोकसभा चुनाव** — प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों के नाम वापसी के बाद सौ लोग मैदान में

# तृतीय चरण : 10 सीट, 100 प्रत्याशी सात मई को मतदान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी के पश्चात 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। 8-सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से जियाऊर्रहमान, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी सौलत अली, जनता शासन पार्टी से जयगमुल इस्लाम, लोग पार्टी से पवन कुमार, पीस पार्टी से डा राशिद, किसान क्रान्ति दल से सन्तोष, निर्दलीय प्रत्याशियों में अनुज वार्ष्णेय, तौफीक अहमद, महेन्द्र सिंह, मो वसीम पुत्र मो फरीद, वसीम पुत्र मु.शमीम हैं। 16-हाथरस अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अनूप प्रधान बाल्मीकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मिकी, बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह, राष्ट्र उदय पार्टी से डा जयवीर सिंह घनगर, निर्दलीय प्रत्याशियों में जयपाल माहौर, दिनेश सांई, मुन्नालाल जाटव, रवि कुमार, राजपाल सिंह हैं। 18-आगरा अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से पूजा अमरोही, भारतीय जनता पार्टी से प्रो एसपी सिंह बघेल, समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द कर्दम, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया डेमोक्रेटिक से आराम सिंह, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से कुलदीप कुमार, आदर्श समाज पार्टी से चन्द्र पाल, लोकप्रिय राष्ट्रवादी पार्टी से जितेन्द्र गौतम, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से सर्वेश कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनूराम अम्बेडकरी, पूजा, महेन्द्र सिंह हैं।19-फतेहपुर सीकरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार, बहुजन समाज पार्टी से रामनिवास शर्मा, प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से गिर्राज सिंह धाकरे, राष्ट्रीय जनसंचार दल से वेद प्रकाश, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से संगीता तोमर, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से होतम सिंह निषाद तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में कल्लन कुम्हार, डा रामेश्वर सिंह हैं। 20-फिरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

# घायलों से अस्पताल कर्मियों की हुई मारपीट

**मनकापुर सीएचसी बना दंगल का अखवाड़ा, आए दिन होती है मरीज तीमारदार और डॉक्टर से नोकझोक**



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

धरती के दूसरे भगवान कहे जाने वाले डॉक्टरों का मनकापुर में विचित्र रवैया देखने को मिल रहा है।

जहां पीड़ित को इलाज मिलना चाहिए वहां पता नहीं क्यों आए दिन तीखा टिप्पणी होती रहती है।जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर सुर्खियों में रहता है।और इलाज के स्थान पर हॉस्पिटल प्रांगण अखाड़ा बन जा रहा है।

ऐसे ही मंगलवार को घायल अवस्था में इलाज कराने पहुंचे घायल मरीज भगवान दीन चौहान पुत्र राजेंद्र,रोहित पुत्र लक्ष्मण,अभिषेक चौहान पुत्र रामकुमार निवासी बलुआ उपाध्याय पुर ग्रांट से हॉस्पिटल कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। शुक्र रहा की सब सुरक्षित बच गए। लेकिन मामला यहां तक बढ़ गया कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर को पुलिस बुलानी पड़ी। मौके पर पहुंची मनकापुर पुलिस ने इलाज कराने पहुंचे मरीजों को अपने साथ लेकर थाने पहुंच गई। और संबंधित डॉक्टर व अस्पताल कर्मियों से संपर्क साधते हुए कार्यवाही करने की बात जैसे बड़ी तो अस्पताल के डॉक्टर ही थाने में पहुंचकर सुलह समझौते की बात करने लगे। जिससे समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष से कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। वहीं इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक केंद्र मनकापुर डॉक्टर एस एन सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर कुछ लोग घायल अवस्था में इलाज कराने के लिए शराब के नशे में अस्पताल पहुंचे थे। और देखते ही देखते गाली गलौज शुरू कर दिए। तथा तीमारदारों व कुछ मरीजों तथा अस्पताल कर्मियों के साथ हाथापाई भी शुरू कर दी। इसके संबंध में पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मारपीट करने वालों को अपने साथ थाने ले गई तथा एफ आई आर किसके विरुद्ध किया जा रहा है।या हुआ अभी तक कि नहीं मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है।

डॉक्टर एस एन सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले घायलों का नाम पता भी मुझे मालूम नहीं है।क्योंकि सभी लोग इमरजेंसी में आए थे। और इमरजेंसी में किसी का नाम पता नहीं लिखा जाता है। इलाज करने के बाद फिर एंट्री होती है। रजिस्टर में लिखा होगा लेकिन केवल आमद लिखी जाती है। उसमें नाम पता नहीं होता है। आपको बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर आए दिन सुर्खियों में रहता है।और पता नहीं क्यों यहां मरीज और डॉक्टर के बीच तू तू मैं मैं होना तथा इलाज को लेकर बहस हो जाना यह आम बात बन गई है। फिर भी विभाग अचेत अवस्था में दिख रहा है। अभी काफी दिन सुर्खियों में रहे डॉक्टर रवीश का ट्रांसफर हुआ था। लेकिन पुनः कुछ ही दिन बाद अपनी तैनाती अपने रसूख से इसी अस्पताल में दूसरी बार करवा लिए। जो अस्पताल का एक जीता जागता उदाहरण हो सकता है। वही संबंध में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक मनकापुर ने बताया कि मारपीट हॉस्पिटल में होने की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर हम लोग पहुंचे थे। लेकिन अस्पताल कर्मी कोई मुकदमा नहीं लिखवाना चाहते हैं। इसलिए एफ आई आर पंजीकृत नहीं की गई है।

## एक हफ्ते की कैद के बाद मिली उजमा राशिद को रिहाई



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। गोंडा नगर पालिका की चेयरपर्सन उजमा राशिद जिनको नगर पुलिस ने विगत सप्ताह शत्रु संपत्ति हड़पने के जुर्म में लखनऊ से गिरफ्तार किया था और उन्हें गोंडा जिला जेल में रखा गया था उनकी जमानत सर्वप्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन ने खारिज किया तत्पश्चात जिला जज की अदालत में उनका मामला आया और मंगलवार को सुनवाई की तारीख लगाई गई जिसमें वकीलों के दलीलों को सुनते हुए जिला जज महोदय ने नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन उजमा राशिद को जमानत दे दिया और उनकी रिहाई हो गई।

# मनकापुर नवाबगंज रोड के बगल में अधेड़ विक्षिप्त का मिला शव

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

**लाश को पंचायत नामा भरवा के पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

जनपद के कोतवाली मनकापुर अंतर्गत मनकापुर नवाबगंज मार्ग पर टिकरी जंगल मोड पर सड़क के बगल एक विछिप्त अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना आनन फानन में लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए शव का पंचायत नामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बताया जाता है कि काफी दिनों से मृतक आसपास रोड पर ही घूमते दिखता था। लेकिन अचानक मंगलवार की सुबह जंगल के बगल ही रोड के समीप मृत अवस्था में पाया गया। इस संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक मनकापुर संतोष कुमार मिश्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। लाश को पंचायत नामा भरवा के पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों का मानना है कि, मृतक विछिप्त की उम्र लगभग 70 वर्ष रही है, हो सकता है हीट वेव के कारण लू लगने से मौत हो गई हो बहर हाल यह सब कयास का विषय है। असलियत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुल सकती है।

## पोल्ट्रीफार्म संचालक पर लगा मारपीट का आरोप

कटरा बाजार/ गोंडा। जनपद बहराइच में कटी चौराहा के पास एबीआईएस एक्सपोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत धनंजय कुमार ने कौड़िया थाने में दी तहरीर में कहा है कि वह इस कंपनी में मैनेजर के पद पर काम कर रहे हैं। 19 अप्रैल को उसका नौकर रंजीत कुमार वर्मा मुर्गी लोडिंग के लिए कौड़िया थाना के कटुनाला गांव के आशुतोष सिंह के यहां गया था। जब वह वहां पहुंचा तो मुर्गीफार्म देख रहे आशुतोष ने उसके नौकर के साथ मारापीट की तथा जान से मार डालने की धमकी देते हुए मोबाइल छीन कर भगा दिया।अगले दिन पूरी घटना की जानकारी होने पर जब वह वहां पहुंचा तो फार्म में ना ही मुर्गी का बच्चा मिला और ना ही कोई व्यक्ति। धनंजय ने बताया कि लगभग उन्नीस सौ मुर्गी का बच्चा व उसका दाना जिसकी कीमत लगभग 12 लाख रूपए है जिसे पाल कर तैयार करने के लिए दिया था।थानाध्यक्ष कौड़िया बाजार अंकुर वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने विषाक्त खाकर दी जान

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद में बिजौवा गांव निवासी एक महिला ने पारिवारिक विवाद में विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिजौवा शालू देवी (35) पुत्री बाबूलाल का सोमवार शाम को घर में पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद शालू अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिवार के लोग सीएचसी ले गए। जहां पर जांच के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# हैंडपंप खराब होने से प्यासी रहती है जनता

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



पहले स्थापित किये जा चुके हैंड पंप को पालिका रीबोर भी नहीं करा रही है,जिससे एक बार पानी देना बंद करने वाले तमाम हैंड पंप दोबारा उपयोगी नहीं बनते हैं नगर पालिका परिषद द्वारा अभी तक प्याऊ का संचालन नहीं शुरू कराया जा रहा है।इससे लोगों को मजबूरी में हलक तर करने के लिये पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।वहीं राहगीरों को पेयजल मुहैया कराने वाले अधिकांश हैंड पंप खराब पड़े हैं।

बता दें कि अब शासन नगर पालिका परिषद को शहरी क्षेत्र के लिये हैंड पंप नहीं आवंटित करता है।इससे सीमा क्षेत्र में विकसित हो रही आबादियों में पाइप लाइन का विस्तार न होने तक पालिका हैंड पंप नहीं स्थापित करा पा रही है, क्योंकि शहर को अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत शामिल किये जाते ही शासन ने नये हैंड पंप आवंटित करना बंद कर रखा है।पहले स्थापित किये जा चुके हैंड पंप को पालिका रीबोर भी नहीं करा रही है, जिससे एक बार पानी देना बंद करने वाले तमाम हैंड पंप दोबारा उपयोगी नहीं बनते हैं। शहर से होकर गुजरने वाली सड़क गोंडा बलरामपुर रोड जिलाधिकारी कार्यालय के सामने, जेल रोड जेल के पास आदि जगहों पर दशकों पूर्व स्थापित किये गये तमाम हैंड पम्प खराब पड़े हैं,लेकिन पालिका इनकी मरम्मत (रीबोर) नहीं करा रही है।इन जगहों पर स्टैंड पोस्ट का भी अभाव है।वहीं पालिका प्याऊ भी संचालित नहीं करा रही है।गर्मी के दिनों में कड़क धूप कुछ ही देर में राहगीरों का गला सुखाने लगती है,जिसे तर करने के लिये लोगों को

बिना जेब हल्की किये पानी नहीं नसीब होता है।पाउच में भरे 200 एमएल पानी के लिये राहगीरों को तीन रुपए खर्च करने पड़ते हैं, जबकि दस रुपए की छोटी बोतल और बीस की बड़ी बोतल भी पानी की प्यास नहीं बुझा पाती है।गांवों से कामकाज के संबंध में शहर पहुंचने वालों के लिये पानी मद पर रकम खर्च करना रास नहीं आता है। पालिका के जलकल अवर अभियंता का कहना है कि यांत्रिक रूप से खराब हैंड पंपों की मरम्मत कराये जाने का दावा करते हैं।उन्होंने बताया कि रीबोर का कार्य शासन की ओर से बजट प्राप्त होने पर ही कराया जा सकता है।शासन स्तर से आवंटन होने पर नये हैंड पंप स्थापित कराये जायेंगे।लेकिन यहां तो सिर्फ हवा हवाई ही साबित हो रही है सारी बातें।

# छात्राओं ने बनाये बेहतरीन मॉडल, मिला सम्मान

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




विकास खण्ड जरवल स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भौली में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में बच्चों ने वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट मॉडल तैयार किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह व विशिष्ट अतिथि बीईओ अरविंद सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विज्ञान क्लब समन्वयक नन्द किशोर शुक्ल ने तथा संचालन एआरपी मो0 अहमद ने किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्रों का यह प्रयास सराहनीय है। परिषदीय विद्यालयों द्वारा इस प्रकार के आयोजन में हिस्सा बनकर मुझे व्यक्तिगत रूप से बेहद खुशी होती है। उन्होंने छात्रों में बुनियादी स्तर से वैज्ञानिक सोंच प्रगाढ़ करने के लिए कार्यक्रम संयोजक विद्यालय की शिक्षिका अर्चना पांडेय की सराहना की। बीईओ जरवल एबी सिंह ने कहा कि बच्चों का प्रयास बेहतर है, निरन्तर छोटे प्रयासों से ही एक दिन बड़ी सफलता मिलती है। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा विभिन्न मॉडल में ऑटोमेटिक रेलवे प्लेटफॉर्म ब्रिज, हाइड्रोपोनिक्स, स्वचालित सिंचाई संयत्र, हाई स्पीड मैग्लेव ट्रेन प्रोजेक्ट, ईको प्लांट पॉट, रिसाइक्लिंग द्वारा धूपबत्ती निर्माण, जैसे एक दर्जन से अधिक मॉडल का अतिथियों ने अवलोकन कर छात्रों से प्रश्न पूंछे। मॉडल प्रदर्शित करने वाले सभी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा नगद पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की गयी व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। अंत मे विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# दबंगों ने हेड कांस्टेबल से की मारपीट, वर्दी फाड़ी

**सगे भाइयों समेत चार पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के मटेरा थाना क्षेत्र के लीलापारा गांव में एक युवती के मामले में जांच करने के लिए पहुंची पुलिस से दबंगों ने मारपीट करते हुए हेड कांस्टेबल की वर्दी फाड़ दी। जिस पर पुलिस ने सगे भाइयों समेत चार के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम लीला पारा बेलवा गांव गांव निवासी नीरू श्रीवास्तव की बेटी पल्लवी के साथ चांद खां पुत्र सफ्फन खां ने शादी कर लिया है। माता और पिता का कहना है कि सभी ने युवती का माइंडवाश कर विवाह किया है। मटेरा थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि आरोपी के गांव होने और माता पिता से बात करवाने के लिए पुलिस टीम गांव गई। इस पर दबंगों ने उप निरीक्षक और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार कनौजिया से मारपीट शुरू कर दी। सभी ने हेड कांस्टेबल की वर्दी फाड़ दी। इसको लेकर अन्य पुलिस कर्मी बुलाए गए।

जिस पर मामला शांत हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि हेड कांस्टेबल की तहरीर पर चांद खां, भाई अकरम खां, जमाल और निहाल के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा, जाति सूचक गाली देने समेत सात गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जांच के बाद सभी की गिरफ्तारी की जाएगी।

# पेड़ से टकराई बाइक, तीन युवकों की मौत, एक घायल

**एक ही बाइक पर सवार होकर खरगूपुर से इटियाथोक जा रहे थे चारों युवक**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुई एक भीषण दुर्घटना में बाइक पर सवार चार युवकों में से तीन की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को गोण्डा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी एक ही बाइक पर सवार होकर खरगूपुर से वापस इटियाथोक जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से भिड़ गई।

जिले के इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र के बेंदुली मोड़ के पास मंगलवार को सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि एक ही बाइक पर सवार होकर 4 युवक खरगूपुर बाजार से अपने घर इटियाथोक थाना क्षेत्र के नौशहरा जा रहे थे।इसी बीच बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराए। जिसमें से 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र के नौशहरा मोहल्ले के निवासी मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद रिजवान व मोहम्मद सईद एक ही बाइक पर सवार खरगूपुर की ओर से अपने घर की ओर जा रहे थे। वह बेंदुली गांव के पास पहुंचे थे कि अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई जिससे चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां अधीक्षक डॉ अजय यादव ने मोहम्मद बिलाल व मोहम्मद अहमद को मृत घोषित कर दिया।

वहीं गंभीर रूप से घायल मोहम्मद सईद ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मोहमद रिजवान का इलाज मेडिकल कॉलेज, गोण्डा में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल 3 युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम है।

# युवक की मौत पर चौकी इंचार्ज व सिपाही समेत चार पर केस दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले बालापुर कथिकनपुरवा गांव निवासी एक युवक की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पिता ने पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाया था। एसपी के निर्देश पर विशेश्वरगंज थाने में पुलिस ने चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के मजरा कथिकनपुरवा गांव निवासी अनूप कुमार (18) पुत्र समय प्रसाद की शनिवार को मौत हो गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक युवक के पिता समय प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसके बेटे का तिलक हो गया था। जबकि विवाह 26 अप्रैल को होना था। लेकिन लड़की के मौसा समेत अन्य ने ब्लैक मेल करते हुए पैसे की मांग की थी।

जिसके चलते शादी टूट गई थी। इसके बाद लड़की के मौसा ने पुलिस से मिलकर पुत्र अनूप कुमार को ब्लैक मेल करना शुरू कर दिया। पिता ने धनुही चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह, एक सिपाही पर थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाया था। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर विशेश्वरगंज थाने में चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह, अज्ञात सिपाही, कुंजी लाल और मनोज कुमार के विरुद्ध सोमवार को केस दर्ज हुआ है।

# डिप्टी सीएम ने जनसभा को किया संबोधित

**बृजेश पाठक बोले, अमेठी-रायबरेली सहित यूपी की सभी 80 सीटें भाजपा जीतेगी**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




भाजपा प्रत्याशी आनंद गोंड के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने एवं उनके नामांकन के लिए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मंगलवार को बहराइच पहुंचे। इस दौरान उनका जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

बहराइच पहुंचते ही जनसभा को संबोधित करते हुए ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर जमकर हमला किया. डिप्टी सीएम ने कहा कि बहराइच से लोकसभा प्रत्याशी आनंद गोंड प्रचंड बहुमत से जीत रहे हैं। बृजेश पाठक ने कहा कि यहां मुकाबला ही नहीं है। विपक्ष की जमानत जब्त हो रही है. कोई दूसरा दल टक्कर नहीं दे रहा है। कहा कि यहां की आबोहवा मैंने देखी है. जिस तरह से लाखों लोगों की भीड़ मैं देख रहा हूं, यह एकतरफा लड़ाई है. कहा कि अमेठी-रायबरेली सहित प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी एवं उसके सहयोगी दल जीत रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के साथ मारपीट करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है. उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बहराइच लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी आनंद गोंड ने अपने पिता अक्षयवर लाल का आशीर्वाद लिया. इसके बाद पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सिद्धनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की. यहां से वे अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार मुकुट बिहारी वर्मा, सदस्य विधान परिषद पदम् सेन चौधरी, सदस्य विधान परिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी , सांसद अक्षयव लाल गोंड, जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह, लोकसभा संयोजक डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, लोकसभा सह संयोजक योगेश प्रताप सिंह, विधायक अनुपमा जायसवाल, विधायक सुरेश्वर सिंह, विधायक सरोज सोनकर, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक राम निवास वर्मा, महामंडलेश्वर सिद्धनाथ मन्दिर, रवि गिरि जी महाराज एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम के आदेश को भी दरकिनार कर रहे लेखपाल और ग्राम प्रधान



बहराइच समृद्धि न्यूज़। झाला गांव निवासी एक ग्रामीण के घर के सामने स्थित चकमार्ग पर समुदाय विशेष के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट भी डिप्टी सीएम के पत्र पर पुलिस द्वारा लगाकर दी गई है। इसके बाद भी ग्राम प्रधान और लेखपाल द्वारा कब्जा नहीं हटवाया गया। इतना ही नहीं विभागीय अधिकारियों ने पोर्टल पर सुनवाई की फाइनल रिपोर्ट भी लगा दी है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाला में गाटा संख्या 1407 पर चक मार्ग अंकित है। जबकि गाटा संख्या 1408 नाली की जमीन दर्ज है। इस जमीन पर गांव निवासी सकुल्लाह पुत्र सत्तार ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। इससे गांव निवासी अजय कुमार मौर्य के साथ अन्य ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। इसकी शिकायत अजय कुमार ने जिले के अधिकारियों से की तो कोई कार्यवाई नहीं हुई। जिस पर अजय ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से शिकायत की। डिप्टी सीएम कार्यालय द्वारा पत्र भेजकर डीएम से रिपोर्ट मांगी गई। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने पुलिस और राजस्व टीम से जांच कराई। जिसमें पुलिस ने चकमर्ग की जमीन पर कब्जा होने की रिपोर्ट लिख दी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा आदेश की अवहेलना किया जा रहा है। वहीं ब्लॉक और तहसील के अधिकारियों बिना अतिक्र मण हटवाए ही फाइनल रिपोर्ट लगा दी। ऐसे में पीड़ित काफी परेशान है।

## पं. जमुना प्रसाद हास्पिटल का शुभारंभ उद्घाटन समारोह में साधु संत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को क्षेत्र के बुक्कनपुर गौरा चौकी में पं. जमुना प्रसाद हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन समारोह पर हॉस्पिटल के चेयरमैन राज मणि त्रिपाठी अपने परिवार के साथ सर्वप्रथम विधि-विधान से अखंड रामायण पाठ के साथ हवन पूजन किया। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। फिर दोपहर अयोध्या धाम से आये मुख्य अतिथि महंत स्वामी देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज, महन्त जन्मेजय शरणं महाराज,, महन्त राज कुमार दास जी महाराज, और महन्त वीरेंद्रदास महाराज और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने संयुक्त रूप से फ़ीता काट कर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने वाहन में मारी टक्कर, छात्र की मौत

**अन्य छात्र बाल बाल बचे, छुट्टी के बाद घर जाते समय हुआ हादसा**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



सेंट नॉरबर्ट स्कूल के छात्रों को मंगलवार दोपहर में मैक्स वाहन ले जा रहा था। गोंडा-बहराइच मार्ग पर नगरौर के पास मैक्स वाहन में ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे कक्षा 10 के छात्र की मौत हो गई। जबकि अन्य छात्र बाल-बाल बच गए। परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर घर चले गए हैं। कोतवाली देहात के गोंडा मार्ग पर सीबीएसई बोर्ड का सैंट नॉरबर्ट स्कूल संचालित होता है। इस स्कूल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के छात्र और छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं।

मंगलवार को अवकाश होने के बाद सैंट नॉरबर्ट स्कूल के छात्र मैक्स वाहन से अपने-अपने घर जा रहे थे। कोतवाली देहात के गोंडा बहराइच मार्ग पर नगरौर गांव के पास मैक्स वाहन पहुंची। तभी गोंडा की तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने वाहन में टक्कर मार दी। जिससे वाहन में मौजूद बच्चों में अफरा तफरी मच गई। हादसे में पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार निवासी कक्षा 10 सी के छात्र उत्सव शुक्ला (14) आनंद शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। उसका छात्र का सर फट गया। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि वाहन चालक सतरही गांव निवासी लाल जी समेत अन्य बच्चे बाल बाल बच गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल में स्कूल के फादर प्रकाश, चौकी इंचार्ज संजय गौतम समेत अन्य पहुंचे। परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। सभी रोते बिलखते शव लेकर घर चले गए। फादर प्रकाश ने बताया कि घटना दुखद है। सभी जानते हैं कि ट्रैक्टर ट्रॉली किस तरह चालक चलाते हैं।

# फूस के मकानों में लगी आग, गृहस्थी हुई राख

**पुलिस फोर्स,फायर ब्रिगेड टीम व ग्राम वासियों की मदद से आग पर पाया काबू**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जनपद के जमुनही चरनिया कोट गांव में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तीन ग्रामीणों के फूस के मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। दमकल विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई। पयागपुर थाना अन्तर्गत ग्राम जमुनही चरनिया कोट में मंगलवार दोपहर को लोग अपने अपने घरों में आराम कर रहे थे। दोपहर एक बजे के आसपास अज्ञात कारणों से गांव निवासी हजारीलाल पुत्र ढोढें, संतोष कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद व प्रहलाद पुत्र परसादी के घर व छप्पर में आग लग गई। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स,फायर ब्रिगेड टीम व ग्राम वासियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लग जाने से घर में रखे अनाज व अन्य घरेलू सामग्री जल गई। दो लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत अन्य सामान जल गया है। सभी खुले आसमान तले रहने को विवश हैं। उधर आग लगने की सूचना राजस्व टीम को दे दी गई है। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# लोकतंत्र सेनानियों के पेंशन पर संकट, खाते में नहीं पहुंची धनराशि

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

**लोकतंत्र सेनानी ने डीएम को पत्र लिखकर पेंशन दिलाया जाने की मांग की**

लोकतंत्र सेनानियों को मार्च माह का पेंशन नहीं मिला है। जबकि अप्रैल माह भी बीत रहा है। ऐसे में लोकतंत्र सेनानियों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर पेंशन दिलाए जाने की मांग की है।

देश में लोकतंत्र की बहाली करवाने के लिए जिले के कई लोगों को जेल जाना पड़ा था। इन लोकतंत्र सेनानियों को सरकार की ओर से पेंशन दी जाती है। लेकिन मार्च माह में किसी भी लोकतंत्र सेनानी का पेंशन नहीं आया है। लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन न मिलने की वजह से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लोकतंत्र सेनानी ने डीएम मोनिका रानी को पत्र लिखकर पेंशन दिलाया जाने की मांग की है। जरवल नगर निवासी लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को पत्र लिखकर मांग की है कि समय से बीते माह और आने वाले माह का पेंशन दिलाया जाए। साथ पेंशन मिलने में कोई दिक्कत न हो।

# निर्वाचन की सभी तैयारियां रहे चाक चौबंदः मण्डलायुक्त-आईजी




**मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध रहेंगी जरूरी सुविधाएं**

लखनऊ आईजी ने कहा कि चुनाव एक महायज्ञ की भांति है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें। सभी एसडीएम, सीओ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। ऐसा माहौल बनाये जिससे निष्पक्ष मतदान सम्पन्न हो। लोगों के बीच में जाकर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जानकारी भी लेते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने भी निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियों की जानकारी मण्डलायुक्त तथा आईजी को देते हुए बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता, धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। असामाजिक तत्वों, वल्नरेबिलिटी और संवेदनशीलता चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सभी ग्रामों, न्याय पंचायत, ब्लाक व जनपद स्तर पर किये जा रहे है। जिन ग्रामों में मत प्रतिशत कम था वहां पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभियान से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा हैं इसके अलावा रैलियों का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें गांव और दूर दराज के सभी आयु के पुरुष व महिला शामिल हो रहे है। मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई जा रही है।

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभाकक्ष में लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब तथा आईजी तरुण गाबा ने अधिकारियो को निर्देश दिये कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व भय रहित सम्पन्न कराने की सभी आवश्यक तैयारियों को सुद्धढ़ रखा जायें। यदि कहीं कोई कमी हो उसे तत्काल दुरुस्त कर सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जायें। कानून एवं शांति व्यवस्था, वल्नरेबिलिटी, संवेदनशील एवं अति संवेदनशीलता क्षेत्रो को एसडीएम, सीओ तथा सम्बंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमण कर कमियों को दूर कर ले।उन्होने निर्देश दिये कि जनपद में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः वे अपने दायित्वो का पूरी जानकारी रखते हुए निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष व निर्भीक होकर सम्पन्न कराये तथा मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया करायें।

### निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में अधिकारियों की भूमिका अहमः डॉ. रोशन जैकब

मण्डलायुक्त ने कहा मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि निर्वाचन निष्पक्ष, निर्भीक होने के साथ ही घटनारहित हो। मतदान के पूर्व और मतदान के बाद के कार्यों की समुचित जानकारी संबंधित को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा चुनाव में किसी भी प्रकार का भय व दबाव बनाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। निरोधात्मक कार्यवाही संख्या के आधार पर नहीं गुणवत्ता के आधार पर की जाये। सभी गांवों का भ्रमण कर तथा मतदाता को स्वेच्छा व बिना भय के मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि किसी भी सार्वजनिक, सरकारी भवन पर पोस्टर, होर्डिग नही लगी होनी चाहिए। यदि किसी ने पुनः कही लगा दी हो तो उसको तत्काल हटवा दे तथा उसका खर्चा प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ने के साथ ही दंडात्मक कार्यवाही भी करें। सभी मतदेय स्थलों पर विद्युत, शौचालय,पानी की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रहे। थाना स्तर पर चुनाव रजिस्टर, हालचाल रजिस्टर आदि के साथ ही निर्वाचन शिकायत रजिस्टर भी बना ले। उसमें जो शिकायतकर्ता मोबाइल से शिकायत दर्ज कराता है उसे भी दर्ज कर उसका निस्तारण भी समय से करा ले। मतदान पूर्व एवं बाद की सभी तैयारियों का गहन निरीक्षण कर जो भी कमियां हो उसे दुरुस्त कर लिया जाये। सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट,पीठासीन अधिकारी, उड़नदस्ता टीम,वीडियो निगरानी टीम आदि पूरी तरह समय से क्रियाशील रहे। मण्डलायुक्त/आईजी ने कहा कि प्रशासन तथा निर्वाचन आयोग प्रत्येक निर्वाचन को शांतिपूर्ण,निष्पक्ष,निर्भीक माहौल में सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी दशा में इसकी सुचिता पर आंच नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक सख्त व निष्पक्ष रहकर निर्वाचन कार्यों व अपने दायित्वों का निर्वहन करे। किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति का आतिथ्य स्वीकार न करे और निष्पक्ष रहे। दिव्यांग मतदाताओं का मतदान कराने के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त रखी जाये। उनके लिए रैंप, व्हीलचेयर, प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर महिला व पुरुष शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाये।

# सड़क दुर्घटना में मां की हुई मौत, भाई-बहन घायल

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

प्रयागराज-रायबरेली हाईवे पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार मां, बेटी और बेटा घायल हो गए। जिला अस्पताल में पहुंचने से पहले ही मां की मौत हो गई। वही भाई और बहन का इलाज चल रहा है। सभी गंगा स्नान कर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गये।



जगतपुर थाना क्षेत्र के पटवाहर निवासी प्रभावती (60) अपने बेटे विपिन कुमार (27) और बेटी प्रतिमा (22) के साथ गंगा स्नान करने गई थी। गंगा स्नान करके सभी घर लौट रहे थे। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर कंचन ढाबा के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों काफी दूर जाकर गिरे। आसपास के लोगों ने आनन फानन में उन्हें जगतपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां पर प्रभावती और प्रतिमा की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रभावती की मौत हो गई। वही भाई बहन का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आजादी के बाद से आज भी विकास से अछूता बरचंदा गांव

**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकासक्षेत्र के बरचंदा गांव मे बीते विधानसभा चुनाव से बरचंदा प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग बूथ बनाया गया था। बरचंदा गांव की कुल आबादी 250 है वही 145 मतदाता इस गांव में रहते हैं। यह गांव रायबरेली एवं उन्नाव जनपद के बॉर्डर पर सई नदी के तट पर आजादी के पहले मौजूद था। आजादी के पहले ही सई नदी में बाढ़ आई और सई नदी ने अपना रास्ता बदल दिया। इसके बाद सई नदी के दूसरी तरफ उन्नाव जनपद की ओर यह गांव पहुंच गया, परंतु बरचंदा गांव आज भी बछरावां विकासखंड का एक गांव है, रायबरेली जनपद का ही विकास कार्य इस गांव में होता है। गांव में प्राथमिक विद्यालय भी हैं। फिर भी आजादी से अब तक इस गांव में जाने के लिए सड़क नहीं है। बरचंदा गांव मदाखेड़ा पंचायत का एक गांव है।




ग्रामीणों को कहीं आने-जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता है या फिर घने जंगल के बीच कच्चे रास्ते ऊपर खाबड़ खड़ंजे से आवागमन होता हैं। इस बार पोलिंग पार्टियों को इस गांव में जाने के लिए या तो नाव का सहारा लेना पड़ेगा या फिर घने जंगल के बीच उबड़ खाबड़ कच्चे रास्ते से प्राथमिक विद्यालय बरचंदा बूथ तक पहुंचेंगे। ग्रामीण रामसागर ,मनुज, राम रानी, मनीषा ने बताया कि आजादी से अब तक इस गांव का विकास नहीं हुआ एक सड़क या सई नदी पर पुल का निर्माण नहीं किया गया है। इसलिए हम लोग इस लोकसभा चुनाव में मतदान करना है या नहीं, इस पर अभी मतदान तिथि के नजदीक आने पर विचार करेंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला युवक का शव

**गुरबख्शगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के सेनी मजरे भीतरगाँव में मंगलवार की सुबह गांव से लगभग 500 मीटर दूर खेतों में एक निजी नलकूप के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला। घटनास्थल पर ही उसकी क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।



सूचना पर पहुँची गुरुबक्शगंज पुलिस व क्षेत्राधिकारी लालगंज अनिल कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेनी मजरे भीतरगाँव गाँव निवासी 35 वर्षीय रामबाबू पुत्र स्व. चन्द्रिका पासी दूसरों के खेत बटाई पर लेकर खेती का काम करके परिवार का पालन-पोषण करता था। रामबाबू ने गाँव के ही कल्लू पासी का खेत बटाई पर ले रखा था और सोमवार की रात उन्ही खेतों में गेहूँ की फसल की मड़ाई कराने गया था। रात लगभग 12 बजे फसल की मड़ाई के बाद वह बाइक द्वारा खेत से घर वापस जा रहा था, लेकिन वह घर नही पहुँचा। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने गाँव के बाहर एक निजी नलकूप के पास रामबाबू का शव व उसकी क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी देखी। ग्रामीणों की सूचना पर परिवारजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना गुरुबक्शगंज पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।



## आखिरकार जागे जिम्मेदार, काम शुरू

**बछरावां,रायबरेली।** कस्बा अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर लखनऊ प्रयागराज रेल खंड की रेलवे लाइन में पटरियों के बीच गैपिंग होने को लेकर जब विभिन्न समाचार पत्रों ने प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित किया तो बछरावां स्टेशन अधीक्षक ने जल्द ही लोग निर्माण विभाग को पत्र लिखकर इस समस्या के निदान का आश्वासन दिया था तत्पश्चात मंगलवार को लोक निर्माण विभाग ने समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उक्त स्थान पर मार्ग की दुरुस्तीकरण का कार्य प्रारंभ किया ताकि विगत दिनों में उक्त स्थान पर घटित हुई दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। परंतु जिस समय लोक निर्माण विभाग द्वारा यह कार्य किया जा रहा था, उस समय रेलवे सुरक्षा बल के एक आरक्षी को छोड़कर स्थानीय पुलिस प्रशासन का कोई भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी या आरक्षी उक्त स्थान पर मौजूद नहीं था, जबकि कार्य के समय बछरावां मौरावा मार्ग एवं बांदा बहराइच मार्ग पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लगा हुआ था।

# मंडलायुक्त-आईजी ने स्ट्रांग रूम व रवानगी स्थल का किया निरीक्षण



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व आईजी तरुण गाबा ने स्थित गोरा बाजार स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में बने स्ट्रांग रूम व पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि यहां पर पानी, बिजली, शौचालय सहित सुरक्षा व्यवस्था को देखकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए तथा मतदान कर्मियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करायी जाये और सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं। मतगणना के समय सभी व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखा जाए।

# नारी सशक्तिकरण व प्रतिभा अलंकरण समारोह आयोजित

**लालगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में नारी सशक्तिकरण एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला रही। मंत्री प्रतिभा शुक्ला ,विद्यालय प्रबंध निदेशक दीपप्रकाश शुक्ला, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनपद की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त सत्यम बाजपेई ,उज्जवल सोनी को उनके अभिभावकों के साथ में विशेष रूप से मंत्री प्रतिभा शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंध निदेशक दीपप्रकाश शुक्ला ने कहा की परिश्रम से की गई पढ़ाई का परिणाम सुखद होता है।



विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत रंग लाई है भविष्य में भी विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर खूब मेहनत करें!प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने विद्यालय के अनुशासन और संस्कारों की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप में यह विद्यालय भविष्य में भी ऐसे ही सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा बालिकाओं व शिक्षिकाओं को उन्होंने कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास करने की नसीहत दी। शुक्ला ने कहा की न्यूनतम शुल्क में जिस प्रकार से यह विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षित करने का कार्य कर रहा है यह वास्तव में सराहनीय है उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी सफल विद्यार्थियों को व समस्त विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी।

## खबरें एक नजर में

### मण्डलायुक्त-आईजी ने थाना कोतवाली नगर का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**रायबरेली।** मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब व पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने पर प्रचलित अभिलेख, महत्वपूर्ण पत्रावली, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदीगृह आदि को चेक कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### खेत में आग लगने से गेहूं की फसल राख



**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्नावा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेतों में आग लगने से लगभग तीन से चार बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी 1749 के जवान पायलट गंगासागर बाजपेई, कमांडर उप निरीक्षक पवन पांडे एवं एचपी सतपाल व ग्रामीणों की सक्रियता ने किसी तरह आग पर काबू पाया, साथ में फायर ब्रिगेड ने भी आग पर काबू पाने में कड़ी में मस्क्कत कीद्य ग्रामीणों एवं किसानों को मानी जाए तो उनका कहना है कि अगर पीआरबी 1749 के जवान आग बुझाने में हमारी लोगों की सहायता न करते तो यह आग और भी किसानों की फसल को जलाकर खाक कर देती।

### बुलेरो पलटने से एक की मौत, छह घायल

**रायबरेली।** नगर पंचायत परसदेपुर से बारात पूरे राजा भेलियां के लिए निकली थी। रास्ते में बुलेरों अनियंत्रित हो कर पलट गई। जिसमे राम अवतार की मौत हो गई। घटना रात 9 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार समशेर पाल की बारात परसदेपुर से पूरे राजा भेलियां शिवराम पाल के यहां बुलेरो से निकली थी। रास्ते में डीघा के पास टेढ़वा पुल (मदारी के पुरवा) के पास अनियंत्रित हुई बुलेरो पलट गई। जिसमे राम अवतार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नसीराबाद ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अजय और पत्नी पिंकी का रो रो कर बुरा हाल है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत दो पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** एनडीपीएस एक्ट के तहत दो पर दर्ज हुआ मुकदमा। कोतवाली पुलिस द्वारा रामदयाल पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम कोटवा मोहम्मदाबाद थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को कोतवाली क्षेत्र के दुसौती नहर के पुल से गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे अभियुक्त को पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र के मांझगांव नहर पुल के पास से श्याम बहादुर पुत्र बद्री प्रसाद निवासी रामकोला मंजरे कोटवा मोहम्मदाबाद थाना महराजगंज को गिरफ्तार किया जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### चोरी हुई मोटरसाइकिल का पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**महराजगंज,रायबरेली।** ओम क्लॉथ हाउस के सामने से चोरी हुई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल का पुलिस ने वादी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा। धीरेंद्र शुक्ला पुत्र बद्री विशाल शुक्ला निवासी डेडौवा थाना महराजगंज ने तहरीर में बताया कि ओम क्लॉथ हाउस कस्बा महराजगंज के सामने खड़ी मेरी मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर यूपी 33 बी डी 9550 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है पुलिस ने धीरेंद्र शुक्ला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मोटरसाइकिल की खोजबीन शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में दो पर केस दर्ज

**महराजगंज,रायबरेली।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो पर दर्ज हुआ मुकदमा। कोतवाली क्षेत्र के मनीराम पुत्र कल्लू निवासी ग्राम कोटवा मदनिया थाना महराजगंज की तहरीर पर राम बहादुर पुत्र बजरंगी सुशील पुत्र बजरंगी निवासी कोटवा मदनिया थाना महराजगंज के विरुद्ध पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करना गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### हनुमान जयंती पर हुआ सुंदरकांड, भंडारों की रही धूम

**महराजगंज, रायबरेली।** हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र के हनुमान मंदिरों पर सोमवार से ही रामचरितमानस के पाठों का आयोजन एवं आज सुबह से सुंदरकांड के पाठ हनुमान चालीसा सहित भक्तों द्वारा बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई ।क्षेत्र के महराजगंज स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर सुप्रसिद्ध बावन बुजुर्ग बल्ला मे विराजमान महावीरन मंदिर जिसकी गौरव गाथा युगों पुरानी है अवशेर गिरि मठ अशर्फाबाद दुसौंती घूराडीह पहरेमऊ थुलवासां हरदोई मोन मऊ सहित क्षेत्र के हनुमान मंदिरों पर रामचरितमानस के पाठ हनुमान चालीसा सुंदरकांड का पाठ लोगों ने अष्ट सिद्धी नवनिधि के दाता से जीवन में खुशहाली समृद्धि एवं तरक्की के लिए महाबली बजरंगबली से मनोकामना की।

# राजकीय बालिका विद्यालय में छात्राओं का हुआ सम्मान

**इंटरमीडिएट में कशिश सविता और हाई स्कूल में सोनम ने अर्जित किए सर्वाधिक अंक**

**लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र के कुम्हड़ौरा गांव स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इंटरमीडिएट की परीक्षा में कशिश सविता में सर्वाधिक अंक अर्जित कर विद्यालय में पहले स्थान पर रहीं। वहीं हाई स्कूल परीक्षा में सोनम ने बाजी मारी। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी सफल छात्राओं को मिठाई खिलाई और पुष्पमालाएं पहनाकर उनका उत्साह वर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि विद्यालय का इंटरमीडिएट का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा।

जिसमें 89 प्रतिशत अंकों के साथ कशिश सविता पहले स्थान पर रही, तो 87 प्रतिशत अंक लाकर कोमल कुशवाहा ने दूसरा स्थान बनाया। परीक्षा में 83 प्रतिशत अंकों के साथ सुहानी और रक्षिता संयुक्त रूप से विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। 78 प्रतिशत अंकों के साथ सोनम ने विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय की छात्राएं शिफा बानो और दिव्यांशी ने 72 प्रतिशत अंक अर्जित किए और संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रही। जबकि आकृति ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ अपना तीसरा स्थान बनाया। प्रधानाचार्य ने बताया कि छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने माता-पिता का मान बढ़ाया, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है।

कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय में पठन-पाठन के लिए बालिकाओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यालय स्टाफ क्षेत्र की बालिकाओं को उत्कृष्ट और गुणवत्ता परक शिक्षा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। आयोजित कार्यक्रम में कीर्ति बाजपेई, शशिप्रभा, नयनतारा, साधिया जायसवाल, वरिष्ठ लिपिक विनोद मिश्रा सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# लोस चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न




**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की की गई। आज बैठक के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी विरेन्द्र तिवारी, जिला प्रभारी पियूष मिश्र व क्षेत्रीय मत्री अवध क्षेत्र विकाश सिंह जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी जी ने किया। जिलाध्यक्ष ने अपने ऊदबोधन में कहा की चुनाव संचालन समिति का एक एक पदाधिकारी अपने दिए गए दायित्वों का जिम्मेवारी से निर्वहन करे जिससे आगामी होने वाले अभियानों व कार्यक्रमों को जन जन तक पहुचाया जा सके। साथ ही मंच पर उपस्थित सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक पप्पू लोहिया, भाजपा नेत्री प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरन सिंह,व जिला मीडिया प्रभारी बिनय शुक्ला कहा कि बैठक में लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने छात्रों को किया सम्मानित

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

कस्बे के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय प्रांगण में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंध तंत्र द्वारा सम्मानित किया गया है। जिसमें इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शताक्षी मिश्रा को 5100 का चेक देकर सम्मानित किया गया है।




हाई स्कूल की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र बलराज को धन राशि देकर सम्मानित किया गया है। बताते चले की कस्बे का मॉडर्न पब्लिक स्कूल बछरावां प्रत्येक वर्ष हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में मेधावी छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा लगातार चली आ रही है। इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चौरसिया एवं हरिहर चौरसिया द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए कहां कि प्रत्येक अभिभावक को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार रहने की भी शिक्षा दी जाती है। विद्यालय अनुशासन की दृष्टिकोण से बछरावां कस्बे में प्रथम स्थान रखता है। इस मौके पर इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान शताक्षी मिश्रा, द्वितीय स्थान अभिजीत चौधरी ,तृतीय स्थान अनिकेत वर्मा ने प्राप्त किया है। इसी क्रम में हाई स्कूल यूपी बोर्ड की परीक्षा फल में प्रथम स्थान बलराज रावत, द्वितीय स्थान आरुषि पटेल, तृतीय स्थान हर्ष तिवारी ने प्राप्त किया है।

# पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का हुआ शुभारंभ

**हरचंदपुर, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

श्री महावीर सिंह स्मारक महाविद्यालय कठवारा हरचंदपुर रायबरेली में डीएलएड 2021 चतुर्थ सेमेस्टर का पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का शुभारंभ प्रबंधक व पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत अवधेश सिंह द्वारा महाविद्यालय परिसर में किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रबंधक अवधेश सिंह ने कहा कि स्काउंट गाइड का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हमेशा प्रकृति के नजदीक, अनुशासन प्रिय, सबको साथ लेकर चलने वाले होते हैं। स्काउट के प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों में आपसी समन्वय स्थापित होता है जिसके कारण स्वच्छता अभियान और दूसरो की मददगार होते हैं। स्काउट गाइड भवन रायबरेली से आये प्रशिक्षक मोनिका और श्री राम ने आज विद्यार्थियों को स्काउंट की स्थापना, संस्थापक, झंडा गीत, स्काउट से लाभ आदि के विषय मे बारीकी से बताते हुए छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया। प्राचार्य अनुराग चौधरी ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सरकारी नौकरियों में वेटेज अंक मिलते हैं।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीएलएड विभाग के 40 प्रशिक्षु और सभी प्रवक्ता गण उपस्थित थे।

### प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर ही बुलंदियों को छुआ जा सकता हैः सुनील सिंह

**लालगंज,रायबरेली।** बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में पृथ्वी दिवस और ग्रीन डे के उपलक्ष्य में विद्यालयी बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के जीवनोपयोगी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्ले ग्रुप से कक्षा 2 तक के छात्र छात्राओं ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्राकृतिक वस्तुओं के सहयोग से विभिन्न प्रकार की स्वनिर्मित कलाकृतियों के माध्यम से प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का संकल्प लिया तो कक्षा तीन से पांच के छात्र-छात्राओं विहान यादव,अनन्या,विशेष,शाश्वत आराध्या आदि सभी छात्र छात्राओं में ने पौधारोपण कर धरा को हरा भरा रखने का संकल्प लिया।

## परिणाम तय है इसलिए मतदाता उदासीन

अठारहवीं लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी। तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है ? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए ? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पाएगा या नहीं ? जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था ? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आई। तो भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है ? यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मतदाताओं में उस उत्साह की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गई। तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलांयस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है। दरअसल, आएगा तो मोदी ही, यह नारा भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के मन में गहरे पैठ गया है। तो भाजपा कार्यकर्ता अपनी जीत देख निश्चिंत होकर चुनाव को आराम से लड़ रहे हैं, तो विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को यह लगता है कि जब भाजपा ही जीत रही है और जनमानस भाजपा के साथ है तो चुनाव में आक्रामक होने का क्या फायदा ? ऐसा भी नहीं है कि भाजपा समर्थक हिन्दू मतदाता ही मतदान करने नहीं निकला, भाजपा को वोट नहीं देने वाले मुस्लिम समाज में भी वोट देने के प्रति उदासीनता देखी गई है। मुस्लिम बहुल बूथों पर जहां रात के दस-दस बजे तक मतदान करने के लिए लाइनें लगी रहती थीं, इस बार ऐसे समाचार सुनने में नहीं आए। इस तथ्य पर भी विचार करना ही चाहिए कि बीते सालों में यह पहली बार है जब मतदान केन्द्रों पर तनातनी या लड़ाई-झगड़े के समाचार भी सुनने को नहीं मिले हैं।

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

छत्तीसगढ़ के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं।

कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर,



**सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन ग्रीन हंट शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन ब्लूस्टार के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया।**

गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे।

सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन ग्रीन हंट शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन %ब्लूस्टार% के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है।

नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ 'राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना' शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए। केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं।

**विचार**

# डब्ल्यूटीओ का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, खेती की वैश्विक फजीहत

**जिल-कार हैरिस**

अबूधाबी के नेशनल एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित तेरहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वार्ता मुकाम पर नहीं पहुंच सकी। सदस्य देश कृषि और मत्स्य पालन नियमों पर सहमत नहीं हो पाए। वार्ता में अड़चन हो सकती है, लेकिन इसकी गंभीरता से इन्कार नहीं किया जा सकता। जैसा कि वार्ता समाप्ति के एक दिन पूर्व, प्रेस मीटिंग में नाम न बताने की शर्त पर, एक यूरोपियन कमिश्नर ने बताया कि- बहुपक्षीय व्यापार की भावना खत्म हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि सरकारें सिर्फ अपने लिए ही काम कर रही हैं, एक-दूसरे के लिए समझौता करने में किसी की रुचि अब नहीं रही। ये वार्ताएं हर दो वर्ष में आयोजित होती हैं, जिनमें 166 देश भाग लेते हैं। अपने जन्म से ही डब्ल्यूटीओ मुसीबतों की जड़ रहा है, खासकर अमेरिका और पश्चिमी देशों के अत्यधिक दबाव में, लेकिन फिर भी इसका मूल-मंत्र यही रहा है कि व्यापार विकास को बढ़ावा देता है। डब्ल्यूटीओ द्वारा सबसे कम विकसित देशों तथा अन्य विकासशील देशों को विशिष्ट तथा अलग तरह से तरजीह देना सुनिश्चित किया जाता है, लेकिन इस सम्मेलन में एक नई सुधार प्रक्रिया प्रस्तावित की गई




जो बेशक आगामी मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में भी जारी रहेगी। इसमें विकासशील देशों को दी जा रही खास तरजीह को गैर-वाजिब लाभ देना माना गया है। इस नए शब्दकोष में सुधार को समावेशी बताया जा रहा है, परंतु हकीकत में यह कमजोर देशों की कीमत पर आर्थिक रूप से ताकतवर शक्तियों को भारी लाभ पहुंचाने का जरिया है। डब्ल्यूटीओ में एकता परिषद की भागीदारी ओडब्ल्यूआईएनएफएस (अवर वर्ल्ड इज नॉट फॉर सेल, हमारी दुनिया बिकने के लिए नहीं है) की विस्तृत नीति के तहत थी।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में कॉर्पोरेट वैश्वीकरण का वर्तमान मॉडल एक महत्वपूर्ण अंग है। इसी मॉडल से लड़ने के लिए वैश्विक स्तर पर संगठनों और सामाजिक आंदोलनों का एक समूह ओडब्ल्यूआईएनएफएस है। इसका लक्ष्य एक ऐसी बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था का विकास करना है, जो टिकाऊ, लोकतांत्रिक, उत्तरदायी तथा सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण हो। डब्ल्यूटीओ को प्रभावित लोगों के प्रति

**अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में कॉर्पोरेट वैश्वीकरण का वर्तमान मॉडल एक महत्वपूर्ण अंग है। इसी मॉडल से लड़ने के लिए वैश्विक स्तर पर संगठनों और सामाजिक आंदोलनों का एक समूह ओडब्ल्यूआईएनएफएस है। इसका लक्ष्य एक ऐसी बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था का विकास करना है, जो टिकाऊ, लोकतांत्रिक, उत्तरदायी तथा सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण हो। डब्ल्यूटीओ को प्रभावित लोगों के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए किसान संगठनों, मछुआरों तथा प्रकृति पर निर्भर अन्य समुदायों को एक साथ लाना ही ओडब्ल्यूआईएनएफएस की भूमिका है।**

उत्तरदायी बनाने के लिए किसान संगठनों, मछुआरों तथा प्रकृति पर निर्भर अन्य समुदायों को एक साथ लाना ही ओडब्ल्यूआईएनएफएस की भूमिका है। भारत से संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तीन सदस्य भी सम्मेलन में शामिल हुए थे।

एसकेएम एक गैर-राजनीतिक किसान संगठन है, जो दिल्ली की सीमाओं पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर अपना संघर्ष जारी रखे था। डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक एन्गोजी ओकोंजो-इवेला ने दो स्वतंत्र सलाहकार निकाय नियुक्त किए थे-पहले में दस सिविल सोसाइटी संगठन शामिल थे, जबकि दूसरा एक व्यापार मंच था। डब्ल्यूटीओ से विभिन्न मुद्दों पर सलाह मशविरा करने के लिए जून, 2023 में सलाहकार समूह स्थापित किया गया था। इसके प्रतिनिधि मुख्यतरू उपभोक्ता संगठनों, पर्यावरण समूहों एवं ट्रेड यूनियनों के कार्यकर्ता थे। जाहिर है, प्रभावित समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले ओडब्ल्यूआईएनएफएस के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना आवश्यक था। अंतिम दिन डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक ने गैर-सरकारी संगठनों से मुलाकात की। लघु कृषि भूमि मालिकों तथा भूमिहीन श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सामाजिक संगठन की हैसियत से एकता परिषद भी इस मुलाकात में शामिल हुई।

अबूधाबी सम्मेलन के दौरान डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक ने सिविल सोसाइटी संगठनों की मीडिया अथवा सदस्य राष्ट्रों से संवाद को प्राथमिकता नहीं दी। पूर्व के मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में ऐसा नहीं होता था।

महानिदेशक की ओर से सहयोग न मिलने का नतीजा यह हुआ कि सिविल सोसाइटी संगठन अपने पर्चे नहीं बांट पाए, उनके घोषणा-पत्र जब्त कर लिए गए और उन्हें अपनी सामग्री बांटने व फोटो लेने से रोक दिया गया। कुछ सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखने पर दंडात्मक कार्रवाई की धमकियां तक दीं, जबकि पूर्व के सभी सम्मेलनों में यह आम बात थी। अंतिम दिन महानिदेशक ने सिविल सोसाइटी संगठनों को संबोधित किया और जिसमें उन्होंने खुलकर अपने विचार सामने रखे। डब्ल्यूटीओ के इस सम्मेलन में सबसे उग्र बहस कृषि मुद्दों पर हुई। कई देश, विशेषकर खाद्य उत्पादों के आयातक ब्राजील जैसे देश इस बात के पक्ष में थे कि खाद्य उत्पादों के व्यापार में अधिक उदारता लाई जाए। खाद्य सामग्री की कमी से जूझ रहे कई देशों के लिए यह बेहद कठिन है क्योंकि वे सस्ती खाद्य सामग्री, खासकर अनाज के आयात पर निर्भर नहीं रहना चाहते। यह कई सालों से तीखी बहस का मुद्दा रहा है, यहां तक कि इससे एक बहुपक्षीय निकाय के रूप में डब्ल्यूटीओ के अस्तित्व पर ही संकट के बादल छा गए थे। वर्ष 2008 में वार्ताओं में आया यह व्यवधान बाद में एक अंतरिम समझौते पीस क्लॉज से सुलझा, जिसे 2013 के बाली मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में पारित किया गया था। कृषि उत्पादों का व्यापार हमेशा से ही विवादास्पद रहा है क्योंकि यह खाद्य सामग्री के निर्यात पर दिए गए प्रोत्साहन को, विशेषकर विकासशील देशों के वंचित समुदायों, खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं के विरुद्ध खड़ा कर देता है।

# समारोहों में बेलगाम हथियार




पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की इस चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में 'हर्ष फायरिंग' के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं।

निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। इस बाबत हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी से सवाल किये कि क्या आर्म्ड लाइसेंस जारी करने मे शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत कोई प्रोटोकॉल, दिशा-निर्देश या मानदंड निर्धारित हैं? पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं?दरअसल, यह विडंबना ही है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर ऐसे गंभीर व संवेदनशील मुद्दों पर पहल होनी चाहिए, उसकी याद हाईकोर्ट को दिलानी पड़ रही है। सत्ताधीश लोकलुभावन राजनीति के चलते समाज के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज करते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई?

दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर हथियारों के लाइसेंस जारी करवाने के खेल में जो बिचौलियों की भूमिका होती है, उसे खत्म करने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही उन विभागीय काली भेड़ों की भी जांच हो जो लेनदेन करके अपात्र व्यक्तियों व संदिग्ध चरित्र के व्यक्तियों को लाइसेंस दिलाने में कामयाब हो जाते हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सीमावर्ती पंजाब में अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। जो समाज व कानून व्यवस्था के लिये बेहद घातक साबित हो रहे हैं। पड़ोसी देश से ड्रोन के जरिये हथियार गिराने के अनेक मामलों के बाद हमें खतरनाक मंसूबों के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। इस गंभीर स्थिति की निगरानी के लिये पुलिस व सीमा सुरक्षा बलों को अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये सघन अभियान चलाने की जरूरत है।



# राशिफल

**मेष:-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**बृषभ :-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन :-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क :-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह :-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या :-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुला:-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु:-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर:-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ:-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन:-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# मछुआरों, महिलाओं और स्थानीय संस्कृति का सहारा

**उमेश चतुर्वेदी**

अपने दम पर बहुमत के साथ लगातार दो बार से केंद्रीय सत्ता को संभाल रही भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाडु और केरल अब तक प्रश्न प्रदेश रहे हैं। इस लिस्ट में 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया जा सकता है। 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे में दक्षिण का अभेद्य बना किला फतह करने की कोशिश भी शामिल है। पार्टी को पता है कि जब तक वह अभेद्य समझे जाने वाले दक्षिण के दुर्ग में जोरदार सेंध नहीं लगाएगी, उसका यह नारा जमीनी हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच पाएगा।

यही वजह है कि पार्टी का शिखर नेतृत्व लगातार तमिलनाडु पर अपना ध्यान फोकस किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे-प्रतिदावों का दौर जारी है। तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज-तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान।

अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक 'एन मन, एन मक्कल' नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा। उस वक्त इस सीट की नुमाइंदगी करने वाले सीपी राधाकृष्णन इन दिनों झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके जिम्मे तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का चार्ज भी है। जब सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर से सांसद चुने गए थे, तब वे 41 साल के युवा थे। यह संयोग है कि कुछ और कि अन्ना मलाई इन दिनों चालीस की उम्र पूरी करने वाले हैं। यानी अगर कोयंबटूर से वे जीतते हैं तो वे भी सीपी राधाकृष्णन की तरह युवा ही होंगे।

**भारतीय जनता पार्टी की शिखर यात्रा की ओर जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि उसने जिस राज्य में भी पैर जमाया, वहां वह पहले छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में वह अपना प्रभाव बढ़ाते हुए बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है और मौका मिलते ही शिखर पर पहुंच जाती है। दो चुनाव पहले तक बीजेपी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में इंडियन नेशनल लोकदल और तृणमूल कांग्रेस के छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में उसने प्रभाव बढ़ाया। अब हालत यह है कि हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है तो तृणमूल कांग्रेस उसकी चुनौती से पार पाने का उपाय खोज रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में रही। पहले वह शिवसेना की बी टीम की तरह काम करती रही और पिछले कुछ चुनावों से वह पहले नंबर पर आ गई है। पंजाब में इसी तरह वह 1997 से लगातार शिरोमणि अकाली दल की बी टीम रही और इस बार उसने खुद को अकेले मैदार में उतार दिया है। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी 1998 में डीएमके के साथ रही तो 1999 में एडीआईएमके की जूनियर पार्टनर बनी।**

भारतीय जनता पार्टी की शिखर यात्रा की ओर जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि उसने जिस राज्य में भी पैर जमाया, वहां वह पहले छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में वह अपना प्रभाव बढ़ाते हुए बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है और मौका मिलते ही शिखर पर पहुंच जाती है। दो चुनाव पहले तक बीजेपी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में इंडियन नेशनल लोकदल और तृणमूल कांग्रेस के छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में उसने प्रभाव बढ़ाया। अब हालत यह है कि हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है तो तृणमूल कांग्रेस उसकी चुनौती से पार पाने का उपाय खोज रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में रही।

पहले वह शिवसेना की बी टीम की तरह काम करती रही और पिछले कुछ चुनावों से वह पहले नंबर पर आ गई है। पंजाब में इसी तरह वह 1997 से लगातार शिरोमणि अकाली दल की बी टीम रही और इस बार उसने खुद को अकेले मैदार में उतार दिया है। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी 1998 में डीएमके के साथ रही तो 1999 में एडीआईएमके की जूनियर पार्टनर बनी। 2014 तक वह अन्ना द्रमुक के साथ रही, लेकिन अब वह तकरीबन अकेले दम पर आगे आ रही है। हाल के दिनों में पार्टी तार्किक रणनीति के साथ मैदान में उतरती रही है। उसके वायदों और शासन के तरीके पर सवाल जरूर उठ सकते हैं, लेकिन रणनीतिक कदम के लिए उसकी प्रशंसा करनी होगी। प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु को हल करने के लिए पार्टी ने अरसा पहले काम शुरू कर दिया था। केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम शुरू कराया, एक भारत, श्रेष्ठ भारत। इसके जरिए राज्यों को उनके पारंपरिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्तों के साथ जोड़ना शुरू किया। इसके तहत तमिलनाडु का काशी से संगम शुरू हुआ। काशी भगवान भोलेनाथ की नगरी है और तमिलनाडु में शैव परंपरा को मानने वालों की अच्छी-खासी संख्या है। महाशिवरात्रि के वक्त काशी में तमिलनाडु, आंध्र और कर्नाटक के यात्रियों की बाढ़ रहती है। काशी और तमिलनाडु के करीबी रिश्तों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल दिलों में उतरने की कोशिश साल 2022 में तेज की।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण



मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

बाईसा हजार की आबादी वाले गांव में चार नलकूप व एक टंकी होने के बाद भी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है ग्रामीण जबकि वीडियो ने जल्दी ही पेयजल की व्यवस्था कराए जाने की बात कही है।

बताते चलें कि विकासखंड के बड़ी आबादी वाले गांव खंडेह में हमेशा से पेयजल की भारी किल्लत से जूझते आ रहे हैं ग्रामीण इस संबंध में जनपद स्तर पर क्षेत्र के खंडेह, कपसा इचोली गुशियारी आदि गांव के लिए विशेष पैकेज जारी कर नलकूप व एक टंकी का निर्माण खंडेह गांव में किया गया था जिससे कुछ दिन ही पानी की सप्लाई ठीक-ठाक मिल पाई थी और विभाग की लापरवाही के चलते जगह-जगह पाइपलाइन फटने लगी और समय बीतने के बाद अब स्थिति यह है कि ग्रामीणों के अनुसार 15-15 दिन पानी लोगों को उपलब्ध नहीं हो रहा है और जब द्व टंकी से पेयजल संचालित होता है तो मात्र आधा घंटे ही ग्रामीणों को पानी मिल पाता है मौके में स्थिति यह है कि टंकी को पानी सप्लाई करने वाली मोटर खराब पड़ी है जिससे ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कर पीने का पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है जब इस संबंध मे खंड विकास अधिकारी से जानकारी की तो बताया कि सूचना मिली है जल्द ही लोगो को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# दबंगों ने महिला को किया घायल दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

महोबा। समृद्धि न्यूज

**मां ने विरोध किया तो हसिया से उनके ऊपर कर दिया हमला**

दबंगों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया और हसिया भी मार दिया। इसके साथ ही उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ितों की सूचना पर आरोपियों के खिलाफ धारा 324, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पनवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फदना गांव निवासी दुर्जन सिंह पुत्र रबूदा श्रीवास ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 13 अप्रैल को उसकी मां रामढकेली घर में अकेली थी। शाम करीब 5 बजे उसके गांव का ही जगदयाल व भारतसिंह पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मां ने विरोध किया तो हसिया से उनके ऊपर हमला कर घायल किया। जिससे उसके हाथ में चोट आ गई। जिसका प्राइवेट अस्पताल में उपचार किया। वह दवा के लिए जा रहा था तो रास्ते में रोककर इन लोगो ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस आरोपियों जगदयाल व भारत सिंह के खिलाफ धारा 324, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक,कांग्रेसियों ने बनाई रणनीति

महोबा। मुख्यालय के आल्हा चौक में लोकसभा हमीरपुर महोबा तिंदवारी कोऑर्डिनेटर मुखट सिंह की अध्यक्षता में महोबा विधानसभा, चरखारी विधानसभा में बीएलए बनाने के लिए समीक्षा बैठक हुई। जिसमें लोकसभा प्रभारी ने बीएलए की नियुक्ति के लिए निर्देशित किया व आगामी लोकसभा चुनाव हेतु गठबंधन का पालन बड़ी लगन से एकजुटता और ईमानदारी के साथ करने को कहा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष तुलसीदास लोधी, आफाक सर्वर, डॉ. प्रमोद रंजन, संतोष कुमार धुरिया, देवदत्त तिवारी, मानसिंह, सुरेंद्र सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होमगार्ड की पुत्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

मुस्करा थाने के बसवारी गांव में होमगार्ड की पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुत्री की मौत पर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बसवारी गांव निवासी 19 वर्षीय रविता पुत्री वीरेंद्र कुमार सोमवार की रात कमरे में मां की साड़ी का फंदा डाल फांसी लगाकर ली। सुबह जब स्वजनों ने युवती को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि वह होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। उसकी पुत्री रविता ने दो वर्ष पहले नौवीं के पेपर देकर पढ़ाई छोड़ दी थी। स्वजन घटना के कारणों को स्पष्ट नहीं बता सके। पुत्री की मौत पर मां नीरज का रो रोकर बुरा हाल है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

राठ। जरिया थाने के अलकछवां गांव निवासी सविता पुत्री देवीदीन ने बताया कि वह कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में मनोज राजपूत के मकान में किराए से रहती हैं। शनिवार की रात नौ बजे विनीता पत्नी महेश्वरी प्रसाद अपने चाचा व भतीजों को लेकर किराए के मकान में आए और किराए से रह रहे महेश्वरी प्रसाद के साथ पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बताया कि जब वह बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट से उसे व महेश्वरी प्रसाद को चोट आई है। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# वाहन चालकों को पढ़ाया यातायात के नियमों का पाठ



वाहनों की जांच करती पुलिस।

**एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में चलाया गया अभियान**

महोबा। समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/ सीट बेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नंबर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए।

यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।



# क्षेत्राधिकारी ने अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

पनवाड़ी महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार द्वारा थाना पनवाड़ी में थाना पनवाड़ी अंर्तगत प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी मनीष कुमार पाण्डेय सहित थाना के समस्त विवेचकगण एवं समस्त हल्का प्रभारियों का अर्दली रूम कर थाना स्तर में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, अपराधियों के विरुद्ध जारी हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के खिलाफ की गई प्रभावी कार्यवाही इत्यादि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा समस्त विवेचकों से विवेचना को लम्बित रखने का कारण पूछा गया एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए अभियान के तहत विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की मतदान की अपील

**20 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान**

महोबा। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने सभी जनपदवासियों से मतदान करने कि अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत आगामी 20 मई को जनपद महोबा में मतदान होना है। मतदान का समय प्रातः 07:00 बजे से सांय के 06: 00 बजे तक रहेगा। आप सभी मतदाता मतदान हेतु बूथों पर आमंत्रित हैं। मतदान केन्द्र अथवा अपने बूथ की जानकारी वेबसाईट पर की जा सकती है। प्रत्येक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच सकें और किसी भी अवरोध के बिना अपना वोट डाल सकें, इसके लिए 12 प्रकार की आईडी आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पास-बुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, इनमे से कोई एक पहचान पत्र लेकर कोई भी मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग कर सकता है। जिला प्रशासन आपके मतदान को सहज, सुलभ, सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए पिंक बूथ, दिव्यांग बूथ, आदर्श बूथ तथा सभी बूथों पर आवश्यक सुविधाएं यथा स्वच्छ पेयजल, व्हीलचेयर, शौचालय, छायादार स्थान, बैठने का स्थान, हैल्प डेस्क इत्यादि उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डीएम ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र के नागरिक है। पूरा राष्ट्र इस समय लोकतंत्र के इस पावन उत्सव के रंगों में रंगा है।

मतदान केवल अधिकार ही नहीं है अपितु एक पावन कर्तव्य भी है। राष्ट्र के निर्माण में हमारा योगदान भी है। इसलिए हम अपने परिवार के प्रत्येक मतदाता और पडोसी मतदाता, युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग एवं महिलाओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित करें। एक सुदृढ़ लोकतंत्र का निर्माण करें।

## खबरें एक नजर में

### मकान की छत से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

महोबा। अजनर थाना क्षेत्र के पठारी गांव का निवासी 40 वर्षीय बृजनंदन पुत्र जानकी कुशवाहा अपने परिवार सहित फरीदाबाद दिल्ली में मेहनत मजदूरी का काम करता था। वह अपने दोस्त की शादी में बछेछर खुर्द आया था। बृजनंदन के दोस्त की शादी जैतपुर मैरिज हॉल में थी और शादी में शिरकत करने के बाद वह अपनी ससुराल हेमचंद कुशवाहा मुहल्ला मस्तानापुरा जैतपुर आ गया और सोने के लिए छत पर जाकर लेट गया। रात को किसी कारणवश वह छत से उठा और छत से नीचे लाइट के तारों से लिपटते हुए पक्के चबूतरे पर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गिरने की आवाज से परिजनों ने जाकर देखा जब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पंच नामा भर पोस्ट मार्टम के लिए महोबा भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### मजदूर को मारपीट कर तोड़े हाथ पैर, मामला दर्ज

राठ। कोतवाली के पड़रा गांव में मजदूर को एक व्यक्ति ने घर के अंदर ले जाकर लोहे के पाइप से मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। पीड़ित कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पड़रा गांव निवासी कुंवरलाल पुत्र मक्खू ने बताया कि वह ईंट भट्ठों में मजदूरी करता है। सोमवार की सुबह वह खेत से घर आया था। सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह गांव में रखी दुकान से गुटखा लेने गया था। तभी गांव के जीतेन्द्र पुत्र ईश्वरदास ने उसे घर पर बुलाया और हाथ में लिए लोहे के पाइप से उसकी पिटाई करने लगा। बताया कि मारपीट से उसका दाहिना पैर व हाथ टूट गया है। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। डॉ नरेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक के हाथ व पैर फैक्चर है। गंभीर चोटें आने पर उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दहेज में रुपए की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाला

राठ। दहेज में अतिरिक्त रुपए की मांग पूरी न होने ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली के सरसई गांव निवासी आरती पुत्री राकेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि उसके पिता ने 19 जून 2019 को अवधेश तिवारी पुत्री रमेश चंद्र निवासी गांधी नगर महोबा के साथ की थी। शादी में उसके पिता ने छह लाख रुपए नकद व दहेज जेवरात दिए थे। शादी के कुछ दिन बाद से ससुरालीजन कम दहेज मिलने पर पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। जब उसने कहा कि अब उसके पिता अतिरिक्त रुपए नहीं दे सकते हैं। जिससे ससुरालीजन नाराज हो गए। बताया कि ससुरालियों ने गाली गलौज कर प्रताड़ित करने लगे थे। जब उसने यह बात पिता को बताई तो उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। 5 जून को ससुरालियों ने उसके से मारपीट की थी और चार पहिया गाड़ी से जेवरात छीन उसे मायके छोड़ कर भाग गए। बताया कि उसके पिता ससुराल गए। लेकिन ससुरालियों ने दरवाजे नहीं खोले। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति, सास सुमन, ननंद ज्योति, देवर भानु प्रताप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ हुई गोरखगिरि की परिक्रमा




ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते भक्त।

**विभिन्न धार्मिक स्थलों से होते हुए निकली यात्रा**

महोबा। समृद्धि न्यूज

गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में चैत्र मास की पूर्णिमा पर ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा श्रद्धा भक्ति व रामधुन के साथ पूर्ण हुई। परिक्रमा शिवतांडव मंदिर से सुबह 6 बजे प्रारंभ हुई। परिक्रमा यात्रा शिवतांडव से पठवा के बाल हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, कबीर आश्रम, बाबा फिरोज शाह की दरगाह, काली माता व छोटी चंद्रिका मंदिर, रामदरबार से पुलिस लाइन रोड होते हुए शिवतांडव मंदिर परिसर में समाप्त हुई। यहां भजन कीर्तन और सत्संग हुआ।

परिक्रमा समिति के प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि परिक्रमा के दौरान राम नाम संकीर्तन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने तुलसीकृत चौपाई राम सदा सेवक रुचि राखी, वेद पुराण साधु सुर साखी की विस्तार से व्याख्या की। समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि कलयुग में राम नाम ही भव सागर से मनुष्य को पार कराता है। साध्वी सुनीता अनुरागी ने बाल्मीकि रामायण के भगवान राम के आदर्श चरित्र के श्लोकों को सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर आशीष पुरवार, हरीशंकर नायक, गौरीशंकर कोष्ठा, चंद्रभान श्रीवास, राकेश चौरसिया, अजीत, ओमप्रकाश साहू, ओमनारायण शुक्ला सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# मेला करके लौट रहे चाट दुकानदार की सड़क हादसे में मौत

राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज



जलालपुर थाने के भेड़ी गांव से मेला करके पिकअप से लौट रहे चाट दुकानदार की सड़क हादसे में मौत हो गई। जलालपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मच गया है।

कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी मनीष साहू पुत्र परशुराम ने बताया कि उसके बड़े भाई 45 वर्षीय मोहित साहू मेला में चाट समोसा की दुकान लगाते थे। जिससे परिवार का भरण-पोषण होता था। बताया कि नवरात्रि के चौथ वाले दिन उसका भाई मोहित जलालपुर थाने के भेड़ी गांव में लगे मेले में चाट समोसा की दुकान किए थे। सोमवार का मेले के समापन पर वह रात को पिकअप गाड़ी से सामान भरकर घर लौट रहे। तभी रात करीब ढाई बजे पचखुरा मोड़ के पास सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया कि पिकअप चला रहा युवक फरार हो गया। बताया कि पिकअप उसके भाई मोहित की थी। मृतक अपने पीछे दो पुत्र हिमांशु, दिव्यांशु और दो पुत्रियां मुस्कान कोमल छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी सावित्री साहू और मां भगवती साहू का रो रोकर बुरा हाल है।

## कच्ची दीवार गिरने से मजदूर घायल

मौदहा, हमीरपुर। नगर के तहसील मार्ग पर निर्माणाधीन मार्केट परिसर में कच्ची दीवाल गिरने से उसमें दबकर मजदूर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद नाजुक हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया। नगर के तहसील मार्ग पर फहीमुद्दीन अपनी मार्केट बनवा रहा है जिस पर ग्राम चकदहा निवासी सुमित 20 वर्ष पुत्र रामेश्वर मजदूरी करता है। मंगलवार की दोपहर जब वह एक पुरानी कच्ची दीवार गिरा रहा था तभी अचानक दीवार ढहने से सुमित दीवाल के मलवे में दब गया, यह देख वहां मौजूद मजदूरों ने आनंन -फानन दीवाल का मलवा हटाकर सुमित को निकाल गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

## पृथ्वी दिवस पर हुई पोस्टर स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता

इटावा। छोटे-छोटे कार्य,जब लाखों से गुणा हो जाएं,तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण अंतर ला सकते हैं। इसी दिवस की महत्वता समझाने के लिए आज यश इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया। शब्दों को क्रियान्वित करते हैं। हमारे छात्रों ने असेंबली में पृथ्वी दिवस पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया,जो उन्हें हरित भविष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि पृथ्वी को संजो के रखने की कितनी आवश्यकता है क्योंकि ये केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि हमारे आने वाले भविष्य के लिए भी उतनी ही जरूरी है।

# महिला महाविद्यालय में हुई शूटिंग प्रतियोगिता




इटावा। समृद्धि न्यूज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटावा इकाई के द्वारा खेलो भारत कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में छात्राओं के बीच शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में थियोसोफिकल इंटर कॉलेज और राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय इटावा की छात्राओं ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। विद्यार्थी परिषद सदैव से छात्राओं के बीच में उनकी सुरक्षा और उनके कौशल विकास को लेकर के कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के पीछे उद्देश्य होता है कि छात्राओं के अंदर छिपी खेल भावना को विकसित करना व उनके अंदर प्रतियोगी शक्ति का विकास करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन केकेपीजी कॉलेज की अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर पदमा त्रिपाठी के द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्याम पाल सिंह के द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में छात्राओं के उत्साह को बढ़ाते हुए प्रोफेसर पदमा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए खेल अति आवश्यक है। शूटिंग जैसे खेल का आयोजन जिस पर लड़कों का आधिपत्य माना जाता है छात्राओं के बीच में कराना संगठन की एक उत्कृष्ट सोच को दर्शाता है ऐसे खेल एकाग्रता को बढ़ाते हैं।

# जन सहयोगी इंटर कॉलेज के प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित

इटावा। समृद्धि न्यूज

यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया, जिसमें बीहड़ इलाके में संचालित जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर इटावा के छात्र एवं छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार बघेल नेबताया कि इस विद्यालय में अभावग्रस्त और गरीब बच्चे ज्यादा है लेकिन उनमें पढ़ने की ललक और इच्छाशक्ति उतनी ही ज्यादा है,और उनके सपनों को पंख देने में सभी शिक्षक मेहनत और लगन से बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे है। हाई स्कूल में युवराज और सूरज कुमार ने गणित में 100 में 99 अंक तक हासिल किए है। बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। व्यायाम शिक्षक विमल कुमार, ललिता मैम तथा गणित शिक्षक अजय कुमार अवस्थी ने सभी सफल हुआ छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। विद्यालय में हाई स्कूल के सूरज कुमार ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ कॉलेज में प्रथम तो वही इंटरमीडियट में कु छाया ने 76.2 प्रतिशत अंकों के साथ कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडियट परीक्षा में विद्यालय की छाया 76.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, साक्षी 73.6 प्रतिशत पाकर द्वितीय तथा क्षमा 71.4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

इटावा। समृद्धि न्यूज

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति डी बाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चवन प्रकाश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज श्वेता श्रीवास्तव के संयोजन में विमला वाटिका ईकरी रोड में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं उपभोक्ता प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई। उपरोक्त शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक अश्विनी त्रिपाठी ने कहा कि आजकल बाजार में नकली सामान की भरमार है शादी विवाह का सीजन चल रहा है आप लोग जो भी सामान बाजार से खरीदते हैं।

जैसे टीवी, फ्रिज, कूलर तथा दैनिक उपयोग और घरेलू उपयोग का सामान तथा शादी विवाह के लिए सोने, चांदी के जेवर आदि तो उसकी जीएसटी वाली पक्की रसीद अवश्य लें जिससे सामान यदि नकली निकलता है या उसमें कोई खराबी आ जाती है तो आप उसे दुकानदार या उस कंपनी के खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम में बाद दायर कर अनुतोष प्राप्त कर सकते हैं।

# सीएम की जनसभा को लेकर हुई समिति की बैठक



इटावा। समृद्धि न्यूज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा की तैयारियों को लेकर जसवंतनगर चुनाव कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में चुनाव प्रबंधन समिति कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने 25 अप्रैल को जसवंतनगर के रामलीला मैदान में होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा स्थल का निरीक्षण कर तैयारी बैठक ली जहाँ उन्होंने सभा मे पचास हार लोगो का लक्ष्य रखा है तथा सभी मंडल अध्यक्षों को अपने अपने मंडलो में प्रचार प्रसार कर 5 हजार लोगो का लाने का लक्ष्य दिया है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रकाश पाल ने कहा कि ऐसा कोई सागा नही जिसको सपा ने ठगा नही। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बच्चे, बूढ़े महिलाओं और नौजवान को हमेशा ठगा है इसलिए आज ऐसा कोई बचा नही जो सपा से खफा नही।इंडी गठ बन्धन के सनातन विरोधी नेता लगातार सनातन को खत्म के लिए सनातन पर हमला कर रहे है,वहीं देश की जनता इन बार सनातन विरोधी नेताओ को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है ।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, बृज क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नगरीय क्षेत्र में आम-जनमानस से संपर्क कर मुख्यमंत्री की सभा के लिए पीले चावल भेंटकर आमंत्रित किया।

# अवैध तलवार सहित आरोपी गिरफ्तार

इटावा। समृद्धि न्यूज



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने अवैध तलवार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत तथा जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी, इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी सुनील कुमार पुत्र मान सिंह निवासी ठाकुरान मुहाल लखना थाना बकेवर को भारामल रोड से अवैध लोहे की तलवार सहित गिरफ्तार किया गया।

इस सफलता में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना बकेवर, उ.नि. ललित कुमार, हे.का. विजय दीक्षित, का. अमरेन्द्र कुमार, का. रवि गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

## एसएमजीआई जेनरो 2024 का हुआ समापन

इटावा। एसएमजीआई में चल रहे जेनरो 2024 (स्पोर्ट्स - कल्चरल वीक) का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रीति यादव, चेयरमैन मदन हॉस्पिटल डॉ. विकास यादव अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जेनरो के समापन कार्यक्रम में एसएमजीआई के डायरेक्टर डॉ. उमा शंकर शर्मा के द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जेनरो 2024 के रंगारंग कार्यक्रमों में मैनेजमेंट, फार्मेसी ,नर्सिंग, एवं बी.एड, बीटीसी के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# डीएम ने प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारियों को उनके दायित्व बताए

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण के दूसरे दिन राजकीय मेडिकल कालेज में दो पालियों में आयोजित किया गया, पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारियों को उनके दायित्वों को बताते हुये स्वयं भी प्रशिक्षण दिया। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान 5 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे, अनुपस्थित अधिकारियों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

▸ प्रशिक्षण के दौरान 5 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पीठासीन अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की रीढ़ होती है इसलिये अपने दायित्वों को भलीभांति अध्ययन कर ले, निर्वाचन में त्रुटि की कोई भी गुंजाइस नही होगी। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी के प्रशिक्षण, पोलिंग पार्टी रवाना और मतदान तीन मुख्य घटक है, त्रुटि रहित निर्वाचन कराना ही हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सर्वप्रथम बैलेट यूनिट के तार को वीवी पैट के पिछले हिस्से मे एवं वीवी पैट के तार को सीयू से जोड़ना चाहिये, वीवी पैट के पिछले हिस्से में लगे काले रंग के नॉब को खड़ी अथवा ऑन स्थिति में करें तत्पश्चात ही सीयू को पीछे से ऑन करें, मॉकपोल में कम से कम 50 वोट का प्रयोग करें तथा मॉकपोल के बाद क्लोज बटन दबायें तत्पश्चात रिजल्ट बटन दबायें, मॉकपोल के दौरान पर्चियों को वीवी पैट से बाहर निकालकर परिणाम से मिलान करायें तथा पीठासीन अधिकारी मॉकपोल सर्टीफिकेट भाग-1 अवश्य भरेंगे तथा भाग-1 पर स्वयं हस्ताक्षर करेंगे एवं मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से करायेंगे, क्लियर बटन दबाकर मॉकपोल मतो को शून्य करेंगे तथा सीयू को ग्रीन पेपर सील एवं स्पेशल एड्रेस टैग से सील करेंगे, वीवी पैट पर्चियों पर मॉकपोल स्लिप की मोहर लगाकर काले लिफाफे में पिंक पेपर सील से सील करना न भूले। उन्होने कहा कि मॉकपोल के दौरान बीयू कार्य नही कर रहा है तो केवल बीयू ही बदले, सीयू कार्य नही कर रहा है तो केवल सीयू ही बदले, वीवी पैट कार्य नही कर रहा है तो केवल वीवीपैट ही बदले तथा इस दौरान पीठासीन अधिकारी भाग-4 भरेगा तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट को देगा। उन्होने कहा कि वास्तविक मतदान के दौरान बीयू अथवा सीयू कार्य नही कर रहा है तो पूरा सेट बदले भाग-4 ईवीएम, वीवी पैट का रिप्लेसमेंट पीठासीन अधिकारी द्वारा भरा जायेगा। नए सेट के साथ मॉकपोल की प्रक्रिया अभिकर्ताओं की उपस्थिति में की जायेगी, मॉकपोल के समय एक-एक वोट डाला जायेगा, वीवी पैट कार्य नही कर रहा है तो केवल वीवी पैट बदले। इसमें मॉकपोल करने की आवश्यकता नही है। सीयू को ऑफकरने के पश्चात ही नया वीवी पैट लगाया जायेगा, वीवी पैट के नॉब को ऑन करने के पश्चात सीयू को ऑनकर मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ करा दी जायेगी। वास्तविक मतदान के दौरान मशीनों के प्रतिस्थापन में पीठासीन अधिकारी भाग-5 भरेगा तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट को देगा। मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन अवश्य दबायें तथा पीठासीन अधिकारी भाग-3 भरेगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी आदि सहित संबंधित अधिकारी व मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।



### प्रारूप-14 में ऐसे चुनौती दिये गये मतों का रिकार्ड रखा जायेगा

उरई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान यदि कोई व्यक्ति वोट डालने आता है और अभिकर्ताओं द्वारा मतदाता के नाम व पहचान को लेकर यदि आपत्ति की जाती है तो जिस मतदान अभिकर्ता द्वारा चैलेन्ज किया जाये उससे 2 रुपए जमा कराकर निर्धारित अनुलग्नक-19 में रसीद जारी किया जायेगा तथा प्रारूप-14 में ऐसे चुनौती दिये गये मतों का रिकार्ड रखा जायेगा। पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदाता के संबंध में जांच की जायेगी और यदि यह पाता है कि मतदाता सही है तो उसका ईवीएम के माध्यम से मत की अनुमति देगा। यदि यह पाया जाये कि जो मतदाता मत डालने आया था वह किसी फर्जी मतदाता के नाम से वोट डालने आया था तब उसे निर्धारित प्रारूप अनुलग्नक-20 में थानाध्यक्ष को सम्बोधित रिपोर्ट भरकर वहां उपस्थित पुलिस को सुपुर्द कर देंगे तथा जिस मतदान अभिकर्ता ने 2 रुपए जमा किये थे वह उसे वापस कर दिया जायेगा।

### निर्वाचन प्रक्रिया में लगे कार्मिक आपसी समन्वय स्थापित रखे

उरई। पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में लगे कार्मिक व पुलिस कार्मिक आपस में समन्वय स्थापित रखे और सभी के मोबाइल नंबर होने चाहिये जिससे निर्वाचन में किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर सम्पर्क किया जा सके और बेहतर माहौल में चुनाव सम्पन्न हो सके।

## खबरें एक नजर में

### पीठासीन अधिकारी के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए कार्यवाही की मांग

**जालौन (उरई)।** न्यायालय अपर सिविल जज (जूडि) में पीठासीन अधिकारी के स्थानांतरण के बाद से पद रिक्त है। पद रिक्त होने के कारण न्यायालय में विचाराधीन मामले की सुनवाई प्रभावित हो रही और न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुसिंफकोर्ट के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायाधीश को मांग पत्र भेजकर पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की मांग की है। बुदेलखंड एडवोकेट बार एशोसिएशन मुसिंफ कोर्ट के अध्यक्ष जंगबहादुर सिंह समेत सचिव राघवेंद्र मोहन, रमेशचंद्र जाटव, सतीशचंद्र, बृजमोहन कुशवाहा, दीनबंधु निरंजन, चंद्रकिशोर दुबे, कमलसिंह कुशवाहा, साहुल त्रिपाठी आदि धिवक्ताओं ने एक मांग पत्र जनपद न्यायाधीश को भेजा है जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि नगर में स्थापित न्यायालय अपर सिविल जज (जूडि) में तहसील जालौन व माधौगढ समेत 6 थानों के मामले सुने जाते हैं। इस न्यायालय में इस समय लगभग 10 फौजदारी और करीब पांच हजार के आसपास दीवानी के मामले विचाराधीन है। न्यायालय में नियुक्त पीठासीन अधिकारी का पिछले माह स्थानांतरण हो गया था। उन्होंने लगभग 10 दिन पूर्व पदभार छोड़ दिया है। पीठासीन अधिकारी के चले जाने के बाद न्यायालय में विचाराधीन मामलों को न्यायिक अधिकारी द्वारा सुनवाई कर पाना मुश्किल है। विचाराधीन मामलों की संख्या को देखते हुए जनहित में न्यायालय में पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाए। ताकि लोगों को न्याय मिलने में देरी न हो सके और न्यायिक प्रक्रिया सुचारू चलती रहे।

### गैंसडी विधानसभा उपचुनावः ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन होगा आजः जिला निर्वाचन अधिकारी

**बलरामपुर।** डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह ने बताया कि गैंसड़ी उपचुनाव को स्वतंत्र , निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में कल दिनांक 24 अप्रैल 2024 को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन अपराह्न 12:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में किया जाएगा। ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### शराब के नशे में चचिया ससुर के साथ की मारपीट

**जालौन (उरई)।** शराब के नशे में चचिया ससुर के साथ गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी विजय बहादुर ने पुलिस को बताया कि उनका चचेरा दामाद ब्रह्मप्रकाश शाम को जालौन आया था। वह शराब पीकर घर आ गया। जब उन्होंने शरारब पीने से मना किया और शराब न पीने के बारे में समझाना चाहा तो गाली, गलौज करने लगा। मना करने उसने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उन्हें चोटें आईं हैं। पीड़ित चचेरे ससुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफकार्रवाई की है।

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**कोंच (जालौन)।** टक्कर लगने से घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी मनोज पुत्र भगवानदीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 21 अप्रैल को दिन के समय उसके पिता भगवानदीन बाइक पर सवार होकर जा रहे थे तभी रास्ते में तेज रफ्तार चारपहिया चालक ने लापरवाही बरतते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। और वाहन सहित चालक मौके से भाग गया था। गंभीर हालत में पिता को उपचार हेतु सीएचसी ले जाया गया था जहाँ से चिकित्सकों ने झाँसी रेफर.कर दिया था। उपचार के दौरान पिता की मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध दफा 279, 304ए, 337 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जालौन (उरई)।** शादी में शामिल होने आए दो व्यक्तियों की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए। टक्कर मारकर कार चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। क्षेत्रीय ग्राम गढ़गुवां निवासी कल्लू सिंह (40) पुत्र दशरथ अपने साथी शिववीर सिंह (45) के साथ जालौन के उरई रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। दोपहर करीब दो बजे जब वह देवनगर चौराहे से आगे निकलकर गेस्ट हाउस के नजदीक पहुंचे तभी पीछे से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। उधर कार की टक्कर से दोनों बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कल्लू की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### चेकिंग के दौरान नंबर प्लेट साफ सुथरी न मिली तो होगी एफआईआर

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश के अनुपालन में जनपद के समस्त वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जनपद में बिना नम्बर प्लेट, धुंधली नम्बर प्लेट, क्षतिग्रस्त नम्बर प्लेट, ग्रीस, मिट्टी लगी नम्बर प्लेट, कपड़ा बंधी नम्बर प्लेट, पंजीयन अंक छुपी नम्बर प्लेट व बिना हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) नम्बर प्लेट लगाये वाहनों का संचालन कर रहे हैं। उनको सूचित किया जाता है कि वह उक्त प्रश्नगत त्रुटियों को अविलम्ब ठीक कराकर ही अपने वाहन का संचालन करें, अन्यथा कि स्थिति में मार्ग चेकिंग के दौरान वाहन बिना नम्बर प्लेट, धुंधली नम्बर प्लेट, क्षतिग्रस्त नम्बर प्लेट, ग्रीस, मिट्टी लगी नम्बर प्लेट, कपड़ा बंधी नम्बर प्लेट, पंजीयन अंक छुपी नम्बर प्लेट व बिना हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) नम्बर प्लेट के संचालित पाए जाते हैं तो ऐसे वाहनों को कानून व्यवस्था में बाधा डालने व शासकीय राजस्व की चोरी में संलिप्त समझा जाएगा और ऐसे वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। साथ ही ऐसे वाहनों के वाहन स्वामियों के विरुद्ध आईपीसी की 420 इत्यादि सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपार्ट (एफआईआर) दर्ज करा दी जाएगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी का होगा।

### मां ने दो दिन से लापता बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई

**जालौन (उरई)।** दो दिन से पुत्र के लापता होने की सूचना पीड़ित मां ने कोतवाली में तहरीर देकर दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी ज्योति पत्नी अनूप ने पुलिस को बताया कि उनका 17 वर्षीय पुत्र सोमवार की सुबह घर पर ही था।

## सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं शत प्रतिशत सुनिश्चित हो इसको लेकर डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, स्वतंत्र रूप से संपन्न कराए जाने हेतु जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल की व्यवस्था , विद्युत व्यवस्था , रैंप की व्यवस्था , शौचालय की व्यवस्था शतप्रतिशत सुनिश्चित हो इसके लिए डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व में भी कई बैठक कर मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश से दिए गए हैं, जिसके क्रम में समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटरों द्वारा एक-एक मतदान केंद्रों का भौतिक रूप से निरीक्षण कर लिया गया है एवं जो भी कमियां पाई गई है



उसको दूर करा दिए गए हैं। बैठक में डीएम सिंह ने कहा कि पुनः एक बार फिर से सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से कर लें एवं कोई कमियां है तो उसे दूर कर ले। उन्होंने कहा कि मतदान केदो पर पहुंचने के लिए आवागमन हेतु मार्ग का निरीक्षण कर ले तथा बड़े वाहनो का मतदान केंद्रों पर आवागमन की स्थिति का भी निरीक्षण कर ले तथा कोई कमियां है तो उसे दूर करा ले एवं वैकल्पिक मार्ग का भी व्यवस्था रखें। मतदान से दो दिन पूर्व मतदान केंद्रों पर साफ सफाई की विशेष मुहिम चलाकर साफसफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए। शौचायलयों की भी समुचित साफ सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। पोलिंग पार्टियों का मतदान केंद्र पर रात्रि में रुकने के लिए भोजन ,बिस्तर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा मतदान के दिन भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा का प्रबंध किया जाएगा , मतदान केंद्रों पर टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था, बुजुर्ग एवं महिलाओं के लिए कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी । इसके साथ ही साथ पर्याप्त संख्या में सुराहियों एवं घड़े में ठंडे पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि मतदान से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियों के रवानगी, मतदान केंद्र पर पहुंचने, मतदान प्रारंभ कराए जाने तथा स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवीपैट जमा कराए जाने तक के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की माइक्रो प्लानिंग कर ले। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनूठी पहल की गई है । जिला प्रशासन द्वारा मतदान में मतदाताओं को भागीदारी करने के लिए विवाह आमंत्रण पत्र की तरह मतदाताओं को चुनाव के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने को सपरिवार स्नेह भरा रंगीन आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को किया सम्मानित

▸ महाराणा प्रताप साइंटर कालेज व सरस्वती ज्ञान मंदिर में हुआ आयोजन

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**नगर के** महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेंधावियों को सम्मानित किया गया। महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने बताया कि इंटरमीडिएट में अर्चित सेंगर ने प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर नगर ही नहीं बल्कि जिले में नाम रोशन किया है। उन्हें 500 अंकों में से 482 अंक प्राप्त हुए। इसके अलावा अमन चौहान 94.4 फीसदी अंक पाकर विद्यालय में दूसरे स्थान पर रहे। साथ ही अंकुर चौहान 93.6 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, हाईस्कूल में खुशी खातून 90.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम रहीं। निहारिका प्रजापति 89.8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और वरूण दीवौलिया 538 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। सभी मेधावियों को प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत व स्टॉफ ने फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उधर, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद यादव ने बताया कि हाईस्कूल में आदित्यनाथ, आस्था पटेल व अविका सेंगर क्रमशः 93, 91 व 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कक्षा में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में अनामिका पटेल 92 प्रतिशत अंक पाकर पहला, शिवा कुशवाहा 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे व छाया यादव ने 90 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। मेधावियों को उनके शिक्षक कुलदीप, महेश, सुमित, प्रशांत, संगीता, ललिता आदि ने फूल मालाएं पहनाकर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

(करमा) सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा आगामी चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करमा पुलिस टीम द्वारा सरौली पुलिया के पास से अभियुक्त रमेश यादव पुत्र हरिनाथ यादव निवासी ग्राम सरौली थाना करमा, जनपद सोनभद्र उम्र 32 वर्ष के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर की बरामदगी कर गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 53/2024 धारा 3/25 आर्म्स ए्क्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। बताते चलें कि अभियुक्त रमेश यादव पुत्र हरिनाथ यादव निवासी सरौली थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र 32वर्ष है।



अभियुक्त का ऐतिहासिक अपराध भी रहा है।मु0अ0सं0 75/2022 धारा 3/25 आर्म्स ए्क्ट थाना करमा, जनपद सोनभद्र ।मु0अ0सं0 241/2010 धारा 302 भादवि, थाना रा0गंज, जनपद सोनभद्र । मु0अ0सं0 247/2010 धारा 3/25 आर्म्स ए्क्ट, थाना रा0गंज, जनपद सोनभद्र ।बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार यादव, थाना करमा, जनपद सोनभद्र हे0का0 कौशलेश सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।का0 अमित गुप्ता, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।

## लू से बचाव को लेकर जिलाधिकारी का अभिनव प्रयास रोडवेज बसों में चस्पा किये गए लू से बचाव सम्बन्धी पोस्टर

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**भीषण** गर्मी एवं लू से जनसामान्य को बचाने को लेकर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने अभिनव प्रयास करते हुए जनपद में रोडवेज एवं प्राइवेट बसों में हीटवेव से बचाव सम्बन्धी चार प्रकार के जागरूकता पोस्टरों को बसों पर चस्पा कराया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में एआरएम रोडवेज वीके वर्मा एवं जिला आपदा विशेशज्ञ अरूण सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये हीटवेव से बचाव के पोस्टर रोडवेज बसों में चस्पा कराये हैं। वहीं लोकसभा निर्वाचन के दौरान लोगों को लू से बचाने के लिए भी जिलाधिकारी द्वारा वृहद स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिले के सभी 963 मतदान केन्द्रों पर भी गर्मी/हीटवेव(लू) से बचने के



उपायों सम्बन्धी पोस्टरों को चस्पा किया जाएगा। इस सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को आदेश जारी कर दिये हैं। डीएम के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा डीपीआरओ को हीटवेव से बचाव सम्बन्धी पोस्टर उपल्बध करा दिये गये हैं। चूंकि जनपद में लोकसभा निर्वाचन का मदतान 25 मई को निर्धारित है, और इस दौरान हीटवेव चलने की पूरी संभावना है। ऐसे में मतदान केन्द्र तक आने वाले मतदाताओं, मतदान कार्मिकों एंव सुरक्षा बलों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता रहें, इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर मिट्टी के मटके भी रखवाये जाएगें। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से हीट वेब (लू) से बचाव को लेकर सतर्क रहने एवं लू से बचाव के उपायों को अपनाकर अपना व समुदाय का बचाव करने की अपील की है तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, पूर्ति विभाग, नगर निकायों, पशुपालन, पुलिस, कृषि, अग्नि शमन, सिंचाई सहित अन्य विभागों को कार्ययोजना के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

### डूमरडीहा गांव में ट्रक में पीछे से भिड़ी बाइक, बाइक सवार तीन लोग हुए घायल

**दुद्धी सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के डूमरडीहा गांव में एक ट्रक चालक के द्वारा एकाएक ट्रक का ब्रेक मारने के कारण पीछे से आ रही बाइक ट्रक से जा भिड़ी जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र रामजीत, 30 वर्षीय संतोष पुत्र भगवान दास व 19 वर्षीय विद्याचन्द पुत्र रामवृक्ष तीनों निवासी सरडीहा एक ही बाइक पर सवार होकर डालापिपर से सरडीहा गांव जा रहे थे कि डूमरडीहा गांव में एक ट्रक चालक के द्वारा एकाएक ट्रक का ब्रेक मारने के कारण पीछे से आ रही बाइक जाकर ट्रक से टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घायल अवस्था मे आनन फानन में इलाज हेतु सीएचसी दुद्धी में लाया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद संतोष की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया है। शेष अन्य दो घायलों का इलाज दुद्धी सीएचसी में चल रहा है।

## मखौड़ा से परिक्रमा आज, परिक्रमार्थी रवाना

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**हनुमान मंडल** की अवध धाम चौरासी कोसी परिक्रमा बुधवार को प्रातः छह बजे से प्रारंभ होगी।मंगलवार को कारसेवकपुरम से परिक्रमार्थी मखभूमि (मखौड़ा धाम) के लिए प्रस्थान कर गए।21 दिन की यह परिक्रमा बस्ती,अयोध्या,बाराबंकी और गोंडा जनपद की विभिन्न तपस्थलियों से होते हुए आगामी 14 मई को संपन्न होगी।विश्व हिन्दू परिषदके संरक्षक और प्रारंभ से ही मंदिर आंदोलन से जुड़े रहे पुरुषोत्तम नारायण सिंह ने ओम ध्वज दिखाकर मखौडा (मखभूमि)के लिये परिक्रमार्थियों को रवाना किया,जो बुधवार चौबीस अप्रैल को हवन पूजन अनुष्ठान के बाद मखौड़ा से प्रारंभ होगी।अपने संबोधन में विहिप संरक्षक श्री सिंह ने कहा कि अयोध्या धाम का कण कण पूज्य है,चौरासी कोस की परिक्रमा हमारी आस्था श्रद्धा और भक्ति को समाहित कर समाज को एक



सूत्र में बांधने का माध्यम है।चौरासी कोस की परिक्रमा से भक्तों का जीवन धन्य हो जाता है।लाखों वर्ष की प्राचीन परंपराओं को जीवंत करने वाले भक्तों की समर्पण और भक्ति को सदा नमन है।इतनी लंबी दूरी और भीषण गर्मी में भी आस्था का निर्वाह यह प्रभु राम लला के आशीर्वाद से ही संभव है।विश्व हिन्दू परिषद के मीडिया प्रभारी और प्रांत प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा कि परिक्रमा में दिख रहा उत्साह और भक्ति हमें पूर्वजों के संकल्प की सिद्धि को जीवंत रखने की प्रेरणा देती है।दो हजार तेरह में समाज वादी पार्टी की अखिलेश सरकार ने प्रतिबंध लगाकर भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया था। आस्था और भक्ति पर जब जब प्रतिबंध लगा,वह और मजबूती के साथ आगे बढ़ी,आज उत्साह और उमंग से यह परिक्रमा निकल रही है,जिसमें प्रतिवर्ष भक्तों की संख्या निरंतर बढती जा रही है। हनुमान मंडल परिक्रमा के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह के अनुसार अनंत काल से चली आ रही चौरासी कोसी परिक्रमा जीवन को कष्टों व व्याधियों से मुक्त करा प्रभुचरणों में समर्पित होन का माध्यम है। बैशाख कृष्ण प्रतिपदा तदनुसार 24 अप्रैल को प्रातः छह बजे मखभूमि से प्रारंभ होकर परिक्रमा बैशाख शुक्ल सप्तमी यानि 14 मई को पुनः मखौड़ा पहुंच कर संपन्न होगी।इस दौरान परिक्रमा पांच जनपदों से होकर दो सौ पैंसठ किलोमीटरकी दूरी तय करेगी। इन स्थानों पर बाईस पड़ाव होंगे,जंहा भोजन जलपान और रात्रि निवास की व्यापक व्यवस्था की गयी है।इस दौरान कटरा कुटी के महंत चिन्मय दास,सुभाष भट्ट,आदित्य उपाध्याय,सुबोध मिश्र,शिवा सिंह,सत्यम तिवारी,हीरा लाल व बालचंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सभी व्ययों का पृथक एवं सही लेखा रखना अनिवार्यः सीटीओ

**अयोध्या।** मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 ममता सिंह ने सभी राजनैतिक दल/अभ्यर्थियों,लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अभ्यर्थियों को अपने नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम के घोषणा की तारीख (जिसमें दोनों ही तिथियां सम्मिलित है) के मध्य किये गये सभी व्ययों का (आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अन्तर्गत अर्थात अधिकतम 95 लाख रुपए) पृथक एवं सही लेखा रखना अनिवार्य है।इस हेतु आयोग द्वारा निर्धारित किये गये प्रारूप पर एक रजिस्टर आप सभी को उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें अपने दिन प्रतिदिन के व्यय का अंकन निर्धारित रीति से किया जाना है।निर्वाचन व्यय सम्बन्धी विधिक उपबंधों व भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशों को स्पष्ट किये जाने हेतु दिनांक 24 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे अटल बिहारी वाजपेयी सभाकक्ष जिला पंचायत कार्यालय में एक बैठक आहूत की गयी है।बैठक में सभी अभ्यर्थी/एजेंट की उपस्थिति आवश्यक है। उक्त बैठक में समय से उपस्थित होकर प्रतिभाग करें।

**कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद, जनपद फर्रु0**

पत्रांकः 49/न0पं0-ना0द0हे0/2024-25/शमशाबाद दिनांक 23 अप्रैल 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अर्चना सक्सेना पत्नी भगवान स्वरुप सक्सेना निवासी मो0 दलवीर खां शमशाबाद द्वारा अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र एवं पंजीकृत वसीयत नामा की छायाप्रति प्रस्तु की है जो उन्हे अपने स्वर्गी पिता जी से विरासतन प्राप्त हुई है। उपरोक्त कमरे को वसीयत नामा के आधार पर अपने नाम निकाय अभिलेखों में दर्ज कराने हेतु आवेद किया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है, 1- पूरब में कमरा मुन्नी देवी, 2- पश्चिम में निकास पारिवारिक , 3- उत्तर में निकास पारिवारिक वाद निकास पूजा, 4- दक्षिण में निकास पारिवारिक है।

अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाश से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमशाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

# एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित बस डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकराई

- हादसे में बस में सवार चार यात्रियों की मौके पर मौत, 35 यात्री हुए घायल
- ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के सामने मंगलवार की भोर 04.30 पर हुआ हादसा



मेडिकल कॉलेज में घायलों से हालचाल लेते डीएम-एसपी

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के सामने मंगलवार की सुबह 04.30 के करीब गोरखपुर से सवारियों को लेकर दिल्ली जा रही एक प्राईवेट डबल डेकर बस अचानक अनियन्त्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी साइड में जा रहे ट्रक में टकरा गई। हादसे में बस में सवार चार यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। जबकि 35 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कई एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। गोरखपुर से करीब 48 सवारियों को लेकर एक बस दिल्ली जा रही थी। इस प्राइवेट बस में अधिकांश सवारियां गोरखपुर जनपद की थी। यह प्राइवेट बस जब ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के सामने पहुंची, तो अचानक बस अनियत्रिंत होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड में पहुंच गई। यहां जा रहे एक ट्रक से टकरा गई। बताया जा रहा है कि बस चालक को अचानक झपकी आ जाने से यह हादसा हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही डीएम शुभ्रान्त शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द मौके पर पहुंच गए। हादसे में बस में सवार अदिति श्रीवास्तव पुत्री हेमंत श्रीवास्तव निवासी हनुमंत नगर गोरखपुर, नीलकंठ पुत्र श्याम सिंह निवासी हुसैनाबाद जनपद बाराबंकी व आशीष पुत्र नीलकंठ की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य यात्री की भी मौत हुई है। खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके अलावा 35 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बस चालक को झपकी आना हादसे का बन गया कारण

- ठठिया के पिपरौली गांव के सामने एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा
- डीएम-एसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना की ली जानकारी
- देर शाम तक अधिकांश घायल को कर दिया गया रिलीव

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**आगरा-लखनऊ** एक्सप्रेस-वे पर ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के सामने मंगलवार की भोर बस चालक को झपकी आ जाने से हादसा हो जाने का तथ्य सामने आया है। यात्रियों से भरी डबल डेकर बस में हादसे के समय सभी यात्री गहरी नींद में थे। हादसा होते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मामले की जानकारी जब प्रशासन को हुई, तो अफसर कई एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गए। घायलों को बस से निकालकर मेडिकल कॉलेज ले आए।

गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक प्राइवेट बस एक्सप्रेस-वे के ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के सामने मंगलवार की भोर 04.30 के करीब अचानक असंतुलित होकर



हादसे के बाद खड़ी दुर्घटनाग्रस्त बस — समृद्धि न्यूज

डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड में जा रहे एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में चार यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। करीब 35 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस और ट्रक की टक्कर इतनी तेज थी कि बस के परख्चचे उड़ गए। ट्रक का भी अधिकांश भाग क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास गांव के काफी लोग मौके पर पहुंच गए। यूपीडा कर्मी व ठठिया पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। हादसे की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। जानकारी पारक डीएम शुभ्रान्त शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द, एएसपी संसार सिंह, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई, ठठिया व तिर्वा कोतवाली पुलिस व कई अफसर मौके पर पहुंचे। बस में फंसे



घटनास्थल पर मौजूद अफसरों से घटना की जानकारी लेते डीएम

घायल यात्रियों को शीशे तोड़कर बाहर निकाला गया। सभी को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंचे डीएम ने मीडिया को बताया कि बस चालक को झपकी आ जाने से यह हादसा हुआ है। इस बस में बच्चों समेत करीब 48 यात्री शामिल थे। इनमें चार की मौत हुई है। 35 लोग घायल हुए है। शेष यात्रियों को दूसरी बस की व्यवस्था कराकर उन्हे दिल्ली भेजा गया है।

### मेडिकल कॉलेज में मची अफरा-तफरी

**तिर्वा।** हादसे में घायल हुए 35 यात्रियों के एक साथ मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचने पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान इमरजेंसी में सिर्फ जूनियर डॉक्टर व कुछ पैरामेडिकल स्टॉफ ही मौजूद था। जैसे ही डीएम ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल को इस हादसे की जानकारी दी, तो इमरजेंसी में अफरा-तफरी मच गई। प्राचार्य व सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह भी इमरजेंसी वार्ड पहुंच गए। प्राचार्य ने आनन-फानन में सभी जूनियर व सीनियर डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ को इमरजेंसी कॉल किया। तब कही जाकर घायलों का उपचार शुरू हुआ। कुछ ही देर बाद डीएम-एसपी भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। उन्होने भर्ती घायलों से हालचाल जाना। हादसे को लेकर जानकारी भी जुटाई। देर शाम तक अधिकांश घायलों को रिलीव कर दिया गया।

### मेडिकल कॉलेज में इन घायलों का चला उपचार

**तिर्वा।** 1. विपुलराय (30) 2. शंकरदीन (45) 3. तानसिंह (22) 4. डा0 ब्रजेश पाण्डे 5. वहना कन्नौजिया (24) 6. रवि कुमार(36) 7. नूरूआलम (24) 8. हिमांशू तिवारी 9. आनन्द गुप्ता (24) 10. मनोरमा चैहान 11. राजपाल चैधरी (32) 12. हरिकृष्ण 13. विकास त्रिपाठी (29) 14. सकुन्त राय 15. दिलीप कुमार 16. रिदिया चैहान (12) 17. आविद (42) 18. संजय चैहान (45) 19. सुभाष चन्द्र (60) 20. रणविजय (28) 21. रामदयाल (31) 22. अमरनाथ (28) 23. राजू 24. गौतम चैरसिया (30) 25. रूद्र प्रताप सिंह (15) 26. धीरू प्रताप सिंह (23) 27. ममता (55) 28. अम्बकेश्वर कुमार पाण्डे 29. रनवीर चैहान (11) 30. करन सिहं चैहान (18) 31. पवन सैनी (31) 32. गोविन्द (39) 33. कुसमु पाण्डे (32) 34. साहिद (50) 35. सनुीता चैहान

### सीएम ने घटना पर जताया दुख

**तिर्वा।** एक्सप्रेस-वे पर हुए बस हादसे में चार लोगों की मौत व 35 यात्रियों के घायल हो जाने की घटना को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताया है। उन्होने डीएम को फोन कर घायलों का बेहतर उपचार कराने का भी निर्देश दिया।

# स्कूलों की शह पर से अभिभावकों को लूट रहे बुक्स विक्रेता

- कॉपी व स्टेशनरी के बंडल पर छपी किताब अंकित कराकर कर रहे टैक्स चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**केन्द्र व** प्रदेश सरकार द्वारा जहां एकओर शिक्षा को बढावा देनें के लिये एनसीआरटी किताबों व ऐजुकेशन राईट को प्रचलन में लाया गया है। साथ ही छपी किताबों को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया हैं। वहीं दूसरी ओर प्रायवेट विद्यालयों ने अपनी दुकानें फिक्स कर रखीं हैं। जहां सरकारी किताबों की जगह मानक से बेहद महंगी प्राईवेट कॉपी किताबों के नाम पर सरेआम अभिभावकों को लूटा जा रहा है। और दुकानदार द्वारा जीएसटी के दायरे में आने बाली कॉपी व स्टेशनरी के सामान को पैकिंग कराकर उस पर छपी किताब अंकित करा लेते हैं जिससे शासन को लाखों रुपयों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी जॉच करनें के बजाय खानापूर्ति कर रहे हैं।

बताते चलें कि नगर में कॉपी किताबों व डेऊस को लेकर कई प्राइवेट विद्यालयों ने अपनी दुकानें फिक्स कर रखी है। जिससे दुकानदारों द्वारा विद्यालय को मोटा कमीशन देकर कापी किताबें महंगी बेंची जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर दुकानदारों द्वारा जीएसटी सहित अन्य टैक्स बचाते हुये कॉपी व स्टेशनरी के सामान की पैकिंग कराकर बंडल पर छपी किताब लिखबाकर लाखों रुपयों के राजस्व का नुकसान करके अपनी तिजोरी भर रहे हैं। जिससे कई बार पैसे ना होने की वजह से गरीबों, किसानों और मजदूरों के बच्चे बीच में ही विद्यालय तक छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। सरकार एवं जिम्मेदार अधिकारी ऐसे कमीशन वाले विद्यालयों एवं दुकानदारों की बारीकी से जॉच कर कार्रवाई करे जिससे राजस्व की चोरी को रोका जा सके और शासन की मंशानुसार गरीबों मजदूरों किसानों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके।

### महिला से परिजनों ने की मारपीट, पुलिस से शिकायत

**कोंच (जालौन)।** घर के ही लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की महिला ने पुलिस से शिकायत की है। मुहल्ला गोखले नगर निवासी अंगूरी पत्नी सुरेंद्र प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे वह चूल्हे पर खाना पका रही थी तभी उसकी जेठानी मौके पर आयी और यहां खाना न बनाने की धमकी देती हुई चूल्हा तोड़ दिया व खाने का सामान उठाकर फेंक दिया।

## कन्नौज में नाम के होंगे तेज प्रताप खुद लड़ेंगे अखिलेश यादव

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सियासी दांव ने उन्हें चुनाव लड़ने को उत्साह रही भाजपा को राजनीतिक पटखनीदेकर सत्ता के बाजारों को फिर गर्म कर दिया है राजनीति के विरासत के खिलाड़ी हो चुके अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी के रूप में भतीजे तेज प्रताप यादव को चेहरा घोषित कर दिया वही वह यहां पर चुनाव खुद लड़ेंगे और अपने पिता के खुद की इस सीट की सलामत रखेंगे सपा हाई कमान ने कन्नौज लोकसभा सीट से तेज प्रताप यादव का नाम घोषित कर दिया। संदेश चल रही कि भारतीय जनता पार्टी को चौंका दिया है यहां वह पहले की तरह की चुनाव लड़ रहे हैं बस फर्क इतना है कि प्रत्याशी के रूप में खुद का चेहरा नहीं बल्कि पूर्व सांसद और अपने पिता के पुत्र तेज प्रताप सिंह यादव का होगा सियासत के घमासान से भाजपा चाहती थी कि अखिलेश यादव खुद लोकसभा चुनाव लड़ें लेकिन उन्होंने यह चुनाव न लड़ने की अपनी नई राजनीति के चलते लगातार उत्साह रही भाजपा को जहां ग्राम दे दिया है भाई यूपी की सत्ता को हासिल करने के अपने लक्ष्य को बरकरार रखा वह स्टार प्रचारक के रूप में है इस चुनाव अपने प्रत्याशी की जमखम से इजाफा करेंगे मगर कुछ समाजवादियों का कहना है कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चौकाने वाली खबर सामने आएगी कहीं ऐसा तो नहीं है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं ही कन्नौज लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे7 लोगों का कहना यह भी है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा से ही चुनाव मैदान में होंगे अभी कुछ नहीं कह सकते राजनीति में सब कुछ होना तय है।

### बीस लोगों पर हुई मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के अनुमोदन के उपरांत प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के ग्राम मझपुरवा निवासी उमाशंकर, राम शंकर पुत्रगण चंद्रपाल, ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी चांद खान, अली मोहम्मद उर्फ छोटे, वसीम उर्फ गुड्डू पुत्रगण शमीम खान, मोहल्ला सीमांत नगर निवासी गुड्डू उर्फ जब्बार, अख्तर पुत्रगण अब्दुल सत्तार, जिबरान पुत्र गुड्डू उर्फ जब्बार, समधन के मोहल्ला पछाये निवासी चुनई पुत्र आबिद, उवैस पुत्र चुनई, राहुल पुत्र मुन्ना, मोहल्ला दारासराय निवासी राजा पुत्र इकरार, फैयाज पुत्र अबरार, गढ़िया कछपुरा निवासी सूरजपाल, नीरज पुत्रगण गज्जू, मोहल्ला गर्दाबाद निवासी हाशिम, जुबेर पुत्रगण शरीफ, समधन के मोहल्ला किदवई नगर निवासी वसीम, निजाम, पुत्रगण इनाम के विरुद्ध 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की गई है।

## खबरें चलते-चलते

### हनुमान जन्मोत्सव पर कारागार में हुआ भंडारे का आयोजन



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जिला कारागार में हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मंगलवार को अनौगी स्थित जिला कारागार में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर कारागार के मुख्य द्वार के बाहर अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भंडारे का आयोजन हुआ। कारागार में निरूद्ध बंदियों, उनसे मिलने हेतु कारागार में आये मुलाकातियों तथा समस्त जेल कार्मिकों ने भोजन ग्रहण किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बंदियों, मुलाकातियों/ बाहरी आगन्तुकों एवं समस्त कार्मिकों में उत्साह देखा गया। इसके अलावा पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल द्वारा बंदियों को विधिक जानकारी व उन्हे सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा कारागार में निरूद्ध बंदियों को विधिक जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा सभी बंदियों की सहायता करने हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुबे, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, सहायक अध्यापक मनोज कुमार कटियार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार पाण्डेय सहित आदि रहे।

### डीएम ने मतदान केंद्रों में मिली छिटपुट कमियों को दूर करने के दिए निर्देश

**कोंच (जालौन)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे व पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा ने मंगलवार को नदीगाँव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा और छिटपुट कमियां दिखाई दीं उन्हें शीघ्र ही दूर करने के दिशा-निर्देश दिए। डीएम और एसपी ने नदीगांव में स्थित कंपोजिट प्राइमरी स्कूल, कन्या पूर्व माध्यमिक तथा जिला परिषद इंटर कॉलेज में बनाए गए बूथों का निरीक्षण करते हुए वहां बिजली पानी, छाया, टॉयलेट, रैंप आदि जरूरी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया जहां कमोवेश सब कुछ ठीक-ठाक मिला, जो छिटपुट कमियां नजर आई उन्हें शीघ्र ही दूर करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोपहर एक बजे इंटर कॉलेज पहुंचे डीएम को प्रधानाचार्य नदारत मिले जिस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, गर्मी के चलते बच्चों की छुट्टी भले ही थोड़ा बहुत पहले कर सकते हैं लेकिन स्टाफदो बजे से पहले किसी भी सूरत में विद्यालय नहीं छोड़ेगा।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**छिब्रामऊ।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के मंदिरो मे भारी भीड उमड़ी भक्तो ने पूजा अर्चना क र दर्शन कर भण्डारे का प्रसाद सभी भक्तो ने चखा।मंगलवार को सौरिख रोड स्थित 450 वर्ष पूराने प्राचीन बगिया वाले बाबा हनुमान मंदिर मे सुबह से ही भक्तो की भारी भीड उमड गई। सभी भक्तो ने हनुमान जी के मनमोहक स्वरूप के दर्शन किए। फूल मालाओ से प्रतिमा व मंदिर की सजावट की गई। अखण्ड पाठ का समापन के बाद हवन पूजन किया गया।भगवान को छप्पन भोग भी लगाया गया।फिर कन्या को भोजन कराकर भण्डारे की शुरुआत हुई। जन्मोत्सव पर हजारो की संख्या मे भक्त आते इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने जगह जगह भारी पुलिस बल तैनात किया और यातायात की व्यवस्था भी कायम रही। क्षेत्राधिकारी तिर्वा प्रियंका बाजपेई भी पुलिस व्यवस्था देखने के लिए आयी।वही नौगांव स्थित हनुमान मंदिर पर भी जन्मोत्सव बनाया गया जिसमे भी भक्तो का भारी भीड बनी रही इसी तरह नगर के अस्पताल रोड स्थित शनिदेव मंदिर मे भी भीड बनी रही।

# गेहूं की फसल जलकर राख, किसान बर्बाद

- किसान के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**फर्रुखाबाद** रोड स्थितराशिद कोल्ड स्टोरेज के पीछे एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक किसी कारण से आग लग गई फसल पक्की होने के कारण देखते ही देखते आग नहीं विकराल रूप से लिया और पल भर में 10 बीघा फसल जलकर राख हो गई घटना के बाद पीड़ित किसान परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया ग्राम सराय दयामगंज निवासी शकुंतला देवी पत्नी भिखारी लाल ने बताया कि नगर की आवास विकास कॉलोनी निवासी सलमा बेगम अतीक अहमद पुत्र नबी आलम को पुत्र अब्दुल वाहिद चार लोगों को का सम्मिलित 10 बीघा खेत फर्रुखाबाद रोड स्थित रसीद कोल्ड स्टोरेज के पीछे है उसे खेत को शकुंतला देवी ने पिछले तीन वर्षों से बटाईपर ले रखा है उसी में उनके परिवार का पालन पोषण चल रहा था उन्होंने बताया कि अपनी सारी जमा पूंजी लगाकर तथा दिन-रात आवारा मवेशियों के खेत की रख वाली करके गेहूं की फसल तैयार की थी किसी कारण वंश खेत मेंआग लग गई और देखते-देखते 10 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की पक्की फसल जलने लगी जानकारी होते ही पीड़ित परिवार सहित अन्य किस फायर ब्रिगेड को सूचना दी देकर आपको पानी व मिट्टी से बुझानेअसफल प्रयास करके करने लगे आने से पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया और पल भर में गेहूं की पक्की फसल जलकर राख हो गई स्थानीय किसानों का कहना है कि खेत के पास लगे पेड़ की छ्हा मे दिन कुछ लोग जुआ खेलने के लिए आते हैं और बीड़ी भी पीते हैं हो सकता है कि उसी से आग लगी हो हल्का की खबर लेकरजाने तक आग लगने का सही कारण पता नहीं चल सका वहीं घटना की बात पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया क्योंकि उनके परिवार के पास पारण पोषण का एकमात्र सहारा फसल ही जो जलकर राख हो गई पीड़ित परिवार अब सरकार की तरफ मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

**नामांकन** | राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की प्रत्याशी ललित कुमारी तथा निर्दलीय प्रत्याशी यादवेंद्र किशोर ने प्रस्तावकों एवं समर्थकों के साथ दाखिल किया नामांकन

# भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने दाखिल किया नामांकन पत्र

- नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बचे दो दिन शेष, नामांकन पत्र दाखिल करने के अन्तिम दिवस 25 अप्रैल को भी भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक नामांकन पत्र दाखिल करेंगे

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**कन्नौज लोकसभा** सीट से मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की प्रत्याशी ललित कुमारी तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी यादवेंद्र किशोर ने अपने-अपने प्रस्तावकों एवं समर्थकों के साथ कलेक्टेय्ट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं कन्नौज संसदीय सीट के लिए आठ नामांकन पत्र खरीदे गए। जिसमें समाजवादी पार्टी की ओर से 4 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक अपनी पत्नी नेहा पाठक तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य समेत प्रस्तावक व समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचें। यहां उन्होंने नामांकन कक्ष में पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। हालांकि भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की ओर से 25 अप्रैल को भी नामांकन दाखिल किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की प्रत्याशी ललित कुमारी ने भी प्रस्तावक और समर्थक के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर यादवेंद्र किशोर ने अपना नामांकन कराया। गौरतलब है कि बीते दिवस सोमवार को बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर और गरीब आदमी पार्टी प्रत्याशी श्रीकृष्ण अपना-अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। अब तक कन्नौज लोकसभा सीट के लिए 5 प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं, जबकि 24 व 25 अप्रैल यानि दो दिन और नामांकन होंगे।कन्नौज लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री जारी है। मंगलवार को आठ लोगों ने कुल 13 नामांकन पत्रों की खरीदारी की। जिसमें समाजवादी पार्टी के चार लोगों ने सात सेट खरीदे, इनमें सपा के यश कुमार दोहरे ने दो नामांकन पत्र के दो सेट लिए। सपा के ही रामखिलावन ने नामांकन पत्र का एक सेट खरीदा। वहीं समाजवादी पार्टी के शकील अहमद ने दो सेट खरीदे, तथा सपा के वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी ने दो नामांकन पत्र के सेट खरीदे। वहीं भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के नीरज कुमार ने 2 सेट खरीदे। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर व्यासमुनि ने एक सेट तथा बतौर निर्दलीय प्रत्याशी जरार खां ने एक सेट खरीदा। इसी क्रम में निर्दल प्रत्याशी इरफान अली ने एक सेट लिया।

# जिला कारगार में नियुक्त किये गये तीन पराविधिक स्वयं सेवक

- अपर जिला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कारागार का किया निरीक्षण, बन्दियों से वार्ता कर जानी समस्याएं

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**मंगलवार को** अपर जिला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निरूद्ध बंदियों से उनके खानपान, चिकित्सा एवं उनके मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली, तथा उनकी समस्याओ को सुना एव उनके निराकरण हेतु जेलर एवं जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने लीगल एड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बंदियों के रजिस्टर, लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टर एवं लीगल एण्ड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिये। सचिव ने जिला कारागार में बैरकों तथा महिला बंदियों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में निरंतर स्वच्छता बनाये रखने पर जोर दिया। साथ ही बंदियों को मीनू के अनुसार ही भोजन दिये जाने का निर्देश दिया। सचिव ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी ली। सचिव ने जेल पाकशाला का निरीक्षण किया। यहां उन्होने विशेष तौर पर साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिये। सचिव ने बताया कि जिला कारागार में 02 सिद्धदोष पुरुष एवं 01 सिद्धदोष महिला बंदी कुल 03 पराविधिक स्वयं सेवकों को नियुक्त किया गया है, जो कारागार में निरुद्ध बंदियों के लाभार्थ कार्य हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला कारागार में मध्य पुल का कार्य करेगे। निरीक्षण दौरान जिला कारागार से निःशुल्क विधिक सहायता हेतु 1 बंदी लवकुश पुत्र प्रेमचन्द्र द्वारा बताया गया कि उसका कोई पैरोकार नहीं हैं। उक्त बंदी ने अपने मुकदमें की निःशुल्क पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता प्रदान किये जाने का अनुरोध किया। जिसके सम्बन्ध में सचिव लवली जायसवाल ने जेल अधीक्षक को उक्त बंदी से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण उपरान्त शिविर का आयोजन कर सचिव द्वारा महिला बंदियों को निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड्स के इस्तेमाल हेतु जागरूक किया गया।

# जिन्होंने राम का निमंत्रण ठुकराया जनता उन्हें ठुकराने का काम करेगी: उपमुख्यमंत्री

- केशव प्रसाद मौर्य की सभा के दौरान खाली पड़ी रही कुर्सियां
- सपा, बसपा, कांग्रेस के लोग सबकुछ छीन लेना चाहते है: केशव प्रसाद मौर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रदेश के** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सांसद मुकेश राजपूत के नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिलेश के पिता की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवायी थी। आज वह मुख्तार की कब्र पर फातिया पढ़ने जाते हैं। निमंत्रण देने के बावजूद भी राम के दर्शन करने के लिए उनके पास समय नहीं है। जिन्होंने राम का निमंत्रण ठुकराया है उनको जनता ठुकराने का काम करेगी।

भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटायी है। 80 करोड़ गरीबों को राशन फ्री दे रहे हैं। गुरुगांव देवी स्थित दो घंटा विलंब से पहुंचने के बावजूद भी सभा स्थल पर भीड़ कम रही। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस के लोग सब कुछ छीन लेना चाहते है। वह नहीं चाहते है कि किसानों को किसान निधि मिले। गरीबों को पक्के मकान मिले। आज किसान साल में तीन-तीन किस्ते दो-दो हजार की प्राप्त कर रहा है। मोदी सरकार में पाकिस्तानियों को घर के अंदर घुसकर मारने का काम किया है। दो-दो बार सर्जिकल स्ट्राइक की है। सपा की सरकार में गुंडे और माफियाओं को सर्टिफिकेट दिये जाते थे। लोग सैफई तक सर्टिफिकेट लेने जाते थे। बिजली का ट्रांसफार्मर फुंक जाने पर अखिलेश के गुंडों पर चढ़ावा चढ़ाया जाता था, तब ट्रांसफार्मर लगता था। आज ट्रांसफार्मर फुकने पर



माला पहनाकर केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत करते भाजपाई

सीधे लगाया जाता है। 1 रूपये में 85 पैसा यह माफिया लोग खा जाते थे। भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए मोदी ने कदम उठाया है। 400 पार फिर जीतेगें। उन्होंने कहा कि भगवान बौद्ध की धरती है, बाबा नीमकरोरी का तीर्थ स्थल है। आज हनुमान जी का जन्मोत्सव है। अखिलेश की पीडीए पर तंज कसा और कहा कि पांच-पांच लोग परिवार के चुनाव लड़ रहे है। पिछली बार मनोज लोकसभा चुनाव लड़े थे, उनके आने से भाजपा और भी मजबूत हुई है। मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा कि अपनी विधानसभा से 1लाख पार वोट मिलेगा। सांसद मुकेश राजपूत ने फ्लाइओवर व मॉर्डन रेलवे स्टेशन का नाम लेकर विकास कराने की बात कही। संचालन डीएस राठौर ने किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, लोकसभा संयोजक शिवमहेश दुबे, विधायक सुशील शाक्य, नागेन्द्र सिंह राठौर, डा0 सुरभि, सत्यपाल सिंह, प्रांशुदत्त द्विवेदी, नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, कुलदीप गंगवार, अरविन्द प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव राजपूत, सुनील रावत, चेयरमैन शरद गंगवार, बॉबी गुप्ता, डा0 रजनी सरीन, मिथलेश अग्रवाल, मुकेश राठौर, विमल कटियार, विजय गुप्ता, अश्नील दिवाकर, हिमांशु गुप्ता, सुशील कटियार, उदय बाथम, अनिल कश्यप, श्याम सुंदर लल्ला, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, मीरा सिंह, रजनी गुप्ता, मदीना बेगम, अनीता द्विवेदी, प्रधान हेमलता, चित्रा अग्निहोत्री आदि महिलायें मौजूद रही।



सभा स्थल पर खाली पड़ी कुर्सियां — समृद्धि न्यूज

## पत्नी से कहासुनी में अधेड़ ने लगायी फांसी, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से कहासुनी में अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पहुंचे परिजनोंका रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार विनीत उम्र 40 वर्ष पुत्र विद्यासागर निवासी सिकंदरपुर तिहैया थाना कम्पिल दिल्ली में पत्नी संगीता व बच्चों अननूप, ईशा, अनुज के साथ रहकर पेंटिंग का काम करता था। होली के बाद बच्चे ईशा व अनुज को लेकर गांव आया था। जबकि पत्नी संगीता व बड़ा बेटा अनूप दिल्ली में ही थे। कल रात करीब 9 बजे पत्नी संगीता से फोन पर काफी देर तक कहासुनी होती रही। सुबह घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर कड़ैल के पेड़ पर अधेड़ का शव अंगौछे से झूलता मिला। शव देखकर घटना की सूचना परिजनों को दी गयी। जिस पर मां विमला देवी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक पत्नी व बच्चा अनूप दिल्ली से नहीं आये हैं।

# खबरें चलते-चलते

## प्रसपा नेता रहे अनस सिद्दीकी अपने भाई के साथ भाजपा में हुए शामिल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनस सिद्दीकी व उनके भाई अनवर जमाल सिद्दीकी सहित उनके समर्थक भाजपा में शामिल हुए। केशव प्रसाद मौर्य के सभा में पहुंचकर उन्होंने भाजपा का दामन थामा और कहा कि भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को जिताने का काम करेंगे। इससे पहले अनस सिद्दीकी कांग्रेस, सपा फिर प्रसपा आदि पार्टियों में रह चुके है। मंगलवार को उन्होंने भाजपा में शामिल होने के बाद ऐलान किया कि इसी पार्टी में रहकर काम करेगें। इस मौके पर शामिल होने वाले उनके भाई अनवर जमाल सिद्दीकी व सिराज खान आदि लोग उनके साथ मौजूद रहे।

## पत्नी से विवाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से विवाद में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। गांव सिकंदरपुर तिहैया निवासी विद्यासागर के 40 बर्षीय पुत्र विनीत ने मंगलवार अल सुबह गांव के बाहर पेड़ पर अंगौछे के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने युवक का शव लटका देख मामले की सूचना स्वजनों को दी। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतक स्वजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी अपने बड़े पुत्र अनूप के साथ दिल्ली में एवं छोटा पुत्र अनुज व पुत्री ईशा पिता के साथ गांव में रहती है। घर पर आने को लेकर युवक का पत्नी से विवाद चलता रहता था। सोमवार देर शाम किसी बात को लेकर युवक का फोन पर पत्नी से विवाद हो गया। जिससे क्षुब्द होकर युवक ने खुदकुशी कर ली। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बिच्छू ने बालिका को काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जहरीले बिच्छू ने बालिका को काट लिया। जिससे हालत गम्भीर होने पर परिजन उसे अस्पताल लाये। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव शंकर नगला निवासी संजेश की 14 वर्षीय पुत्री पल्लवी को जहरीले विच्छू ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लाये।

## ऊंचाई से गिरकर दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ऊंचाई से गिरकर दो लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव भुड़ियामऊ रसीदाबाद निवासी रामस्वरूप (80) व कम्पिल क्षेत्र के गांव परौरी निवासी भूदेव छत से गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

## मार्ग दुर्घटना में छह घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी विकास यादव (25), क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी पिंकू (18), जनपद मैनपुरी के थाना अराऊ निवासी शिवचरण की 6 वर्षीय पुत्री नैना, क्षेत्र के गांव जयसिंहपुर निवासी प्रांजल (22), पहाड़पुर मिल्किया निवासी नेत्रपाल (50) व लुधइया नगरिया निवासी रोहित कुमार (22) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद विकास यादव को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना है: अविनाश पाण्डेय

- संविधान खतरे में, युवा, किसान व व्यापारियों की सुनने वाला कोई नहीं है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भोलेपुर स्थित** नगला दीना कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने इंडिया गठबंधन की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज संविधान बचाने की जरुरत है। भाजपा के लोग कुछ भी बोलकर लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे है। आज युवाओं का दर्द पूछने वाला कोई नहीं है। राहुल गांधी ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत जोड़ों यात्रा के तहत युवाओं से, बहनों से, बेटियों से मिलकर बात की है। उन्होंने महसूस किया है कि वाकई संविधान के साथ छेड़छाड़ करने की तैयारी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना है। सलमान खुर्शीद संगठन के बड़े नेता है उन्हे जो भी जिम्मेदारी मिली, उन्होंने बखूबी निभाया। देश से लेकर विदेश तक उन्होंने काम किया है। सलमान खुर्शीद ने 24 घंटे पार्टी की सेवा की है। वकीलों में स्थान बनाया है। राजनीति में अलग पहचान है। वह हमेशा सभी को सम्मान देते है। नगला दीना स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से समन्वय बैठक में मुखादिब होते हुए राष्ट्रीय महासचिव ने गठबंधन प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए सभी से अपील की है। उन्होंने कहा कि आज जरुरत है कि लोगों को रोजगार मिले। किसानों का वाजिब मूल्य मिले। मगर इस भाजपा सरकार में उनका दर्द सुनने वाला कोई नहीं है। अगर सलमान खुर्शीद पार्टी से जिद कर लेते तो उन्हे टिकट जरुर मिलती, लेकिन उन्होंने बढ़प्पन होने का काम किया और इंडिया गठबंधन के लिए पूरे देश में प्रचार-प्रसार कर रहे है। इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान, प्रदेश सचिव वर्मा, लुईस खुर्शीद, जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, अम्मार अली, शिवाशीष तिवारी, वरुण त्रिपाठी मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्रीय महासचिव का जोरदार स्वागत किया। इंडिया गठबंधन की बैठक में प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने पहुंचकर विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह यादव मौजूद रहे। बीच में बोलने पर राष्ट्रीय महासचिव ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष अम्मार अली को डांटा।



वार्ता में मौजूद कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य

# हनुमान जन्मोत्सव पर कन्या भोज व भंडारे का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**हनुमान जन्मोत्सव** के उपलक्ष्य में भक्तों ने हवन पूजन के बाद कन्या भोज तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद छका।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को कायमगंज कोतवाली मन्दिर स्थित श्रीकोतवालेश्रर हनुमानजी मन्दिर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भक्तजनों द्वारा हवन पूजन व कन्या भोज के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें अभिषेक शाक्य, जितेन्द्र रस्तोगी, कन्हैयालाल, अशोक गंगवार, रामप्रकाश, संगम शाक्य, विपिन, रश्मि दुबे, सरस्वती वर्मा, आशुतोष सक्सेना, अमित सेठ, सल्लू शर्मा समेत अन्य हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया व हनुमानजी महाराज का आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार नगर के अन्य कई मंदिरों पर भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और सर्व मंगल की कामना की।



श्रीकोतवालेश्रर हनुमानजी मन्दिर पर मौजूद भक्तगण

# श्री सिद्धिविनायक कमेटी के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हनुमान** जन्मोत्सव के अवसर पर किन्नर समाज के लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

शमशाबाद नगर में स्थित गुमटी हनुमान मंदिर जहां मंगलवार को पवन पुत्र श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सबसे बड़ी बात रही जहां एक ओर श्री सिद्धिविनायक कमेटी शमशाबाद के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया, वहीं दूसरी ओर किन्नर समाज ने भी कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा लिया। भंडारे का आयोजन कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे का कार्यक्रम सुबह शुरू हुआ जो दोपहर से शाम तक चलता रहा। किन्नर समाज की प्रमुख मंजू भाई के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में किन्नर मौसम यादव, हिना मिश्रा का सक्रिय योगदान रहा। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर मंदिर को अच्छी तरह रंग बिरंग झालरों से सजाया गया। बिजली की रोशनी से मंदिर जगमगा रहा था। भक्तगणों पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामनायें कीं।



भंडारे में प्रसाद वितरण करते किन्नर समाज के लोग

# फूड सेफ्टी वाहन ने लिये 42 नमूने, जिसमें 39 विशुद्ध तथा तीन नमूने अशुद्ध पाये गये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फूड सेफ्टी** वाहन द्वारा खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच की गयी। उक्त वाहन द्वारा नवाबगंज पर नमूना जाँच का किया गया। साथ ही 33 खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आम जनमानस को स्थान नवाबगंज में नमूना जांच कार्य का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जागरुक किया गया तथा मिलावट की जांच, स्वच्छता व सेफ फूड के बारे में बताया गया। फूड सेफ्टी वाहन के साथ आये आशीष कुमार वर्मा द्वारा नमूनों की जांच की गयी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार मौजूद रहे। जांच का विवरण निम्नवत है। बांके बिहारी मिष्ठान भंडार से पनीर व पेड़ा का नमूना भरा गया, जो विशुद्ध पाया गया। राहुल के यहां से खोया, वर्फी, पेड़ा का नमूना भरा गया, जो विशुद्ध पाया गया। दुर्गा मिष्ठान भंडार से वर्फी का नमूना विशुद्ध पाया गया। आशु भारद्वाज के यहां से पेड़ा का नमूना विशुद्ध पाया गया। चंद्रशेखर शाक्य के यहां से पानी व पेड़ा का नमूना विशुद्ध पाया गया। अरुण किराना स्टोर से जीरा का नमूना विशुद्ध पाया गया। दिलीप के यहां से छेना की मिठाई का नमूना अशुद्ध पाया गया। अंकुल कुमार के यहां से जीरा, सौफ, मूंग की दाल का नमूना विशुद्ध पाया गया। यादव मिष्ठान भंडार से वर्फी, बेसन का लड्डू, खोया का नमूना विशुद्ध पाया गया। अवनीश गुप्ता किशमिश, अरहर दाल, मूंग की दाल का नमूना विशुद्ध पाया गया। आदेश राठौर के यहां से लौंग, सरसों के तेल का नमूना विशुद्ध पाया गया। गोविन्द उड़द की दाल, जीरा का नमूना विशुद्ध पाया गया। अवधेश कुमार का पेड़े का नमूना विशुद्ध पाया गया। दीपक की उड़द की दाल का नमूना विशुद्ध पाया गया। अमित का जीरे का नमूना विशुद्ध पाया गया। अनुज शाक्य का नमकीन, मिक्स नमकीन, नमकीन पिनट का नमूना विशुद्ध पाया गया। अमित किराना स्टोर से काली मिर्चा का नमूना अशुद्ध व सौंफ का नमूना विशुद्ध पाया गया। जय मिष्ठान भंडार के यहां से बूंदी का लड्डू का नमूना विशुद्ध पाया गया। अजय राठौर के यहां से अरहर की दाल व जीरा का नमूना विशुद्ध पाया गया। नरेंद्र सिंह के यहां से सरसों का तेल बेसन का नमूना विशुद्ध पाया गया। राधाकृष्ण के यहां से मसूर दाल, उड़द दाल, भुना चना, काली मिर्च का नमूना विशुद्ध पाया गया। कुल 42 नमूनों में 39 विशुद्ध (पास) व 03 अशुद्ध (फेल) पाये गये। यह जानकारी सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय फर्रुखाबाद ने दी है।



नमूने जांचती फूड सेफ्टी वाहन — समृद्धि न्यूज

# एलईडी वैन से किया गया चालकों व परिचालकों को जागरूक



चालक-परिचालकों को जागरुक करती एलईडी वैन — समृद्धि न्यूज

- मनाया जा रहा है सड़क सुरक्षा परववाड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** शासन के आदेशानुसार 22 अप्रैल 2024 से 4 मई 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉक्टर वी0के0 सिंह के निर्देशन में परिवहन कार्यालय कानपुर से प्राप्त एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम डिपो परिसर में चालकों तथा परिचालकों को ऑडियो विजुअल दिखाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद में वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 194 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 269 व्यक्ति घायल हुए हैं। वर्तमान वर्ष में मार्च 2024 तक 93 सड़क दुर्घटनाओं में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है तथा 74 व्यक्ति घायल हुए हैं। वर्ष 2023 की तुलना में इस वर्ष मार्च तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 12 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मृतकों की संख्या में 9 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस वर्ष घटित दुर्घटनाएं अधिक घातक हुई हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी ले जाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, ताकि समाज में जागरूकता उत्पन्न कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, आरएम रोडवेज अरविंद मिश्रा तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

नामांकन

## जीतने के बाद पांच साल में बदल देंगे फर्रुखाबाद की तस्वीर

# भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने पांच लोगों के साथ सादगीपूर्ण माहौल में किया नामांकन

- नगर पालिका परिषद को महापालिका का दिलायेंगे दर्जा
- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को जनपद से जोड़ते हुए निकाला जायेगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रत्याशी भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने सादगी के साथ कलेक्ट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। वह अपने निर्धारित समय पर नामांकन करने पहुंचे। सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बताया की प्रत्याशी के साथ पांच लोग ही अंदर जा सकते हैं। जिस पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के साथ सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़, कायमगंज विधायक सुरभि, जिला अध्यक्ष रुपेश गुप्ता के साथ नामांकन कक्ष में प्रवेश किया। उन्होंने बड़ी ही सादगी के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने के बाद बाहर आने पर पत्रकारों से रुबरु होते हुए उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्ष में फर्रुखाबाद का कुछ और ही स्वरूप आप सबको देखने को मिलेगा। एक प्रश्न के उत्तर में भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे को फर्रुखाबाद से होते हुए निकाला जायेगा। जिसे गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ा जायेगा। जिससे जनपद का चहुंमुखी विकास हो सके। साथ ही कहा कि मथुरा से गाड़ी चलाने का प्रयास करेंगे जो फर्रुखाबाद होते हुये अयोध्या जाये। जिससे यहां की जनता को लाभ हो। इसके अलावा एक ट्रेन यहां से दिल्ली के लिए डायरेक्टर चले। जिससे यहां के व्यापारियों को लाभ हो। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि उनका प्रयास है कि फर्रुखाबाद का नाम बदलकर पांचालनगर हो। इसके लिए वह प्रयासरत हैं। साथ ही नगर पालिका को महापालिका का दर्जा दिलाया जायेगा तथा फर्रुखाबाद विकास प्राधिकरण घोषित हो। जीतने के बाद ऐसे 19 बिन्दुओं पर वह काम करेंगे। जिससे जनपद की प्रदेश में एक अलग पहचान बन सके। इस दौरान सदर विधायक की पत्नी अनीता द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती राजपूत, जितेंद्र सिंह आदि नेता मौजूद रहे।



नामांकन करने के बाद पत्रकारों से रुबरु होते भाजपा प्रत्याशी — समृद्धि न्यूज

# शहर के विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जी का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हनुमान जयंती** शहर के मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ मनायी गई। विभिन्न हनुमान मंदिरों को सजाया गया और हवन पूजन के साथ श्रीराम भक्त बालाजी महाराज, संकट मोचन हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनी। देर शाम तक सभी मंदिरों में प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ माथा टेका और भण्डारा छका। हनुमान जयंती मंगलवार को और सुभ हो गयी, क्योंकि पूर्णिमा के साथ-साथ दिन मंगलवार था। मान्यता है कि मंगलवार को हनुमान जयंती पड़ने पर सुख समृद्धि आती है और हनुमान जी भक्तों के सभी कष्ट दूर करते है।

छोटी काशी जहां गली-गली में मंदिरों की अधिकता पाई जाती है, गंगा तट पर श्री हनुमानगढ़ी नीवलपुर, गौशाला प्राचीन मंदिर बड़े बूढे हनुमान जी महाराज आढ़तियान, मोहल्ला भोलेपुर हनुमान मंदिर, बैठेहुए हनुमान जी खतरना, संकट मोचन हनुमान रेलवे रोड, खाटू श्याम मंदिर कोठा पार्चा चिंतामणि मोहल्ला चिंता हरण हनुमान, पल्ला रेलवे रोड मठिया देवी हनुमान, पीपल वाले बालाजी, बालाजी पुरम सहित नगर के सैकड़ो मंदिरों में चैत्र पूर्णिमा पर श्री हनुमान का जन्म उत्सव प्रातः काल चोला श्रंगार के साथ मंगला दर्शन कर भक्तों ने पुजारी और महंतो ने भक्तों को मंगलमय आशीर्वाद दिया। पंडित चंद्र प्रकाश औदिच्या ने नगर के प्राचीन मंदिर बड़े बूढ़े हनुमान के प्रमुख पुजारी ने बताया कि इस कलयुग में हनुमान की भक्ति करना, उनकी उपासना करना सरल है वे सभी प्रकार के कष्टों को दूर करते हैं। मंदिर में प्रातः काल सिंदुरी चोला दर्शन एवं दिव्या श्रंगार, हवन पूजन, छप्पन भोग, कन्या भोज एवं महाआरती भंडारे के साथ मध्य रात तक कार्यक्रम चलता रहा। भंडारे की व्यवस्था अरुण औदिच्या, दीपक, हिमांशु, आलोक गौड़ , महेंद्र सिंह भदोरिया, आशीष अग्रवाल, सरल दुबे, विमलेश मिश्रा, विजय अग्रवाल, राजू टंडन ने भंडारे की व्यवस्था देखी। इसी प्रकार खड़ाई में गुरु राधा कृष्ण अखाड़े पर भी श्री रामचरितमानस का पाठ तो कहीं पर सुंदरकांड का पाठ कर हनुमान जी की उपासना करके पुण्य लाभ कमाया। देर रात तक मंदिरों में शयन आरती तक कार्यक्रम चलता रहा।


हनुमान जयंती पर हवन पूजन करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

# बाला जी महाराज जन्मोत्सव पर हवन पूजन के साथ हुआ भण्डारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** हनुमान जन्मोत्सव रेलवे रोड स्थित बाला जी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। रेलवे रोड स्थित बाला जी मंदिर में हवन पूजन के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। आचार्य द्वारा विधिवत हवन पूजन कराया गया। भक्तों ने बढ़-चढ़कर हनुमान जन्मोत्सव में उल्लास पूर्वक भाग लिया। मंदिर परिसर में हवन पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन हुआ। पूरे दिन चले भण्डारे में भक्तों ने प्रसाद छका। प्रसाद में खीर-पूड़ी, सब्जी, हलवा, चना, चावल, कोल्डड्रिंक आदि का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर केदार शाह, विमल दीक्षित, देश दीपक, बबलू राठौर, धर्मेन्द्र, मोनी मिश्रा, रवि ठाकुर, नन्हे शर्मा, राजू गुप्ता, जितेन्द्र वर्मा, फूल सिंह राजपूत, गोपाल बाथम, अंकित सक्सेना, सुरेश शर्मा, प्रांशु शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


बाला जी महाराज की पूजा अर्चना करते लोग व भण्डारे में भाग लेते भक्तगण

# पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, बच्चे हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**परिवर्तन** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल जरारी में प्रतियोगिताओं का आयोजन पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सम्पन्न हुआ। प्लास्टिक बनाम प्लानेट थीम के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ वृक्षारोपण हुआ। बच्चों ने विभिन्न गतिविधिया कर जागरुकता फैलायी। डा0 पी कुजूर द्वारा बच्चों को पृथ्वी दिवस का महत्व बताया गया एवं प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, रीयूज करने एवं साइकलिंग करने के लिए प्रेरित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में उत्तम निबंधों को पी कुजूर ने ट्राफी देकर बच्चों को पुरस्कृत किया। मोहम्मद रियाज, सलमान जोयल, शहनवाज मरियम, वैष्णवी एवं आयशा ने उत्कृष्ट निबंध लिखे। चित्रकला प्रतियोगिता में बीबी जैनव, अलीजा, शिमाइला, आयत गौसिया, अनमता, मलिका, सैय्यदा, शुगरा, रियाज, मरियम एवं वैष्णवी ने उत्कृष्ट चित्रकारी कर ट्राफी जीती व प्रमाण पत्र प्राप्त किये। साथ ही सचिव पी कुजूर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। अपने गृह पृथ्वी को साफ सुरक्षित व हरा-भरा रखने के लिए संदेश दिया गया। संचालन सपना ने किया। इस अवसर पर गीतांजलि, नंदनी, दीक्षा, अतीन, कुमकुम, कीरत, देवेन्द्र जायसवाल, सानू, रजत दयाल, जीवा लाल आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में सम्मानित होते बच्चे व मौजूद शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

# संजय चावला सहित दो दर्जन सपाई भाजपा में हुए शामिल

▸ जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर को मंच पर मिली तरजीह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सांसद मुकेश** राजपूत की नामांकन सभा में भाग लेने आये प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंच पर बैठे सभी नेताओं को तरजीह दी।साथ ही जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर को भी मंच पर बैठने का मौका मिला। केशव प्रसाद की सभा में सपा छोड़कर आये लोग शामिल हुए। अधिवक्ता व सपा नेता संजय चावला के साथ दो दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। सिंधी महासभा के पूर्व अध्यक्ष व सपा के पूर्व नगर कोषाध्यक्ष संजय चावला ने गुरुगांव देवी मंदिर स्थित केशव प्रसाद मौर्य की सभा में सपा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। उनके साथ रजीपुर निवासी अनुराग तिवारी, अतुल चौहान, नरेन्द्र विक्रम सिंह, अंशुमान सिंह, ईश्वरदास शिवानी, विनय चावला, सुनील तिवारी, मनोज बाथम, दयाशंकर वर्मा, उमेश वर्मा, हेमंत शिवानी, बृजेश कुमार बाल्मीकि, कमल यादव, सचिन मिश्रा, सुभाष पाल, सतेन्द्र यादव, चरनजीत कोहली, उदय भान सिंह, रिषव सक्सेना, कुलदीप ग्रोवर, शशांक पटवा, सुबोध वर्मा, सुधांशु श्रीवास्तव ने नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## खबरें एक नजर में

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे तालाब में एक युवक का शव उतराता मिला। जिससे लोगों की मौके पर भीड़ एकत्रित हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के सातनपुर आलू मंडी रोड पर सेंट्रल जेल चौराहे के निकट कटियार कोल्ड के सामने सड़क किनारे भरे पानी में युवक की लाश उतराती हुई मिली थी। शव को कुटरा निवासी अजय कटियार ने देखा और 112 पुलिस को सूचना दी। सातनपुर निवासी आकाश पुत्र यशपाल ने शव की शिनाख्त पवन प्रताप पुत्र राजबहादुर निवासी सिविल लाइन एलडीएम ऑफिस के निकट फतेहगढ़ के रूप में की। सूचना पर थानाध्यक्ष कादरी गेट अवध नारायण पाण्डेय, कोतवाल फतेहगढ़ हरीश्याम, आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह, फील्ड यूनिट मौके पर पंहुची। भतीजे आकाश ने बताया की पवन की सातनपुर आलू मंडी में आढ़त थी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक पवन प्रताप बीते सोमवार शाम से लापता था। इस संबध में उनके पुत्र अंशुमान उर्फ टीटू ने कोतवाली फतेहगढ़ को तहरीर दी। मृतक की पत्नी यशोधरा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर लोहिया अस्पताल में रखा दिया। कोतवाल फतेहगढ़ हरीश्याम ने बताया की मृतक की गुमशुदगी दर्ज हुई है। जांच की जा रही है। शव का पोस्ट मार्टम कराया जायेगा।

### विभिन्न थानों में पंजीकृत किये गये मुकदमे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने अभियुक्तगण सुखवीर पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम नगला मघार पोस्ट कुरार थाना मेरापुर व अन्य साथी नाम पता अज्ञात द्वारा वादी की बहन ममता उम्र लगभग 35 वर्ष को उसके पति अभियुक्त सुखवीर व अन्य अज्ञात साथी द्वारा मारपीट कर गोली मारकर घायल कर देना व सीएचसी मोहम्मदाबाद ले जाने पर डॉक्टर द्वारा वादी की बहन ममता को मृत घोषित कर देने के सम्बन्ध में वादी कुलदीप पाल पुत्र महेश सिंह निवासी रामदत्त नगर कोतवाली मोहम्मदाबाद की सूचना पर मु0अ0सं0. 83/24 धारा-302 भादवि में मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना मेरापुर पुलिस ने अभियुक्तगण राम खिलाड़ी पुत्र प्रताप सिंह निवासी नौली थाना मेरापुर आदि 04 नफर द्वारा वादिया के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में वादिया की सूचना पर मु0अ0सं0. 46/24 धारा-504/506 भादवि में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### परचून की दुकान से हजारों का सामान चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात दुकान बंदकर घर चले गए परचून विक्रेता की दुकान से अज्ञात चोरों ने सामान चोरी कर लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज तिराहा निवासी रामजी राठौर पुत्र मेघनाथ राठौर ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीड़ित की परचून की दुकान कस्बे के तिराहे पर स्थित है। जहां से वह बीती रात दुकान बंद कर अपने घर में चले गए, तभी रात में किसी समय दुकानदार के बताएं अनुसार उनकी दुकान से तीन गत्ता पेप्सी, तीन बोरी गेहूं तथा डेढ़ कुंटल दुकान में भरा कबाड़ का सामान अज्ञात चोर चुरा ले गए। जब पीड़ित सुबह दुकान पर पहुंचा तो दुकान की स्थिति देख पीड़ित के कुछ समझ नहीं आया। आसपास के दुकानदारों को बुलाया और मामले की खोज भी नहीं की, लेकिन कोई अतापता न चलने पर थाने पर आया और थाना पुलिस को अपनी परचून की दुकान से हुई चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। थाने पर पुलिस न होने के कारण पुलिस घटनास्थल पर निरीक्षण नहीं कर सकी, क्योंकि थाना पुलिस वीआईपी ड्यूटी में लगी हुई थी। इस वजह से पीड़ित को तुरंत मदद नहीं मिल सकी, लेकिन फिर भी पीड़ित को न्याय दिलाने की पुलिस ने बात कही।

### मारपीट में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दूसरी पत्नी के बच्चों ने वृद्धा को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हरदेवी उम्र 60 वर्ष पत्नी स्व0 राम लड़ैते लाल निवासी तलैया मोहल्ला कादरी गेट अपने पुत्र लालजी, संजय व राजीव के साथ रहती थी। संजय बाहर रहता है। पुत्र राजीव ने बताया कि पिता ने मां से शादी करने के बाद गीता उर्फ अन्नपूर्णा नामक महिला से प्रेम विवाह कर लिया था। जिससे उससे रिक्की उर्फ सारिका, सुरभि, नीलम, राहुल आदि बच्चे हैं। बीती 7 अप्रैल को कहासुनी हो गई थी। इन सभी लोगों ने मां को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। तब से उनका प्राईवेट इलाज चल रहा था। कई बार थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कल रात मां की मौत हो गयी।

### सीने में दर्द होने पर सीएचसी में लेकर पहुंचे युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हरिनंदन सिंह उम्र 38 पुत्र स्व0 गुरु बक्स निवासी हमीरपुर राजेपुर खेतीबाड़ी का कार्य करता था। कल शाम वह मूंगफली की फसल में पानी लगा रहा था, तभी उसके सीने में अचानक दर्द होने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषितकर दिया। युवक की मौत पर पत्नी मालती देवी व पुत्र जितेंद्र का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सम्मान पाकर मेधावियों के खिल उठे चेहरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज का हाईस्कूल व इंटर मीडिएट परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी द्वारा मेधावी छात्र को सम्मानित किया गया। आधा दर्जन छात्र को प्रधानाचार्य ने मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी। उन्होंने मेधावी छात्र को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी गौरव होते है। छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि कक्षा- 6 से 12 तक के प्रवेश प्रारम्भ है। विद्यालय में सभी संसाधन उपलब्ध होने के साथ ही आयोग से चयनित शिक्षक व स्टाफ अपने दायित्वों का निर्वाह्न कर रहा है। सभी ने मेधावी छात्र को बधाई दी। इस अवसर पर छात्र हरिओम, अभिषेक बाथम, शैलेश बाथम, सुरजीत, शोभित, शहजाद, अंकित कश्यप, विशाल, हिमांशु, सुखदेव राजपूत, अजय शाक्य, आशीष, तैजीब आदि लोग मौजूद रहे। शिक्षक चन्द्रपाल, सतेन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र, संतोष कुमार सरोज, संदीप कुमार, विवेक कुमार मिश्रा, अवनीश कुमार, यशपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।


विद्यालय में सम्मानित होते छात्र

# सिटी गर्ल्स इं.का. में मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सिटी गर्ल्स** इण्टर कॉलेज में मेघावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने कहां कि हमारे यहां केवल कला संवर्ग है, परन्तु हमारी छात्राओं ने कला के विषय में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है तथा कला संवर्ग की छात्रा अलफिया खान ने इंटरमीडिएट 2024 की परीक्षा में 85.8 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्शा खान ने 80.6 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भावना ने 79 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इकरा मेहरान, राशिका नाज, इरम बानो, अरफी अन्सारी 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में मेहर, दीक्षा पाल, कशिश राठौर, रेविका डेविड, सामना, शिवानी दिवाकर ने 78 प्रतिशत से 75 प्रतिशत अंक तक प्राप्त किये। सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया तथा भविष्य में और भी उत्तम प्रदर्शन रहेगा ऐसा विश्वास दिलाया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा सम्मान करते हुये कक्षा-10 एवं कक्षा-12 के सत्र 2024-25 की छात्राओं से कहां कि यदि वे सतत प्रयास करेंगी तो और भी अच्छा प्रदर्शन भविष्य में कर पायेंगी।


मेधावी छात्राओं के साथ प्रधानाचार्या व अन्य शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

# अच्छे अंक लाने वाली छात्राओं पर हमें नाज: प्रधानाचार्या


मेधावी छात्राओं के साथ प्रधानाचार्या व अन्य — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ छात्राओं का हुआ सम्मान

**स्वामी रामानंद** बालिका इंटर कॉलेज रेलवे रोड में कक्षा 12 की छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या रीता दुबे ने कहा कि अच्छे अंक लाने वाली छात्राओं पर हमें नाज है। उन्होंने विद्यालय का नाम रोशन किया है। वह ऐसे ही आगे बढ़े और देश में अपना नाम रोशन करें। विद्यालय का परीक्षा फल 97.09 प्रतिशत रहा। पायल पाल ने 83.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। याशिका 81.6 अंक लाकर द्वितीय स्थान पर प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर अंबिका रही, जिनका प्रतिशत 79.4 रहा। प्रधानाचार्या रीता दुबे व विद्यालय प्रबंधक पत्नी शिखा अग्निहोत्री ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं दीपावली कुमार, फरहाना हाशमी, साधना राठौर, बबली पाल, संतोष कुमारी व विद्यालय के समस्त कार्यालय स्टाफ ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# गंगापार महात्मा गांधी इं.का. के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर टॉपटेन सूची में दर्ज कराया नाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगापार महात्मा** गांधी इंटर कालेज राजेपुर में यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणा में विद्यालय टॉपटेन सूची में आये छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। विद्यालय की टॉपटेन सूची में 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कु0 रिया देवी ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनके पिता अरविन्द कुमार ने कहा कि बेटी ने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन कर हमें गर्व से ऊंचा कर दिया है। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने कहा कि इस तरह की परीक्षा में सफलता लाने वाले छात्र बधाई के पात्र है। छात्रा सुहानी सिंह को 87.8, छात्र सुमित सक्सेना 92.60 व छात्र रोहित 91.66, छात्र राज 91.50 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टापर बनें। प्रधानाचार्य ने सभी को बधाई दी और सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वीरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, सुधीर पाल, प्रदीप सिंह, शिवराज सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रामानन्द, देवेन्द्र कुमार, दीपक शर्मा, ऋषिकांत अग्निहोत्री ने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी।


शिक्षकों के साथ विद्यालय में मौजूद मेधावी छात्र-छात्रायें

# आरपी इं.का. में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 20 अप्रैल को जारी किया गया था। आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज का इंटरमीडिएट का 91.7 प्रतिशत परीक्षा परिणाम तथा हाईस्कूल का 89.56 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। कॉलेज में सर्वाधिक अंक इंटरमीडिएट में साधना राजपूत ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं छात्र चंद्रशेखर ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रा सृष्टि वर्मा ने 87.5 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह तथा समस्त अध्यापकों ने बच्चों को अधिक अंक लाने पर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# जनता राष्ट्रीय इं.का. में मतदाता जागरुकता के तहत दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा सहायक नोडल अधिकारी स्वीप जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के आदेशानुसार मंगलवार को जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ0 विनीत कुमार चौहान की अध्यक्षता में चुनाव चौपाल तथा मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब जहां जिस मोहल्ले या गली में रहते हैं। वहां घर-घर जाकर लोगों से मतदान करने की अपील करें। आने वाली 13 मई को अधिक से अधिक मतदान के रूप में हमारा राष्ट्र प्रेम दिखाना चाहिए। यदि एक-एक व्यक्ति 10-10 मतदाताओं से वोट कराने की जिम्मेदारी उठाएं तो निश्चित रूप से जनपद में शत प्रतिशत मतदान होगा। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने कहा कि हम सब मिलकर राष्ट्रहित में स्वयं जागरूक हों व औरों को जागरूक करें, क्योंकि मतदान हमारा गर्व है। साथ ही भारती मिश्रा ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनीत सिंह, नीरज कुमार, विशेष कुमार, कृष्ण स्वरूप, सुनील कुमार पाल, अनुज कुमार, अजय कुमार, बादल सिंह, सुबोध कुमार, डॉ0 सीता सिंह, उपासना, अश्विनी कुमार, उदितार्थ शर्मा, राजा बाबू, सचिन, शोभितए देविका, वंदना, हरिओम, सबीना, तान्या, अभिषेक, अमन, दर्शित, अलका, मोहिनी, देवेश, अनमोल, रोहित, रवि, सनी, मोहित, राजू, कविता आदि मौजूद रहे।


मतदाता जागरुकता की शपथ लेते छात्र — समृद्धि न्यूज

# समाज व देश के लिए की जानी चाहिए राजनीति

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से मांगा जनसमर्थन

**भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं, दिलाएं जीत**

एजेंसी



**खूंटी (झारखंड)।** राज्य के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अर्जुन मुंडा ने खूंटी के कचहरी चौक से रोड शो किया। इस दौरान गाड़ी पर उनकी पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी उपस्थित थे। रोड शो के बाद पतरा मैदान में भाजपा की जनसभा हुई।

जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केंद्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है। राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिंदुस्तान की जनता के लिए समर्पित है। 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाला कोई नेता अपने जीवन में देखा है, तो नरेन्द्र मोदी भाई को देखा होगा।

### किसी देश में वह काम नहीं हुआ जो हमारी सरकार ने किया

राजनाथ ने कहा कि देश में बिरसा मुंडा का योगदान सभी को पता है। भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार किसी ने सम्मान दिया है तो हमारी सरकार ने दिया है। मैं मानता हूं कि वह गौरव के प्रतीक हैं। तिलका मांझी, फूलों झाने, चांद भैरव, टाना भगत इन सबको सम्मान मिला। हमारी सरकार समाज की अंतिम सीढ़ी पर बैठे लोगों को सम्मान दे रही है। आदिवासी कल्याण मंत्रालय भी देश में अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया है। इसका बजट छह गुना बढ़ा दिया गया है। ऐसे हजारों गांव हैं, जिन्हें कोई पूछता नहीं था। इन पिछड़ों की किसी ने नहीं सुनी लेकिन पहली बार 36 हजार गांवों तक सरकारी योजनाएं पहुंचीं। दुनिया के किसी देश में वह काम नहीं हो पाया जो हमारी सरकार ने किया है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने कहा कि भारत ने करिश्मा कर दिया।

### तीन साल बाद अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान होगा

रक्षा मंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था पर कहा कि जब 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने तो भारत 11वें स्थान पर था। प्रधानमंत्री मोदी ने सात वर्षों में भारत को दुनिया के पांच देशों में लाकर खड़ा कर दिया। विश्व के अर्थशास्त्री दावा कर रहे हैं कि दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत है। आज से तीन साल बाद भारत दुनिया के तीन देशों में आकर खड़ा हो जाएगा। अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान होगा।

# बिहार की प्रगति को न दें रुकने, एनडीए के उम्मीदवारों का करें समर्थन : नीतिश कुमार

**नरेंद्र मोदी दोबारा पीएम बनेंगे, देश आगे बढ़ेगा, बिहार आगे बढ़ेगा**

एजेंसी



**पटना।** बिहार के 74 वर्षीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्य के लोगों से राज्य में लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों को समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि राज्य की प्रगति और समृद्धि की यात्रा रुके या उलटे नहीं।

कुमार ने कहा कि जब उन्होंने 2005 में मुख्यमंत्री का पद संभाला था तब राज्य दयनीय स्थिति में था और उन्होंने राज्य की कई समस्याओं को ठीक करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। कटिहार से जेडीयू प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में एक चुनावी रैली में बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं आपसे वोट मांगने आया हूं मैं चाहता हूं कि हम 40 सीटें जीतें और हम देश में 400 सीटें जीतेंगे। नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़ेगा, बिहार आगे बढ़ेगा।

लालू यादव और उनके परिवार पर हमला करते हुए नीतीश ने कहा कि बाकी लोगों ने आज तक कोई काम नहीं किया। वे केवल पैसा कमाने में व्यस्त रहेंगे। वे अपने परिवार को बढ़ाने में व्यस्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप सब जानते हैं कि मैंने प्रदेश को निराशा की स्थिति से बाहर निकालकर परिवर्तन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। बिहार ने अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा वापस पा ली और इसके लोगों को सड़क, निर्बाध बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलीं जिनके वे हकदार थे लेकिन उन्हें वंचित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने राज्य में बेरोजगारी कम करने के लिए अपने प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों पर भी जोर दिया और कहा कि यह राज्य के 7 संकल्प कार्यक्रम का हिस्सा है, जो भविष्य में नौकरियां प्रदान करना जारी रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने सरकार के प्रमुख कार्यक्रम 6 संकल्प (भाग-2) के तहत 10 लाख नौकरियों और 10 लाख रोजगार के अवसरों की घोषणा की थी।

# भोपाल में पीएम मोदी का रोड शो आज, चप्पा-चप्पा होगा भगवामय

एजेंसी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल बुधवार को भोपाल में रोड-शो में शामिल होकर जनता का अभिवादन करेंगे। यह रोड-शो करीब एक किलोमीटर का होगा और रोड-शो के दौरान लगभग 200 मंच स्थलों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह जानकारी मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल में होने वाले रोड शो को लेकर बंसल वन स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए दी। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर क्षेत्रीय जनता का अभिवादन करते हुए मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक पहुंचेंगे। भोपाल को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा और यात्रा मार्ग में विभिन्न समाज वर्ग की महिलाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आरती उतारेंगी एवं आम जनता पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत करेगी। प्रधानमंत्री का यात्रा मार्ग में संत समाज, सामाजिक, व्यापारिक सहित विभिन्न समाज के नागरिकों द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया जाएगा। यात्रा में लोकनृत्यों की झलक के साथ कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे।

इस दौरान ढोल नगाड़े, बैंड, लेजर बीम सहित अन्य वाद्ययंत्रों के माध्यम से कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। रोड शो के दौरान राजधानी भोपाल भगवामय रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यह प्रदेश की जनता का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्यप्रदेश के प्रति हमेशा प्रेम रहा है और वह लोकसभा चुनाव के दौरान पांचवी बार 24 अप्रैल को प्रदेश की भूमि पर जनता का अभिवादन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में आने का सर्वाधिक रिकॉर्ड भी बना लिया है।

## बिकाऊ विधायक धनबल से नहीं जीत सकते उपचुनाव : कांग्रेस

**हमीरपुर।** तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं बड़सर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के प्रभारी राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिकाऊ विधायक धनबल से उपचुनाव में जीत दर्ज नहीं कर पाएंगे। जनबल के आगे धनबल नहीं चलेगा। खनन माफिया पर शिकंजा कसने से बिकाऊ विधायक तिलमिला गए थे। उनके तार भी माफिया से जुड़े थे, धीरे-धीरे सारी पोल खुल रही है। इन्होंने भाजपा के साथ डील करने के बाद ही सरकार को गिराने की साजिश रची। बिकाऊ विधायकों के क्षेत्रों में विकास कार्य जोरशोर से चल रहे हैं। धर्माणी ने मंगलवार को कहा कि सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़, गगरेट, धर्मशाला और लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्रों में 300 से 400 करोड़ के कार्य हुए हैं। सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा तो विकास कार्यों के लिए कभी मुख्यमंत्री के पास गए ही नहीं, उनका अहंकार आड़े आ जाता था। सुजानपुर का विकास कांग्रेस की देन है, भाजपा ने वहां कुछ नहीं किया है।

# स्कूल भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई को केस चलाने की मंजूरी देने न देने पर मुख्य सचिव को फटकार

एजेंसी



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव को स्कूल भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई को मुकदमा चलाने की मंजूरी देने न देने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर 2 मई तक निर्णय नहीं लिया जाएगा, तो कोर्ट की ओर से आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को स्कूल भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई को मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का फैसला न करने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर 2 मई तक सीबीआई को मंजूरी देने के मामले पर निर्णय नहीं लिया गया, तो कोर्ट की ओर से आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। इस मामले में 23,753 नौकरियां रद्द करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद इन सभी शिक्षकों को चार हफ्ते में वेतन भी वापस करना होगा।

इन सभी टीचर्स को ब्याज के साथ ये वापस लौटाना होगा। वहीं मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट ने 2016 के स्कूल नौकरी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए 23 अप्रैल तक का समय दिया था। लेकिन मुख्य सचिव ने अब तक इस आदेश का पालन नहीं किया। इस बात से नाराज हाईकोर्ट ने कहा अगली बार यदि मुख्य सचिव ने अदालत के आदेश का पालन नहीं किया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इस घोटाले में पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री पार्थ चटर्जी, पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के पूर्व सचिव अशोक साहा, पूर्व एसएससी अध्यक्ष सुबीरस भट्टाचार्य और एसएससी की सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष शांति प्रसाद सिन्हा को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी का सीबीआई का आवेदन 2022 से लंबित है। न्यायमूर्ति गौरांग कंठ ने कहा कि निर्णय लेते समय आरोपी व्यक्तियों की स्थिति, अधिकार या शक्ति से डरना नहीं चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### खेलते-खेलते पानी की टंकी में गिरा मासूम, डूबने से मौत

**महोबा।** दो वर्षीय मासूम घर में खेलते-खेलते अचानक पानी से भरी टंकी में गिर गया और फिर नहीं निकल पाया। पानी में डूबे देख मासूम को परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। जनपद के कुलपहाड़ कस्बा के टौरियापुरा निवासी बलवन्त रैकवार अपने घर पर ही पानीपुरी बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। घर में पत्नी सीमा व उसकी दो संतान बेटा 2 वर्षीय वंश और 8 माह की बेटी अराधना थे। दो वर्षीय वंश घर में खेल रहा था। तभी खेलते-खेलते अचानक घर के अंदर रखी पानी से भरी स्टील की टंकी में बच्चा गिर गया। जब बच्चे की आवाज नहीं सुनाई दी तो परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। आनन फानन में मासूम को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया।

### छह करोड़ का डोडा लोड ट्रक जब्त, आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा लदा ट्रक आ रहा है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में नामकुम थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, ओपी प्रभारी खरसीदाग और क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुवांगहातु स्कूल के पास वाहन चेकिंग लगाकर ट्रक (एचआर 62-7267) को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर डोडा से भरे हुए 158 प्लास्टिक बोरे मिले। वाहन चालक सह मालिक हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। चालक हरपाल सिंह ने पूछताछ में बताया कि डोडा को खूंटी के ग्रामीण क्षेत्रों से लोड कर रांची होते हुए जोधपुर (राजस्थान) ले जाया जा रहा था। मामले में अनुसंधान जारी है। पूछताछ के क्रम में पता चला कि गिरफ्तार हरपाल सिंह राजस्थान अफीम तस्करों के सम्पर्क में रहकर अवैध व्यापार करता है।

### एयर इंडिया ने ऑल निप्पॉन एयरवेज से किया समझौता

**नई दिल्ली।** हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब भारत से जापान जाना और आसान हो जाएगा। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) के साथ कोडशेयर साझेदारी की है। इस समझौते के बाद यात्रियों को कई सारे फ्लाइट के ऑप्शन मिल सकेंगे। यह कोडशेयर समझौता 23 मई से प्रभावी होगा। एयर इंडिया ने मंगलवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि हमारे नवीनतम कोडशेयर पार्टनर की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस समझौते के लागू होने के बाद एयर इंडिया और ऑल निप्पॉन एयरवेज के यात्री एक ही टिकट के साथ भारत-जापान के बीच वांछित गंतव्य के लिए उड़ान भर सकते हैं। एयरलाइन ने कहा कि हम आपको भारत और जापान के बीच और भी अधिक सुविधाजनक कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। यदि आप फ्लाइंग रिटर्न्स गोल्ड या प्लेटिनम के सदस्य हैं, तो यह आपको दोनों एयरलाइनों पर प्रीमियम सेवाओं का आनंद लेने की सुविधा भी देता है। इस समझौते के तहत दोनों एयरलाइनों की फ्लाइटों को एक ही टिकट में कवर किया जा सकेगा।

### जेडएन व वीएन के लॉन्च के साथ प्रोवॉच ने मचाया धमाल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लावा इंटरनेशनल के सब-ब्रांड, प्रोवॉच ने आज स्मार्टवॉच के दो बेहतरीन मॉडल प्रोवॉच जेडएन और प्रोवॉच वीएन लॉन्च के साथ बड़े गर्व से स्मार्टवॉच क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। अपने बेहतर फीचर्स और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ, प्रोवॉच जेडएन अब स्मार्टवॉच उद्योग में एक नई मिसाल कायम करने के लिए तैयार है। इस सेगमेंट में पहली बार CORNING GORILLA ग्लास थ्री उसकी सुरक्षा के साथ-साथ लगातार हार्ट-रेट की निगरानी के लिए अव्वल दर्जे की सटीकता वाले पीपीजी सेंसर से सुसज्जित यह स्मार्टवॉच इंजीनियरिंग का एक करिश्मा है, जिसे उपयोगकर्ताओं को सेहतमंद लाइफस्टाइल को अपनाने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। केवल 2,599 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध प्रोवॉच जेडएन कई तरह के एडवांस्ड फीचर्स की पेशकश करता है, जिसमें वास्तव में घूमने वाले क्राउन के साथ बेहद आकर्षक गोलाकार डायल, 466*466 के रिज़ॉल्यूशन के साथ 1.43-इंच का बेमिसाल AAMOLED डिस्प्ले, हेल्थ ट्रैकिंग की ढेर सारी सुविधाएँ, 110 से ज्यादा स्पोर्ट्स मोड की एक बड़ी श्रृंखला, कस्टमाइज करने योग्य 150 वॉच फ़ेस, सहज स्मार्ट नोटिफिकेशन, लगातार उपयोग के लिए तेज़ चार्जिंग, तथा हर दिन पहनने के लिए बेहद मजबूत व टिकाऊ मैटेलिक बिल्ड शामिल हैं।

# भारत-आसियान के बीच अधिक सहयोग व समन्वय की आवश्यकता : एस जयशंकर

**विदेश मंत्री ने आसियान फ्यूचर फोरम को किया संबोधित**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि दुनिया धीरे-धीरे एक बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व की ओर बढ़ रही है। ऐसे में उभरती विश्व व्यवस्था में आसियान और भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। यह इस बात को भी रेखांकित करती है कि भारत और आसियान के बीच अधिक सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने प्रथम आसियान फ्यूचर फोरम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने वियतनाम के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि क्वाड नेता आसियान केंद्रीयता और एकता को अटूट समर्थन देते हैं। हमारा मानना है कि क्वाड इन्फ्रास्ट्रक्चर और एसटीईएम छात्रवृत्ति जैसे जनकेंद्रित लाभों के वितरण से क्षेत्र को समृद्ध मिलेगी। हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि ग्लोबल साउथ अपना दृष्टिकोण पेश करे और अंतरराष्ट्रीय मामलों में बड़ी भूमिका निभाए। पिछले साल जी20 अध्यक्ष के रूप में हमने कई आसियान सदस्य देशों की भागीदारी के साथ वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आयोजित किया था।

विदेश मंत्री ने कहा कि आसियान हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी के केंद्र में है और भारत की व्यापक इंडो-पैसिफिक दृष्टि में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हम आसियान एकता, केंद्रीयता और इंडो-पैसिफिक पर आसियान आउटलुक का समर्थन करते हैं। भारत का मानना है कि एक मजबूत और एकीकृत आसियान हिंद-प्रशांत की उभरती क्षेत्रीय व्यवस्था में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण पूर्व एशिया में मैत्री और सहयोग की संधि को स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था, जो क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता बनाए रखने के प्रति हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। यह महत्वपूर्ण है कि नौवहन और हवाई उड़ान की स्वतंत्रता और निर्बाध वाणिज्य का सम्मान किया जाए और उसे सुगम बनाया जाए। समुद्र के कानूनों पर 1982 का संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रदान करता है और समुद्र के संविधान के रूप में कार्य करता है जिसके भीतर महासागरों और समुद्रों में सभी गतिविधियां की जानी चाहिए।

## अविस्मरणीय है इतिहास व पुरातत्व के क्षेत्र में डॉ. यशवंत के कार्य : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के डॉ. यशवंत सिंह को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मध्य हिमालयी क्षेत्र के इतिहास, पुरातत्व, कला और वास्तुकला के क्षेत्र में डॉ. यशवंत के कार्य अविस्मरणीय हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. यशवंत सिंह के जीवन और कार्यों की लंबी कहानी है। डॉ. यशवंत को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में पद्मश्री से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. यशवंत सिंह कठोच एक प्रसिद्ध विद्वान हैं, जिन्होंने मध्य हिमालयी क्षेत्र के इतिहास, पुरातत्व, कला और वास्तुशिल्प पर अग्रणी कार्य किया है। 89 वर्ष की उम्र होने के बावजूद डॉ. कठोच अपने क्षेत्र में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। वह वर्तमान में अपने नवीनतम कार्य मध्य हिमालय का शिलालेख लिखने में लगे हुए हैं।

# रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की घोषणा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** तकनीकी शिक्षा में अग्रणी कॉलेज के संस्थापक ई0 पंकज अग्रवाल ने ग्रुप के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति 2024 (24, 25, 26 अप्रैल 2024) के आगाज की घोषणा की। उद्घाटन सत्र का प्रारंभ 24/04/24 को सांय 4 बजे होगा। जिसमें न केवल लखनऊ वरन् प्रदेश के कई जिलों के कालेजों के छात्र छात्राओं द्वारा भी प्रतिभाग लिया जाना निश्चित है।

संस्थापक इं0 पंकज अग्रवाल ने कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान ने सर्वोच्च वरीयता प्राप्त नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन द्वारा विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में (कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रानिस एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग) में एकेडीटेशन प्राप्त किया हैं। जिससे भविष्य में संस्थान के सभी उत्तीर्ण छात्रों को एनबीए एक्रेडीटेड संस्थान द्वारा स्नातक होने का सौभाग्य प्राप्त होगा जोकि उन्हें भविष्य में अपनी विशेष पहचान बनाने में सहायक सिद्ध होगा। संस्थान के निदेशक प्रो. भावेश कुमार चौहान ने वार्षिकोत्सव पर होने वाले टेक्नीकल फेस्ट गन्तव्य-2024 के इवेन्ट्स जैसे क्लैश राइजर, ब्लेजिंग बाल, रोबोटिक्स इत्यादि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान प्रत्येक छात्र द्वारा परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप में सहभागिता सुनिश्चित हैं। मीडिया संयोजक डा0 बाबी डब्लू लायल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य आर्कषण छात्र छात्राओं द्वारा अभिनीत व आयोजित फैशन शो 24 अप्रैल 2024 की शाम में स्टेज के कार्यक्रमों में चार चाँद बिखेरेगा। मुख्य संयोजनकर्ता ई0 मयंक कुमार ने वार्षिकोत्सव की रूप रेखा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये बताया कि इस वार्षिकोत्सव की मुख्य थीम दिल से देसी रखी गयी हैं जो कि आज के समय में कालेज की जीवन शैली का विस्तृत वर्णन में आलेख करेगी।

# खराब मौसम के कारण सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का मेरठ दौरा रद्द

समृद्धि न्यूज



**मेरठ।** बागपत लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत हर्रा गांव में आयोजित जनसभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव नहीं पहुंच पाए। इसका कारण खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर का उड़ान नहीं भर पाना बताया जा रहा है। जबकि चर्चा यह है कि जनसभा में अपेक्षित भीड़ नहीं जुटने के कारण अखिलेश यादव का दौरा रद्द किया गया। बागपत लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मेरठ की सिवालखास विधानसभा के हर्रा गांव में आयोजित जनसभा में मंगलवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पहुंचना था।

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह जनसभा में पहुंचे और उन्होंने भाजपा व रालोद पर प्रहार करते हुए बागपत से सपा-कांग्रेस उम्मीदवार अमरपाल शर्मा को चुनाव जिताने की अपील की। जनसभा में आए लोग लगातार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आने का इंतजार कर रहे थे। तीन घंटे इंतजार के बाद भी अखिलेश यादव नहीं पहुंचे तो लोग जनसभा से उठकर जाने लगे। इसके बाद अखिलेश यादव के नहीं पहुंचने की घोषणा की गई। इसका कारण खराब मौसम के कारण अखिलेश यादव के हेलीकॉप्टर का उड़ान नहीं भरना बताया गया। चर्चा है कि जनसभा में अपेक्षित भीड़ नहीं जुटने से नाराज अखिलेश यादव ने यह दौरा रद्द किया है। इससे पहले मेरठ में हापुड़ रोड पर हाजीपुर गांव में हुई जनसभा में भी अपेक्षित भीड़ नहीं जुट पाई थी।

## हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर नो पार्किंग में खड़े 73 वाहनों के चालान

**नैनीताल।** नैनीताल की जिलाधिकारी ने जनपद के हल्द्वानी एवं नैनीताल में चिन्हित नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग को कार्रवाई करने के आदेश दिये गए। इस पर परिवहन विभाग ने हल्द्वानी नगर एवं नैनीताल नगर में सघन प्रवर्तन कार्यवाही की गयी एवं कुल 73 वाहनों के चालान किये। परिवहन विभाग की ओर से बताया गया है कि सभी प्रवर्तन दलों को लगातार नो पार्किंग जोन में प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत सड़क किनारे खड़े सभी स्कूल बसों, रोडवेज सहित अन्य बसों एवं भार वाहनों को तत्काल सड़क से हटाकर निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क करने को कहा गया है। अन्यथा डीएम के निर्देशों के क्रम में ऐसे वाहनों के विरुद्ध अधिकतम जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

# चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर कवायद तेज




समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने विभागीय स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करने और यात्रा के सुगम संचालन को लेकर कवायद तेज कर दी है।

चारधाम यात्रा को लेकर 30 अप्रैल को एनडीएमए की ओर से प्रस्तावित टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज को लेकर मंगलवार को ओरिएंटेशन और को-आर्डिनेशन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन कांफ्रेंस में यात्रा मार्ग स्थित जिलों के जिलाधिकारी और आर्मी, आईटीबीपी के साथ 28 विभागों के 200 से अधिक अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कांफ्रेंस में एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

**30 अप्रैल को टेबल टॉप एक्सरसाइज तो दो मई को होगा मॉक एक्सरसाइज**

साथ ही 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज के उद्देश्यों के बारे में बताया। मेजर जनरल सुधीर बहल ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन में आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, भारतीय सेना, आईटीबीपी, पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, लोक निर्माण विभाग, जीएमवीएन, वन, पर्यटन, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, देवस्थानम् बोर्ड आदि विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

किसी आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच बेहतर सामंजस्य हो। इसी उद्देश्य से टेबल टॉप एक्सरसाइज और मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह एक्सरसाइज यात्रा मार्ग के सभी जिलों में होगी। खराब मौसम, बाढ़ तथा भूस्खलन, भूकंप, अग्निकांड, हिमस्खलन, बर्फबारी, भारी वर्षा, हेलीकॉप्टर तथा रोड एक्सीडेंट, भगदड़ आदि आपदाओं के दौरान विभिन्न विभाग किसी तरह से राहत और बचाव के कार्य करेंगे। इसकी तैयारी को मॉक एक्सरसाइज कर परखा जाएगा। यदि कहीं कोई तकनीकी या अन्य दिक्कत आएगी तो उसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

### आपातकालीन स्थिति में महत्वपूर्ण होगी आईआरएस की भूमिका

एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार ने कहा कि इस एक्सरसाइज से यह जानना और समझना आसान हो जाएगा कि विभिन्न स्तरों पर सर्च एंड रेस्क्यू का प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, आर्मी तथा पुलिस बल की तैनाती, मौसम की निगरानी तथा चेतावनी, रिलीफ कैंपों की स्थिति, राहत और बचाव कार्य, भीड़ तथा ट्रैफिक प्रबंधन, संचार साधनों की वास्तविक स्थिति तथा विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय कैसा है। उन्होंने किसी भी आपातकालीन स्थिति में आईआरएस यानी इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम की भूमिका के बारे में बताया। सभी विभागों को संसाधनों की मैपिंग करने के लिए भी कहा। इस दौरान आपदा प्रबंधन और यूएसडीएमए के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन यूएसडीएमए आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी परिचालन यूएसडीएमए व डीआईजी राजकुमार नेगी, संयुक्त सचिव आपदा प्रबंधन विक्रम सिंह यादव, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, अधिशासी निदेशक यूएसडीएमए डॉ. पीयूष रौतेला आदि थे।